# राजस्थान पत्रिका

**अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस**



**युवा बदलेंगे दुनिया की दिशा**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने **17 दिसंबर, 1999 को प्रस्ताव पारित** किया।

**इस साल की थीम**
'क्लिक से प्रगति तक... सतत विकास के लिए युवा डिजिटल मार्ग'



**उद्देश्य**
युवाओं की भूमिका व योगदान को पहचान कर प्रोत्साहित करना, उनसे मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना, युवा विकास के अनुकूल वातावरण तैयार करना।

**24 फीसदी** दुनिया में युवा आबादी (10-24 वर्ष)
**42 करोड़** भारत में युवा आबादी (29 प्रतिशत)
भारत का अपना राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को, स्वामी विवेकानंद जयंती पर
**पहली बार मनाया 12 अगस्त 2000**

---

परीक्षण उड़ान

## गुना में टू सीटर एयरक्राफ्ट क्रैश, 2 पायलट घायल



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के गुना जिले में रविवार को एयर स्ट्रिप पर टू सीटर प्लेन क्रैश होने से दोनों पायलट घायल हो गए। प्लेन कर्नाटक के बेलगावी के एविएशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का था। इंजन फेल होने के कारण हादसे की आशंका जताई जा रही है। एयरक्राफ्ट 152 ने दोपहर एक बजे टेस्टिंग के लिए उड़ान भरी थी। कैप्टन वी. चंद्र ठाकुर और पायलट नागेश कुमार करीब 40 मिनट एयरक्राफ्ट उड़ाते रहे। अचानक यह एयर स्ट्रिप पर क्रैश हो गया। दोनों पायलट को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एयरक्राफ्ट को टेस्टिंग और मेंटेनेंस के लिए गुना की शा-शिब एकेडमी लाया गया था।

## न्यूज विंडो

### पूर्व विधायक की पत्नी की धमाके में मौत

**इंफाल@ पत्रिका.** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बम धमाके में पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप की पत्नी सपम चारुबाला (59) की मौत हो गई। धमाका यमथोंग के पड़ोस के मकान में हुआ। यमथोंग 2012 व 2017 में कांग्रेस के टिकट पर सैकुल से जीते थे।

### शाकाहारी को चिकन परोसने पर जुर्माना

**चंडीगढ़@पत्रिका.** चंडीगढ़ में केएफसी रेस्टोरेंट पर उपभोक्ता अदालत ने 12 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत में दायर शिकायत में बताया गया कि राजेश गुप्ता नाम के ग्राहक की शाकाहारी पत्नी के लिए वेज क्रिस्पर का ऑर्डर किया था।

### एयरपोर्ट पर बम की अफवाह से हड़कंप

**तिरुवनंतपुरम@ पत्रिका.** केरल के कोच्चि हवाई अड्डे पर रविवार को बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। कोच्चि से मुंबई जा रही एयर इंडिया की उड़ान के यात्री मनोज कुमार ने चेक पॉइंट पर सीआइएसएफ के जवानों से पूछा, क्या मेरे बैग में बम है? जवानों ने उसे गिरफ्तार कर पुलिस को सौंप दिया।

## झरोखा




---

मेघ मल्हार : राजस्थान में आज भारी बारिश के आसार

# देश में झूमकर बरसा सावन



**नई दिल्ली** में रविवार को हुई भारी बारिश के बाद पटपड़गंज इलाके में भरा पानी और उसके बीच से गुजरते वाहन।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** देशभर में मानसून मेहरबान हैं। सावन के महीने में हर ओर बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के मुताबिक जम्मू-कश्मीर से केरल और राजस्थान से असम तक अधिकतर राज्यों में बारिश का दौर जारी है। विभाग ने सोमवार को भी राजस्थान सहित 10 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए 7 जिलों में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

दिल्ली में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में पानी भरने से जगह-जग जाम लग गया। उत्तराखंड के चमोली जिले में भूस्खलन के बाद बदरीनाथ नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया। इससे चारधाम तीर्थयात्री जगह-जगह फंस गए हैं। हाईवे खोलने का काम जारी है। हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण 288 सड़कों को बंद कर दिया गया। राज्य की कई नदियां उफान पर हैं। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश का दौर जारी है। वहां भी नदियां उफान पर हैं। उत्तर प्रदेश के 12 जिलों में बाढ़ जैसे हालत हैं। शेष@पेज10

### बारिश का अलर्ट

1. पूर्वी राजस्थान में **12 अगस्त को बहुत भारी बारिश** की आशंका। पश्चिमी राजस्थान में 12 से 14 अगस्त तक भारी बारिश हो सकती है।
2. जम्मू-कश्मीर और **लद्दाख में 14 से 17 अगस्त तक भारी बारिश** संभव।
3. हरियाणा और चंडीगढ़ में 12 से **15 अगस्त तक भारी बारिश** संभव।
4. अरुणाचल प्रदेश, बिहार, असम और **मेघालय में 12 से 17 के बीच भारी बारिश** संभव।
5. सिक्किम, पश्चिम बंगाल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, **त्रिपुरा में 14 से 16 के बीच भारी बारिश।**
6. केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में **12 से 15 अगस्त के बीच भारी से बहुत भारी बारिश** की आशंका।

### राजस्थान में 23 की मौत

**राजस्थान** में रविवार को हुई भारी बारिश के बीच अलग-अलग हादसों में 23 लोगों की मौत हो गई। बयाना की बाणगंगा नदी में रील बनाते हुए 7 किशोर डूब गए। वहीं जयपुर के कानोता बांध में पिकनिक बनाने गए पांच युवाओं की मौत हो गई।

### पंजाब में कार बहने से गई नौ की जान

**पंजाब** के होशियारपुर से 34 किमी दूर जैजों में छोटी बरसाती नदी में एक कार बह गई। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लापता हैं। एक व्यक्ति को बचा लिया गया। ये लोग हिमाचल प्रदेश के रहने वाले थे और विवाह समारोह में शामिल होने पंजाब के एसबीएस नगर जिले के मेहरोवाल गांव जा रहे थे।

### तुंगभद्रा बांध के गेट की चेन टूटी

**कर्नाटक** के तुंगभद्रा बांध में अधिक पानी भर जाने से एक गेट की चेन टूट गई, जिससे पानी बहने लगा। इस पर खतरे को देखते हुए बांध की सभी 33 गेट खोल दिए। बांध से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ने के बाद गेट की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। इस तरह की घटना 70 साल के इतिहास में पहली बार हुई है।

---

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर पत्रिका सर्वे

# 48% युवा चाहते हैं रोजगार नीति में बदलाव, 43% भ्रष्टाचार पर सख्ती

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश के 49% युवाओं के लिए सुरक्षा और स्थिरता के कारण आज भी सरकारी नौकरी सबसे पसंदीदा करियर है वहीं 48% का मानना है कि रोजगार बढ़ाने के लिए सरकारी नीतियों में सही बदलाव किया जाना चाहिए। देश के युवा डिजिटल क्रांति को सबसे बड़ा सामाजिक परिवर्तन मानते हैं। अधिकतर युवा सोचते हैं कि एआइ (AI) और ऑटोमेशन के मिले-जुले परिणाम होंगे। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा पाठकों के 'पत्रिका सर्वे' में यह निष्कर्ष सामने आए हैं। सर्वे में शामिल 68% युवाओं की सोच है कि उनके मूल्य व आदर्श पिछली पीढ़ियों से अलग हैं। ऑनलाइन सर्वे में 43% युवाओं ने कहा कि सख्त कानून से भ्रष्टाचार खत्म कर आदर्श भारत बना सकते हैं। प्रस्तुत हैं सर्वे के परिणाम-

**Q युवाओं को सरकारी नीति-निर्माण प्रक्रिया में कैसे शामिल करें?**
- युवा समितियों का गठन - 38%
- ऑनलाइन सर्वे - 29%
- शैक्षिक संस्थानों में विचार-विमर्श - 33%

**Q युवाओं के लिए सरकारी पहलों पर कैसा अमल?**
- बहुत प्रभावी - 15%
- कुछ हद तक प्रभावी - 44%
- कम प्रभावी - 29%
- कोई प्रभाव नहीं - 12%

शेष@पेज10

**डिजिटल क्रांति बड़ा बदलाव**
### एआइ का मिला-जुला असर




---

हसीना का बयान

## 'मार्टिन द्वीप पर कर लेती समझौता तो आज भी पीएम होती'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** पीएम की गद्दी और देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ओर से रविवार को पहला अधिकृत बयान सामने आया। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें सत्ता से हटाने के पीछे अमरीका का हाथ हो सकता है। उन्होंने कहा, मैंने सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता से समझौता कर लिया होता तो आज भी पीएम होती। हसीना का यह बयान कुछ दिन पहले बांग्लादेश में वायरल हुआ था, जिसे पत्रिका ने 7 अगस्त को प्रकाशित किया था। हसीना का यह वीडियो बयान रविवार को भारतीय मीडिया में प्रसारित हुआ। शेष@पेज10




क्यों इतना खास छोटा-सा सेंट मार्टिन द्वीप? @इंडिया&वर्ल्ड

डॉक्टर हत्याकांड: अस्पताल अधीक्षक को हटाया, सेवाएं बंद

## आज रेजीडेंट डॉक्टरों की पूरे देश में हड़ताल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोलकाता.** कोलकाता स्थित सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला परास्नातक प्रशिक्षु डॉक्टर के यौन उत्पीड़न और हत्या को लेकर फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने सोमवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने की घोषणा की है। इस दौरान अस्पतालों में वैकल्पिक सेवाएं बंद रहेंगी।

इस बीच, पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर संजय वशिष्ठ को हटा दिया। शुक्रवार को अस्पताल से महिला डॉक्टर का खून से लथपथ शव बरामद किया गया था। मामले में पुलिस ने एक सिविक वॉलंटियर को गिरफ्तार किया है। आरजी कर अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों ने रविवार को भी प्रदर्शन किया। उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

**तेजी से न्याय के लिए बने कानून : तृणमूल**

**तृणमूल** नेता अभिषेक बनर्जी ने बलात्कारियों और हत्यारों पर त्वरित गति से मुकदमा चलाने और एक सप्ताह के भीतर सजा सुनाने के लिए संसद में विधेयक पेश करने की अपील है।

सौगात : मोदी ने जारी कीं जलवायु अनुकूल फसलों की 109 किस्में



**नई दिल्ली.** भारत कृषि अनुसंधान संस्थान में किसानों से बातचीत करते पीएम नरेंद्र मोदी। खबर@पेज02

तैयारी

## स्वदेशी एलएसी मार्क-1 भरेगा 2026 तक उड़ान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में 4.5 जनरेशन प्लस एलसीए मार्क-2 फाइटर जेट मार्च, 2026 तक उड़ान भरना शुरू कर देगा। साल 2029 तक बड़े पैमाने पर इनका उत्पादन शुरू हो जाएगा। इसके अलावा इंडियन फिफ्थ-जनरेशन के फाइटर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट का बड़े पैमाने पर उत्पादन 2035 तक शुरू होगा।

डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत और वायु सेना के उपप्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित की अध्यक्षता में कुछ दिन पहले उच्चस्तरीय बैठक में स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रमों की समय सीमा पर चर्चा की गई थी। इस दौरान डॉ. कामत और एयर मार्शल दीक्षित ने डीआरडीओ भवन में एलसीए मार्क-2 कार्यक्रम की जानकारी ली। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में एक साल की देरी हो चुकी है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट : दुर्भाग्यपूर्ण और निराधार बताया

## बुच दंपति ने किया पलटवार, कहा-नोटिस का जवाब दें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** अमरीकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग के रिपोर्ट के बाद बाजार नियामक सेबी की प्रमुख माधबी पुरी बुच एवं उनके पति धवल बुच ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के बजाय सेबी की विश्वसनीयता और सेबी चेयरपर्सन के चरित्र हनन की कोशिश कर रही है।

माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने रविवार को जारी बयान में कहा कि आइआइएफएल वेल्थ मैनेजमेंट के एक फंड में उनका निवेश सिंगापुर स्थित निजी नागरिक के रूप में किया गया था। यह निवेश माधबी के सेबी में पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल होने से दो साल पहले यह निवेश किया गया था। शेष@पेज10

जानें हिंडनबर्ग के सभी आरोपों पर बुच दंपती ने क्या जवाब दिया? @बिजनेस&वेल्थ

**विपक्ष और भाजपा में तनातनी**

**हिंडनबर्ग** रिपोर्ट के बाद सियासत गरमा गई है। कांग्रेस, टीएमसी व आप ने हिंडनबर्ग के आरोपों की जांच की मांग की है। प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वीडियो शेयर कर पूछा है कि अब निवेशक गाढ़ी कमाई खो देते हैं, तो किसे जवाबदेह किसे ठहराया जाएगा? उन्होंने कहा कि माधबी पुरी बुच ने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि घोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से कराई जाए। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पटलवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पिछले 10 साल में झूठ की राजनीति की रणनीति अपनाई है। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और विदेशी संस्थाओं के याराने के बारे में सवाल खड़ा किया।

अडानी को सेबी ने जानबूझकर बचाया, जेपीसी से हो जांच: जयराम @दिल्ली प्राइम

---

**ट्रेंडिंग न्यूज**

जम्मू-कश्मीर

### किश्तवाड़ जिले के जंगल में मुठभेड़

**श्रीनगर@पत्रिका.** किश्तवाड़ जिले के जंगल में रविवार तड़के सुरक्षा बलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया था। तभी मुठभेड़ शुरू हो गई। वहीं अनंतनाग में जारी मुठभेड़ में एक नागरिक की मौत हो गई।



सियासत

### महबूबा नहीं लड़ेंगी विधानसभा चुनाव

**श्रीनगर@पत्रिका.** पीडीपी की अध्यक्ष व जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि वह विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। चुनाव आयोग के दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव कराना है तो कराएं, लेकिन इनके नाम पर तमाशा न किया जाए। चुनाव छह साल पहले हो जाने चाहिए थे।

उत्तर प्रदेश

### आग की अफवाह, ट्रेन से कूदे यात्री

**लखनऊ@पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के बरेली और मीरानपुर कटरा स्टेशन के बीच पंजाब मेल एक्सप्रेस के जनरल कोच में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई। ट्रेन से कूदने से 20 यात्री घायल हो गए। ट्रेन को रोककर बोगी की जांच की गई। सब कुछ ठीक पाया गया।

---

आसमान में नया खतरा | वायुयानों को भटकाने वाली जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं 400% बढ़ीं

# हैकिंग से बदला जा रहा है उड़ते विमानों की घड़ियों का समय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** हाल में कमर्शियल एयरलाइंस को प्रभावित करने वाली जीपीएस स्पूफिंग की घटनाओं में 400% तक वृद्धि हुई है। यह एक प्रकार का डिजिटल हमला है, जो विमानों को मार्ग से भटका सकता है। विमानन सलाहकार संस्था ओपीएस ग्रुप के अनुसार इस तरह के हमले में अब 'समय को हैक' करने की क्षमता आ गई है। ब्रिटिश साइबर सुरक्षा फर्म पेन टेस्ट पार्टनर्स के संस्थापक केन मुनरो ने लास वेगास में हैकिंग सम्मेलन में कहा कि हम जीपीएस को पोजीशन का स्रोत मानते हैं, लेकिन वास्तव में यह समय का स्रोत है।

जीपीएस सिग्नल में हेर-फेर से विमान के पायलट या ऑपरेटर वास्तविक दिशा खो सकते हैं। इससे विमान निर्धारित उड़ान पथ से भटक सकता है। हवाई यातायात नियंत्रकों के लिए भ्रम के हालात पैदा हो सकते हैं और हवा में टकराव की आशंका बढ़ सकती है।




### अचानक दिखाने लगीं वर्षों आगे का समय

**मुनरो** ने बताया कि ऐसी रिपोर्ट मिल रही हैं कि स्पूफिंग की घटनाओं के दौरान हवाई जहाज में लगी घड़ियां अजीब हरकतें करने लगती हैं। हाल ही एक एयरलाइन के विमान की घड़ियां जीपीएस स्पूफिंग से अचानक वर्षों आगे का समय दिखाने लगीं। इससे विमान की एन्क्रिप्टेड संचार प्रणाली ठप हो गई। विमान कई हफ्तों तक उड़ान नहीं भर पाया।

**जमीनी प्रणालियों से होती है हेर-फेर**

**जीपीएस** ने ग्राउंड डिवाइस की जगह ले ली है। ये विमानों को लैंडिंग के मार्गदर्शन के लिए रेडियो बीम संचारित करते हैं। सस्ते और आसानी से मिलने वाले पुर्जों और सामान्य तकनीकी ज्ञान से पीपीएस सिग्नल को ब्लॉक या विकृत करना आसान हो गया है। इससे संघर्ष वाले क्षेत्रों के आसपास ड्रोन या मिसाइलों को भ्रमित करने के लिए गलत पॉजीशन प्रसारित की जा सकती है।

रोशनी की आंख मिचौली : कई जगह इलाज के बावजूद समस्या जस की तस

# परिवार को अजीबोगरीब बीमारी, 4 सदस्यों को दिन में दिखाई नहीं देता तो दो को शाम के बाद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के टकरसन गांव में एक परिवार आंखों की अजीबोगरीब बीमारी से पीड़ित है। आठ सदस्यों वाले इस परिवार में 4 लोगों को दिन में कुछ नहीं दिखाई देता, जबकि दो सदस्यों को शाम के बाद देखने में दिक्कत होती है। पीड़ितों ने कई जगह इलाज कराया, लेकिन समस्या जस की तस है।

टकरसन गांव में दलित राम प्रवेश के परिवार में पत्नी के अलावा बेटे-बहू हैं। यह परिवार मजदूरी के सहारे गुजर-बसर करता है। राम प्रवेश के बेटे हरि (35), रामू (27), भानू (22) और जयराम (20) को दिन में नहीं दिखता। रामू की पत्नी सुनीता देवी को रात के उजाले में दिखाई नहीं देता। परिवार के एक और सदस्य को यही दिक्कत है। पीड़ित बलिया के अलावा नेपाल और बिहार में भी इलाज करवा चुके हैं।

**डॉक्टर ने बताया, यह है समस्या की जड़...**

**गाजीपुर** के मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर स्नेहा सिंह का कहना है कि मैक्युलर डिजनरेशन से जुड़ी बीमारी के कारण परिवार को नेत्र दृष्टि विकार हो सकता है। यह बीमारी रेटिना के बीच के हिस्से को नुकसान पहुंचाती है। इससे दृष्टि बाधित हो सकती है।

**शुरू में ही इलाज**

**डॉक्टरों** का कहना है कि मैक्युलर डिजनरेशन का पता चलने पर मरीज को शुरुआती स्टेज में इलाज कराना चाहिए। अनुवांशिक कारणों से होने वाली यह बीमारी बढ़ने पर इलाज से खास फायदा नहीं होता।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर

## न्यूज विंडो

### मनीष सिसोदिया का 14 से पैदल मार्च

**नई दिल्ली@पत्रिका.** आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने रविवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की और अगले साल की शुरुआत में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में आतिशी, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, पार्टी सांसद संजय सिंह और संदीप पाठक मौजूद थे। गोपाल राय पार्टी की दिल्ली इकाई के संयोजक भी हैं। बैठक के बाद संदीप पाठक ने बताया कि सिसोदिया सोमवार को विधायकों और मंगलवार को पार्टी पार्षदों के साथ बैठक करेंगे। बुधवार 14 अगस्त को वह दिल्ली की जनता से मिलने के लिए पैदल मार्च शुरू करेंगे। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने पिछले साल आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा दे दिया था। वे 17 महीने जेल में बिताने के बाद 9 अगस्त को जमानत पर जेल से बाहर आए हैं।

**किसानों को सौगात:** खेती में वेल्यू एडिशन पर जोर, बाजरे के महत्त्व पर चर्चा

# प्रधानमंत्री मोदी ने जारी कीं जलवायु अनुकूल फसलों की 109 किस्में

### पैदावार बढ़ाने में मददगार होंगी ये किस्में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**किसानों** और कृषि वैज्ञानिकों से बात करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साथ में हैं केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज वाली जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ किस्में जारी कीं। उन्होंने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत की। इस पहल का मकसद कृषि उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) ने विकसित किया है। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। मोदी ने दिल्ली के पूसा में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर इनके बीजों को पेश किया। उन्होंने कृषि में वेल्यू एडिशन पर जोर दिया।

किसानों ने कहा कि नई किस्में बेहद फायदेमंद होंगी, क्योंकि इनसे उनका खर्च कम होगा और पर्यावरण पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्त्व पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों में जैविक खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ती जा रही है।

#### इनके बीज भी शामिल

इस दौरान बाजरा, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर सहित विभिन्न अनाज के बीज भी जारी किए गए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, कंद, मसालों, फूलों व औषधीय फसलों की किस्में शामिल हैं। मोदी किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती के तरीकों और जलवायु अनुकूल तरीकों की वकालत करते रहे हैं।

**हर 12वां मामला जयपुर का:** विस में दी गई जानकारी से सामने आई तस्वीर

# राजस्थान में हर महीने औसतन 3461 महिलाओं पर अत्याचार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर/नई दिल्ली.** महिलाओं के सम्मान, बराबरी और उन्हें अत्याचारों से बचाने की बात तो जमकर हो रही हैं, लेकिन प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार की स्थिति चिंतनीय बनी हुई है। पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के अंतिम वर्ष 2023 में महिलाओं पर अत्याचार के हर महीने औसतन 4272 मामले दर्ज हुए, जबकि भजनलाल सरकार के शासन में इस तरह के हर माह औसतन 3461 मामले दर्ज हो रहे हैं। इस साल के शुरुआती 6 माह में ही 20 हजार 767 मामले दर्ज हो चुके, जिसमें हर 12वां मामला जयपुर क्षेत्र में दर्ज हुआ। पुलिस आंकड़ों व राज्य सरकार की ओर से विधानसभा में दी गई जानकारी से यह तस्वीर सामने आई। वर्ष 2021 से अब तक प्रदेश में महिला अत्याचार के 1 लाख 56 हजार से अधिक मामले दर्ज हुए, जिनमें से एक तिहाई मामले बीते साल दर्ज हुए। आमतौर पर महिला अत्याचार के सबसे अधिक मामले पारिवारिक कलह से सम्बन्धित होते हैं, लेकिन पिछले वर्ष सबसे अधिक मामले छेड़छाड़ के दर्ज हुए। इतना ही नहीं, जांच में खामी, शिकायत करने वाली महिलाओं के किसी वजह से पुलिस कार्रवाई से पीछे हटने या अन्य वजह से एफआर लगने के कारण 39 फीसदी से अधिक मामलों को पिछले साल पुलिस ने बंद कर दिया।

#### वर्ष 2024: जिलेवार महिला उत्पीड़न के मामले

**इनमें सबसे अधिक**

| जिला | मामले |
|---|---|
| जयपुर | 1639 |
| अलवर | 881 |
| भरतपुर | 763 |
| कोटा | 733 |
| उदयपुर | 648 |

**इनमें सबसे कम**

| जिला | मामले |
|---|---|
| दूदू | 61 |
| जैसलमेर | 96 |
| फलौदी | 103 |
| सलूम्बर | 126 |
| खैरथल-तिजारा | 170 |

#### महिलाओं के प्रति अपराध के मामले

| वर्ष | दहेज हत्या | महिला उत्पीड़न | बलात्कार | छेड़छाड़ | अपहरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021 | 452 | 16949 | 6337 | 9079 | 5964 |
| 2022 | 451 | 18847 | 7093 | 9866 | 6600 |
| 2023 | 418 | 18763 | 6739 | 22588 | 6857 |

#### प्रदेश में महिला अपराध के वर्ष वार दर्ज कुल मामले

| वर्ष | दर्ज मामले |
|---|---|
| 2021 | 40,220 |
| 2022 | 44,407 |
| 2023 | 51,272 |
| 2024(जून तक) | 20,767 |

#### वर्ष 2023: महिलाओं के प्रति अपराध पर एफआर

| मामले | एफआर |
|---|---|
| महिला उत्पीड़न | 7029 |
| बलात्कार | 2705 |
| छेड़छाड़ | 8460 |
| अपहरण | 3388 |

बहुत से मामले तो अब भी पुलिस तक नहीं पहुंच पा रहे। एक मुद्दा यह भी है कि पिछले वर्षों में बदले की भावना से दर्ज होने वाले महिला अत्याचार के मामले बढ़े हैं। ऐसे मामले सामने आने पर हम महिलाओं को भी समझाते हैं कि झूठी शिकायत कर मामले नहीं बढ़ाएं। आयोग भी 10 माह से समस्या झेल रहा है, सरकार फील्ड विजिट के लिए आयोग को गाड़ी ही नहीं दे रही है। इससे हम महिलाओं तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

**रेहाना रियाज चिश्ती,** अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग

# राजस्थानी तीजोत्सव मेला सम्पन्न, 18 लाख की बिक्री

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** राजस्थानी कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और खानपान की अनूठी छाप छोड़ते हुए दिल्ली में सात दिवसीय तीजोत्सव मेला सम्पन्न हो गया। मेले में तीज की सवारी, मेहंदी प्रतियोगिता, पगड़ी प्रतियोगिता, राजस्थानी फैशन शो और सांस्कृतिक संध्या जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने इस आयोजन को सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने वाला बताया और कहा कि इस तरह के आयोजन स्थानीय समुदायों की आजीविका में भी सहायक होते हैं। प्रमुख आवासीय आयुक्त आलोक ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से दिल्लीवासियों और अप्रवासी राजस्थानियों को राजस्थानी संस्कृति से जुड़ने का मौका मिलता है।

बीकानेर हाउस में आयोजित इस मेले के दौरान राजस्थान के विभिन्न अंचलों के राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार प्राप्त आर्टिजंस ने लगभग 50 स्टॉल्स पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवराम मीना ने बताया कि इस मेले में करीब 18 लाख रुपए की बिक्री हुई, जिसमें कोटा डोरिया, सांगानेरी प्रिंट, मोजड़ी, जयपुर बैंगल्स, मिट्टी के बर्तन, पेंटिंग्स और अन्य राजस्थानी उत्पादों की खरीदारी शामिल है।

**हिंडनबर्ग के खुलासे के बाद कांग्रेस आक्रमक**

# अडानी को सेबी ने जानबूझकर बचाया, जेपीसी से हो जांच: जयराम

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** अडानी समूह और सेबी मामले में हिंडनबर्ग के खुलासे के बाद कांग्रेस एक बार फिर सरकार पर आक्रमक हो गई है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि महाघोटाले पर सेबी की निष्क्रियता सवालों के घेरे में है। इसकी अब जेपीसी से जांच होनी चाहिए।

जयराम ने बयान जारी कर कहा कि सेबी का इस मामले में आधे-अधूरे ढंग से काम करना सामने आ चुका है। सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि सेबी ने 2018 में विदेशी फंड्स के वास्तविक स्वामियों से संबंधित रिपोर्टिंग की आवश्यकताओं को कमजोर कर दिया था, और 2019 में इसे पूरी तरह से हटा दिया गया था। इसके चलते सेबी के पास जांच के लिए पर्याप्त आधार होते हुए भी वह किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने बताया कि जनता के दबाव के बाद, जब अडानी ग्रुप को भारी नुकसान हुआ, तब जाकर सेबी ने 28 जून 2023 को सख्त रिपोर्टिंग नियम फिर से लागू किए। सेबी ने एक्सपर्ट कमेटी को 13 संस्थाओं की जांच करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक कोई स्पष्ट परिणाम सामने नहीं आया है।

#### अडानी से लगातार दो बैठकों से सवाल

**जयराम** ने हिंडनबर्ग खुलासे का जिक्र करते हुए कहा कि सेबी चेयरपर्सन बनने के तुरंत बाद माधवी पुरी बुच के 2022 में गौतम अडानी से लगातार दो बैठकों से सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं बुच के पति का यसमूदा और मॉरिशस स्थित ऑफशोर फंड में निवेश का मामला सामने आया है। इन फंड्स में अडानी ग्रुप से जुड़े लोगों का पैसा भी निवेश किया गया था, जिससे सेबी की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस ने इस मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन करने की मांग की।

**हर जिले और विस क्षेत्र में बनाए जाएंगे कॉर्डिनेटर**

# महिलाओं को राजनीति में आगे लाएगी युवा कांग्रेस, 'सुपर शक्ति शी' लॉन्च




**जयपुर @ पत्रिका.** राजनीति में महिलाओं को आगे लाने के लिए भारतीय युवा कांग्रेस ने 'सुपर शक्ति शी' कार्यक्रम शुरू किया है। रविवार को पीसीसी मुख्यालय में प्रदेश युवा कांग्रेस इकाई ने इसे लॉन्च किया। इसके तहत हर जिले और विधानसभा क्षेत्रों में दो-दो महिलाओं को कॉर्डिनेटर नियुक्त किया जाएगा।

युवा कांग्रेस की प्रदेश सह प्रभारी अरुणा महाजन ने कहा कि इसके जरिए महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाया जाएगा। प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने कहा कि महिलाओं को भी हक मिलना चाहिए। युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि संगठन की महिला कार्यकर्ता मजबूती से काम करें और भविष्य में जनप्रतिनिधि के तौर पर चुनी जाएं। सुपर शक्ति शी कार्यक्रम की अगली बैठक सितंबर माह में होगी।

### अमरनाथ यात्रा एक दिन के लिए रोकी

**नई दिल्ली@पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर में जारी बारिश के बीच सोमवार को होने वाली श्रीअमरनाथ यात्रा रोक दी गई है। बताया जाता है कि रविवार को बारिश के कारण यात्रा मार्ग को नुकसान हुआ है। इस कारण यात्रा रोक दी गई।

इधर, पटना में जारी बारिश के बाद विधानसभा परिसर और आस-पास के कई मंत्रियों के बंगलों में पानी भर गया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ के सेक्टर-17 में स्थित पुरानी जिला अदालत के बेसमेंट में पानी भरने से हाईकोर्ट के मुकदमों की करीब 5 से 6 हजार फाइलें खराब हो गईं। भारी बारिश के कारण सीवरेज का पानी रुक गया था। यह पानी बेसमेंट में भर गया। सूचना मिलने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने रेकॉर्ड रूम का दौरा किया।

**कांग्रेस की गठित कमेटी ने कहा था वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता की कमी**

# एससी-एसटी में क्रीमीलेयर एक सुझाव, भ्रमित न हो जनता



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर.** केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि एससी-एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की एक राय से क्रीमी लेयर को लेकर बहस शुरू हुई। आदेश और राय में अंतर होता है। विपक्ष की ओर से जनता में भ्रम पैदा करने की कोशिश हो रही है। एससी-एसटी आरक्षण के उप-वर्गीकरण पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बैठक कर स्पष्ट भी कर दिया है कि एससी-एसटी में कोई 'क्रीमी लेयर' प्रावधान नहीं है।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने पत्रिका से बातचीत में कहा कि वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता से काम नहीं हो रहा, उनकी कोई जवाबदेही नहीं है, यह बात कांग्रेस की ओर से गठित सच्चर कमेटी ने कही थी। परन्तु उस समय सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर कांग्रेस ने अमल नहीं किया। आज एनडीए सरकार रिपोर्ट पर अमल कर रही हैं तो कांग्रेस को पीड़ा हो रही है।

**भीलवाड़ा निगम** सहित बजट घोषणाओं के लिए आभार सभा

# 'राज्य बजट विकसित राजस्थान की धुरी, ऊर्जा क्षेत्र में बनेंगे आत्मनिर्भर'


**जयपुर.** बजट घोषणाओं के लिए सीएम का आभार जताने पहुंचे लोग सेल्फी लेते हुए।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य बजट विकसित राजस्थान की धुरी है और इसमें प्रदेशवासियों से प्राप्त विभिन्न सुझावों को शामिल करते हुए विकास का रोडमैप तैयार किया गया है।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने सहित भीलवाड़ा और जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा वर्ष 2027 तक राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार ईआरसीपी के साथ ही शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता तथा दक्षिण राजस्थान के जिलों के लिए देवास परियोजना पर काम कर रही है। जहाजपुर और भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों ने सीएम को साफा एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया और तलवार भेंट की। इस अवसर पर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा एवं भीलवाड़ा नगर परिषद के सभापति राकेश पाठक सहित विभिन्न जन प्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

### सीएम बोले, स्वास्थ्य पर सरकार का फोकस, साढ़े 27 हजार करोड़ रखा बजट

**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि इलेक्ट्रोपैथी की विशेष महत्ता है और राज्य सरकार इसे प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों की आभार एवं अभिनंदन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में ही इलेक्ट्रोपैथी को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन करने और प्रथम चरण में 5 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। बजट में लगभग 27 हजार 660 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है जो बजट का 8.26 प्रतिशत हिस्सा है। इस मौके पर विभिन्न अंचलों से आए चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा और राजस्थान इलेक्ट्रो चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष हेमन्त सेठिया भी मौजूद थे।

### जमवारामगढ़ रेंज की होटलों का सर्वे दबाया

**अलवर@पत्रिका.** सरिस्का का बड़ा हिस्सा जमवारामगढ़ रेंज में आता है। यहां बफर एरिया में होटल-रेस्टोरेंट बन गए। पांच से सात सितारा होटल भी इसी एरिया में आते हैं। इन सभी प्रतिष्ठानों का सर्वे कराया गया। होटलों को नोटिस जारी किए गए लेकिन बाद में वापस ले लिए गए। उप वन संरक्षक कार्यालय ने कहा कि सर्वे हुआ ही नहीं, जबकि सर्वे के लिए टीम बनाई गई थी। सबसे पहले जमवारामगढ़ कार्यालय की ओर से सर्वे कराया गया। पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, राजस्व व खान विभाग की टीम ने यह सर्वे किया। पहले चरण में दो दर्जन होटल इस दायरे में आए। करीब 20 को नोटिस दिए गए। उनमें लिखा गया था कि एनजीटी के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। मामला उप वन संरक्षक कार्यालय पहुंचा तो वहां से आदेश आए और कई नोटिस को विलोपित कर दिया गया।

**बयाना की बाणगंगा नदी में रील बनाते सात जनों की मौत** | **कानोता बांध में पिकनिक मनाने गए पांच बहे**

# रील-पिकनिक पड़ी भारी...बारिश का कहर, 23 की मौत

### जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा संभाग में पांच दिन भारी बारिश का अलर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** प्रदेश में रविवार को भारी बारिश कहर बनकर बरसी। भारी बारिश के बीच राज्य में 23 किशोर सहित युवाओं की मौत हो गई। बयाना की बाणगंगा नदी में रील बनाते हुए सात बालकों की डूबने से मौत हो गई। जयपुर के कानोता बांध में पिकनिक बनाने गए पांच किशोर और युवा बह गए। इधर दौसा, भरतपुर, सवाई माधोपुर, कोटा और बारां जिले में भारी वर्षा दर्ज की गई। टोंक और करौली जिले में भारी से अत्यंत भारी वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक बारिश करौली में 380 मिमी (16 इंच) दर्ज की गई।

### करौली में 16 इंच बारिश, बाढ के हालात, हिण्डौन में प्रशासन ने चलाए स्टीमर


**हिण्डौनसिटी.** एसडीआरएफ के स्टीमर में बैठ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते डीसी सांवरमल वर्मा व आईजी राहुल प्रकाश। फोटो: अनिल दत्तात्रेय

#### आज सात जिलों के स्कूलों में अवकाश

*जयपुर, जयपुर ग्रामीण, करौली, गंगापुरसिटी, सवाई माधोपुर, दौसा, भरतपुर के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।*

### रील बनाते चले गए गहरे पानी में

**भरतपुर** के बयाना में तेज बारिश के चलते बाणगंगा नदी में आए पानी में नहाने गए पांच युवक एवं दो किशोरों की रविवार दोपहर को डूबने से मौत हो गई। मृतकों में तीन चचेरे भाई शामिल हैं। युवक नदी में नहाते समय रील बना रहे थे। इस दौरान में वह तेज बहाव में फंस गए। गांव श्रीनगर निवासी पवन जाटव (20), सौरभ जाटव (14), भूपेंद्र जाटव (18), शांतनु (18), लक्खी (20), पवन सिंह (22) और गौरव (16) की मौत हो गई। सातों रील बनाते हुए गहरे पानी में चले गए।

### कहीं रपट पर फिसले तो कहीं मकान गिरे

- **जयपुर ग्रामीण:** कानोता बांध में 5 युवक बह गए। इनमें से एक शव बरामद। बांध की रपट पर फिसलन के चलते हुआ हादसा। फागी में मासी नदी की रपट पर दो युवक सीताराम (21) और देशराज बह गए। माधोराजपुरा में बरसाती नाले में गिरने से बनवारी (25) की मौत हो गई। दूदू में एनीकट में गिरने से सद्दाम (32) की मौत हो गई। इसी तरह पावटा में मुकेश की मौत हो गई।
- **ब्यावर:** अशोक कुमार (23) नदी में पैर फिसलने से तो पाखरियावास निवासी बबलू (16) की तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत।
- **केकड़ी:** बह जाने से गुलगांव निवासी मिश्रीनाथ कालबेलिया (50) की मौत हो गई।
- **करौली:** मकान की पट्टियां गिरने से पिता-पुत्र की मौत। बड़ापुरा में 12 वर्षीय बालिका बह गई।

**आगे क्या** मौसम केन्द्र निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार परिसंचरण तंत्र उत्तर-पूर्वी राजस्थान व आसपास के क्षेत्र के ऊपर बना हुआ है। अगले तीन-चार दिन तक इसी स्थान पर बने रहने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा संभाग के कई भागों में आगामी 5-6 दिन मानसून सक्रिय रहने और भारी बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं। बीकानेर संभाग के कई इलाकों में अगले 4-5 दिन अधिकांश भागों में बारिश होने की संभावना है।

### आपदा प्रबंधन, सीएम ने ली बैठक

**जयपुर.** प्रदेश में अतिवृष्टि को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उच्चाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में प्रदेश में हो रही भारी बारिश के संबंध में अधिकारियों से तैयारियों और बचाव कार्यों की जानकारी ली।

### सावधान...आपकी जान भी जा सकती है

**प्रदेश** में भारी बारिश का दौर चल रहा है। लोग बांधों-जलाशयों पर पिकनिक मनाने जा रहे हैं। ऐसे में वीडियो, रील भी बना रहे हैं। नदी-नालों में पैर फिसलने की घटनाएं बढ़ गई हैं। लोग पिकनिक मनाने जाएं, लेकिन जलाशयों के किनारे सावधानी बरतें। रील-वीडियो बनाने से बचें।

**पोलमपोल** भायो

रुके निकासी नीर की, बाढ़ जस्या हालात ।
नगर नियोजन छै अस्यो, ना झेले बरसात !!

विडम्बना : खिलाड़ियों को निजी एकेडमियों में हर माह खर्च करने पड़ रहे पांच से दस हजार रुपए

# राजस्थान में सरकारी शूटिंग एकेडमी नहीं, कैसे तैयार होंगे शूटर्स

**राजेश शर्मा**
patrika.com

**झुंझुनूं.** पेरिस में हुए ओलम्पिक में भारत के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा तीन पदक शूटिंग में जीते हैं, लेकिन विडम्बना हैं कि क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े राज्य राजस्थान में क्रीडा परिषद की कुल 22 एकेडमियों में से एक भी सरकारी शूटिंग एकेडमी नहीं है।

इस कारण मजबूरी में खिलाड़ियों को निजी एकेडमियों में हर माह पांच से दस हजार रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। सरकारी एकेडमी में खिलाड़ियों की पढ़ाई, ट्रेनिंग, नाश्ता खाना-पीना, रहना, ड्रेस, साबुन, जूते व सभी खेल उपकरण निशुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं।




## विभाग के कैलेंडर में भी पिस्टल शूटिंग नहीं

**शिक्षा** विभाग ने छह अगस्त को सत्रह व उन्नीस वर्ष आयु वर्ग का खेल कैलेंडर जारी किया है। इसमें एथलेटिक्स के अलावा 32 खेलों को शामिल किया है। इसके तीसरे समूह में पांच नंबर खेल पर राइफल शूटिंग तो है, लेकिन पिस्टल शूटिंग नहीं है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि स्कूलों में मनु भाकर, सरबजोत व स्वपनिल कुसाले जैसे खिलाड़ी कैसे तैयार होंगे।

### पेरिस : शूटिंग में पदक

- मनु भाकर, कांस्य
- मनुभाकर व सरबजोत सिंह, कांस्य
- स्वपनिल कुसाले, कांस्य

### ओलम्पिक में राजस्थान के सिर्फ दो खिलाड़ी

**आठ** करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले राजस्थान से ओलम्पिक में मात्र दो खिलाड़ी पेरिस में खेलने गए हैं। जबकि राजस्थान से छोटे राज्यों से ज्यादा खिलाड़ी ओलम्पिक में पहुंचे हैं और पदक भी जीत रहे हैं।

### अब खेल मंत्री से आस

**अब** तो राजस्थान के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ खुद ओलम्पियन हैं। उनका खेल भी शूटिंग का रहा है। इनसे पूर्व के खेल मंत्री अशोक चांदना भी खिलाड़ी रहे हैं। उम्मीद है कि राजस्थान में भी शूटिंग की सरकारी एकेडमियां खुलेंगी।

### खाली पदों का सच

**राजस्थान** क्रीड़ा परिषद में कुल 483 पद मंजूर हैं, वर्तमान में 323 पद खाली पड़े हैं। अनेक स्टेडियमों में ठेकेदार के कोच ट्रेनिंग दे रहे हैं। कोच व जिला खेल अधिकारी के पद खाली होने से खिलाड़ियों को सही ट्रेनिंग नहीं मिल रही। कोच के नए पदों का सृजन भी नहीं हो रहा।

राजस्थान में शूटिंग की सरकारी खेल एकेडमी बनने से खेलों का बेहतर माहौल बनेगा। खिलाड़ियों का खर्चा भी बचेगा। पेरिस ओलम्पिक में सबसे ज्यादा पदक भारत ने शूटिंग में ही जीते हैं। क्रीड़ा परिषद भी अब शूटिंग एकेडमी खोले। हर जिला मुख्यालय पर खिलाड़ियों के लिए शूटिंग के नियमित कोच लगाए जाने चाहिए। इसके अलावा खेल स्टेडियमों में शूटिंग की अलग से तैयारी करवाई जानी चाहिए।

**सुशील,** नेशनल प्लेयर, शूटिंग

## पत्थरों से कुचल कर युवक की हत्या

**सातलखेड़ी (कोटा) @ पत्रिका.** कस्बे में रविवार सुबह राजकीय चिकित्सालय के पास युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक का शव पत्थरों से कुचला होने से शत-विक्षत हो गया। कस्बे के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास नवनिर्मित इंटरलॉकिंग रोड पर रविवार को ग्रामीण ने युवक का शव पड़ा देखा। सूचना पर पुलिस चौकी व थाना सुकेत से जाप्ता मौके पर पहुंचा। सुकेत थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि मृतक का फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने पर छोटा भाई पवन मौके पर पहुंचा और उसने मृतक की पहचान की। मृतक मनीष कुमार (33) मंडा का रहने वाला था। वह रामगंजमंडी में कोरियर सर्विस में माल डिलीवरी का काम करता था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजन को सौंप दिया।

**राजस्थान हाईकोर्ट**

### केस जिन पर रहेगी निगाह...

**12 से 18 अगस्त**

**तारीख- 12 अगस्त**
**हाईकोर्ट: जयपुर पीठ**
**मामला** : हर जिले में 150 लोगों की आवास क्षमता वाले वृद्धाश्रम, बस-रेल व अस्पतालों में वृद्धजनों के लिए सुविधाओं की स्थिति को हाईकोर्ट ने स्वप्रेरणा से अवमानना याचिका को जनहित याचिका में परिवर्तित किया था।

**तारीख- 12 अगस्त**
**हाईकोर्ट: जयपुर पीठ**
**मामला** : क्या निजी विश्वविद्यालय मेडिकल काउन्सिल और राज्य सरकार की मान्यता बिना एमबीबीएस की डिग्री दे सकता है। विवि कह रहा है कि डिग्री के लिए उसे किसी की मान्यता की जरूरत नहीं, सरकार और मेडिकल काउंसिल कह रहे हैं बिना मान्यता डिग्री की कोई वैल्यू नहीं।

**तारीख- 12 अगस्त**
**हाईकोर्ट: जोधपुर पीठ**
**मामला** : जोधपुर की एयर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और सोनार किले के आस-पास अतिक्रमण, अवैध निर्माण तथा वाणिज्यिक गतिविधियों के मामले में केंद्र और राज्य सरकार का आएगा पक्ष।

**तारीख- 13 अगस्त**
**हाईकोर्ट: जयपुर पीठ**
**मामला** : रीट पेपरलीक मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दो साल पहले दायर की थी जनहित याचिका, भजनलाल सरकार के कार्यकाल में पहली बार होगी सुनवाई। इससे अब नई सरकार का व्यू इस मामले में सामने आ सकता है।

**तारीख- 13 अगस्त**
**हाईकोर्ट: जोधपुर प्रधान पीठ**
**मामला** : पर्यावरण व अव्यवस्थाओं से संबंधित मामलों पर सुनवाई। ड्रेनेज सिस्टम को लेकर जोधपुर शहर के दोनों नगर निगम तथा जोधपुर विकास प्राधिकरण तत्काल किए जाने वाले उपायों की कार्ययोजना पेश करेंगे, वहीं उदयपुर में हिल बायलॉज विपरीत पहाड़ों की कटाई से संबंधित मामले पर भी सुनवाई।

**प्रशासनिक हलचल...**

**15 अगस्त:** मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव स्वतंत्रता दिवस पर जोधपुर स्थित प्रधानपीठ में ध्वजारोहरण करेंगे।

5 साल में 32 हजार एफआइआर, 34 हजार अपराधियों की धरपकड़

# चिंताजनक : साल दर साल बढ़ रहा अवैध हथियार रखने का शौक

पत्रिका डे-स्पेशल मंडे मेगा स्टोरी

**सुरेन्द्र ओझा**
patrika.com

**श्रीगंगानगर.** प्रदेश में बढ़ते अपराधों का चिंताजनक पहलू यह भी है कि अवैध हथियार रखने का शौक साल दर साल बढ़ रहा है। इस बात की गवाही पुलिस के आंकड़े ही दे रहे हैं। प्रदेश में बीते पांच साल में आर्म्स एक्ट के तहत 32 हजार 759 मामले दर्ज कर 34 हजार 110 अपराधियों की धरपकड़ की जा चुकी है।

श्रीगंगानगर जिले में पिछले साढ़े पांच साल में 475 प्रकरण आर्म्स एक्ट में दर्ज हो चुके हैं। इन मामलों में पुलिस की ओर से 518 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई हैं। अवैध हथियारों में ज्यादातर देसी पिस्तौल रखने के मामले सामने आए हैं। यह हथियार ज्यादातर उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा से आते रहे हैं लेकिन पिछले दो साल में पुलिस की ओर से बरामद किए गए अवैध हथियारों में मध्य प्रदेश से लेकर आने की पुख्ता जानकारी सामने आई है।



### अब तो 'आसमान' से आ रहे अवैध हथियार

**अन्तरराष्ट्रीय** बॉर्डर पार पाकिस्तान से अब अवैध हथियारों की एंट्री होने लगी है। पिछले साल पाक से आए ड्रोन पर हेरोइन खेप के साथ एक पिस्टल बरामद की गई, जबकि इस साल हिन्दुमलकोट क्षेत्र में हेरोइन की खेप के पैकेट में 45 कारतूस बरामद किए गए। कारतूस मेड इन चाइना थे।

### फैक्ट फाइल...

| वर्ष | दर्ज एफआइआर | गिरफ्तार आरोपी |
|---|---|---|
| 2019 | 53 | 61 |
| 2020 | 52 | 68 |
| 2021 | 70 | 76 |
| 2022 | 90 | 94 |
| 2023 | 138 | 147 |
| 2024 | 72 | 72 (जून तक) |
| कुल योग | 475 | 518 |

*स्त्रोत: जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय श्रीगंगानगर*

### दर्ज मामले और गिरफ्तारी

| वर्ष | दर्ज मामले | गिरफ्तारी |
|---|---|---|
| 2019 | 7074 | 7167 |
| 2020 | 5199 | 5657 |
| 2021 | 5357 | 5924 |
| 2022 | 6963 | 7023 |
| 2023 | 8166 | 8339 |
| **कुल** | **32759** | **34110** |

### हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड

**पंजाब** और हरियाणा के कई गैंगस्टरों ने सोशल मीडिया में हथियारों के साथ फोटो और वीडियो अपलोड किए थे। गैंगस्टरों का अनुसरण करते हुए इलाके के कई युवा भी फोटो और वीडियो अपलोड करने लगे, ऐसे में पुलिस प्रशासन ने सख्ती से कदम उठाते हुए ऐसे युवाओं के खिलाफ सख्ती की है।

### हथियार रखने वालों की धरपकड़

आदतन अपराधियों के साथ नशा बेचने वाले अवैध हथियार अपनी सुरक्षा और लोगों को भयभीत करने के लिए रखते हैं। ऐसे अपराधियों की धरपकड़ की जा रही है। ज्यादातर बरामद किए जा रहे हथियार मध्यप्रदेशड्डु से आ रहे हैं। वहां कुछ इलाकों में इन हथियारों को बनाया जाता है। सीमा पार से ड्रोन पर आई हेरोइन की खेप में एक पिस्टल और 45 कारतूस बरामद किए जा चुके हैं।

**गौरव यादव,** पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर

# झरनों की कलकल शुरू



**कोटा @ पत्रिका.** मानसून में हाड़ौती के जंगल हरियाली से दमक उठे हैं। जंगलों में बारिश से पहाड़ों से झरने फूट पड़े हैं। ऐसा ही यह मनमोहक नजारा है कोटा शहर के 70 किमी दूर रावतभाटा कस्बे के समीप पाड़झर महादेव के झरने का। जंगल के बीच इस झरने तक पहुंचने के लिए वन विभाग की अनुमति के बाद तीन चार किमी का कच्चा रास्ता तय करना पड़ता है। फोटो: नीरज

राजसमंद की एसीबी टीम ने की कार्रवाई

## 1.25 लाख रुपए रिश्वत लेते चिकित्सा विभाग का संयुक्त निदेशक गिरफ्तार

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**उदयपुर .** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) राजसमंद की टीम ने चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी को रविवार को 1.25 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। घूस की यह राशि सोनोग्राफी मशीन सील करने और रजिस्टर लौटाने की एवज में ली गई थी।

एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की राजसमंद इकाई को शनिवार को परिवादी ने शिकायत दी। इसमें बताया कि सोनोग्राफी मशीन को सील करने, सोनोग्राफी रजिस्टर लौटाने एवं आगे परेशान नहीं करने की एवज में आरोपी पीसीपीएनडीटी समुचित प्राधिकारी एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा उदयपुर जोन के संयुक्त निदेशक की ओर से 1 लाख 50 हजार रुपए रिश्वत मांगी जा रही है।इस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में एसीबी टीम ने शिकायत का सत्यापन किया। इसके बाद पुलिस निरीक्षक मंशाराम ने मय टीम के उदयपुर में ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉ. जुल्फिकार को परिवादी से 1 लाख 25 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।



डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी।

वाड़ाखेड़ा की सम्पत्ति के नामांतरण के लिए भी लिक्विडेटर ने लिखा पत्र

## आदर्श सोसायटी घोटाले में कर्जदारों की सम्पत्तियों को कब्जे में लेने की कार्रवाई

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**सिरोही.** आदर्श क्रेडिट कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी घोटाला मामले में सोसायटी लिक्विडेटर की ओर से सिरोही जिले में सोसायटी की राशि से खरीदी सम्पत्तियों व सोसायटी का ऋण चुकता नहीं करने वाले कर्जदारों की सम्पत्तियों को कब्जे में लेने की कार्रवाई जारी है।

सोसायटी लिक्विडेटर सेवानिवृत्त आईएएस एचएस पटेल की ओर से सिरोही शहर के आसपास, शिवगंज रोड, पाडीव, जावाल समेत कई जगह करोड़ों की सम्पत्तियों को कब्जे में लेने की कार्रवाई की थी। अब जिले के वाड़ाखेड़ा क्षेत्र में भूमि अटैच करने की कार्रवाई की है।

इस मामले में लिक्विडेटर की ओर से भूमि के नामांतरण खोलने को लेकर जिला कलक्टर को लिखे गए पत्र के अनुसार सुशीला देवी प्रकाशराज मोदी के नाम से वाड़ाखेड़ा में 12.90 हैक्टेयर भूमि है, जो मुकेश मोदी, वीरेंद्र मोदी, भारत मोदी द्वारा हस्तांतरित एसीसीएसएल फंड से खरीदी थी। ऐसे में एसीसीएसएल के ऋणी/गारंटर होने के चलते मुकेश मोदी व वीरेंद्र मोदी द्वारा स्वीकृत बकाया ऋण नहीं चुकाने पर इस भूमि का भी म्यूटेशन करने की कार्रवाई करने के लिए जिला कलक्टर को पत्र लिखा है। ताकि खरीद फरोख्त नहीं हो।

### म्यूटेशन के संबंध में दिया मार्गदर्शन

इधर, लिक्विडेटर की ओर से सोसायटी की राशि से खरीदी कर्जदारों की सम्पत्तियों का नामांतरण लिटिवेडर के नाम दर्ज करने को लेकर लिखे पत्र के बाद जिला प्रशासन ने रजिस्ट्रार सहकारी समितियां राजस्थान जयपुर से मार्ग दर्शन मांगा था। अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितियां ने जवाब में लिखा है कि आदर्श क्रेडिट कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी, मल्टीस्टेट कॉपरेटिव सोसायटी अनिधियम 2002 के तहत केन्द्रीय रजिस्ट्रार नई दिल्ली के यहां पंजीकृत समिति है। केन्द्रीय रजिस्ट्रार द्वारा सेवानिवृत आईएएस एचएस पटेल को आदर्श सोसायटी का अवसायक नियुक्त कर रखा हैं। समिति की आस्तियों व दायित्वों का निस्तारण अवसायक द्वारा ही किया जाना है। ऐसे में अनिधियम के तहत कार्रवाई करने के लिए अवसायक प्राधिकृत है।

साइकिल खरीद के टेंडर किए जारी

## प्रदेश की 3.90 लाख छात्राओं को मिलेगी भगवा साइकिल

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**बीकानेर.** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली 3 लाख 90 हजार छात्राओं को अगले दो महीने में साइकिल उपलब्ध करा दी जाएगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने साइकिल खरीद का टेंडर जारी कर दिया है। इस बार वापस भगवा रंग की साइकिलों का वितरण होगा। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय काले रंग की साइकिल वितरित की गई।

**हर साल देरी से लिया सबक:** विभाग ने पहली बार बालिकाओं को साइकिल उपलब्ध कराने के लिए जून में ही फाइल को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया था। हर साल शिक्षा सत्र समाप्त होने पर अथवा पिछले सत्र की साइकिल अगले सत्र में जाकर मिलती हैं। इससे सबक लेते हुए शिक्षा निदेशालय ने 18 जून को राज्य सरकार से साइकिल क्रय करने के लिए स्वीकृति ले ली।

**तेजी से आगे बढ़ी प्रक्रिया:** विभाग ने 22 जुलाई को ई-निविदा जारी कर साइकिल निर्माताओं से दरें आमंत्रित कर ली हैं। शिक्षा निदेशक आशीष मोदी की अध्यक्षता में 27 जुलाई को प्री बिड की बैठक भी हो चुकी है। ई-निविदा 13 अगस्त को खोली जाएगी। उम्मीद है सितम्बर-अक्टूबर में साइकिल बालिकाओं को मिल जाएगी।

20 अगस्त तक बढ़ाई चौकसी

## पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ऑपरेशन अलर्ट शुरू

**जैसलमेर @ पत्रिका.** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सीमापार से किसी भी तरह की अवांछनीय हरकत को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में रविवार से ऑपरेशन अलर्ट शुरू किया गया है, जो 20 अगस्त तक चलेगा। गत वर्ष की तुलना में ऑपरेशन अलर्ट की अवधि 3 दिन ज्यादा रखी गई है। गौरतलब है कि इन दिनों बांग्लादेश में अराजकता के हालात बने हुए हैं। इसके अलावा भारत में जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन एक के बाद एक आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इन सबके मद्देनजर जैसलमेर से सटी पाकिस्तान सीमा पर सीसुब का ऑपरेशन अलर्ट ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है।



**सीमा पर ज्यादा नफरी:** जानकारी के अनुसार ऑपरेशन अलर्ट के तहत पाकिस्तान से लगते सीमा क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल ने अपनी नफरी में इजाफा कर दिया है और सभी रैंक के अधिकारियों को सीमा क्षेत्र में जाकर निगरानी व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में अवस्थित सीमा चौकियों का दौरा शुरू कर दिया है।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस | 39 वर्षों से राज्य के युवाओं को सम्मान मगर सुविधाएं शून्य, 58 को मिला राष्ट्रीय युवा पुरस्कार

# राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित... सुविधा के नाम पर सिर्फ बस पास

**विजय शर्मा**
patrika.com

**जयपुर.** अंतराष्ट्रीय युवा दिवस... यानी ऐसे युवाओं का दिन जो पूरी तरह से राष्ट्र को समर्पित हैं। अफसोस कि राष्ट्र के लिए समर्पित इन युवाओं को राज्य में ही तवज्जो नहीं मिल रहा है। पुरस्कृत युवा 40 हजार रुपए, चांदी का मेडल, शॉल और प्रमाण-पत्र के भरोसे ही जिंदगी गुजार रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से उन्हें सुविधाओं के नाम पर 39 साल में सिर्फ रोडवेज यात्रा का निःशुल्क पास दिया गया है। खेल विभाग एवं युवा विभाग की ओर से सम्मानित युवाओं को सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भी नहीं बुलाया जाता। वहीं, दूसरे राज्यों में सम्मानित युवाओं को कई सुविधाएं हैं। राजस्थान में सर्वप्रथम संस्था श्रेणी में 1988-89 में जन शिक्षा संस्थान और युवा श्रेणी में 1989-90 में अनिल कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजस्थान में अब तक 58 युवाओं को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार और 25 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार दिया जा चुका है। ये सभी उच्च शिक्षा प्राप्त हैं और बिना सरकारी संसाधन के अपने स्तर पर समाज में अलग-अलग क्षेत्रों में जागरूकता लाने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन सरकार इनपर ध्यान नहीं दे रही है।




नासिक में जनवरी में आयोजित 27वां नेशनल यूथ अवॉर्ड

### सम्मानित युवाओं की सरकार से ये मांग

- राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022 के तहत जिला युवा अधिकारी या इससे समकक्ष पद पर नियुक्ति दी जाए।
- राज्य खेल कोटे की तर्ज पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित युवाओं को भी नौकरी में कोटा मिले।
- महाराष्ट्र राज्य की तर्ज पर आरटीडीसी और सर्किट हाउस में निःशुल्क सुविधा दी जाए।
- 40 वर्ष से अधिक युवाओं को पेंशन दी जाए, सभी को हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस मिले।
- राज्य युवा बोर्ड में अध्यक्ष पद पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवाओं को बनाया जाए।

### दूसरे राज्यों में ये सुविधाएं

- महाराष्ट्र में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार युवाओं को रियायती दर पर सर्किट हाउस की सुविधा।
- कर्नाटक सरकार की ओर से रियायती दर पर हाउसिंग की सुविधा।
- हरियाणा सरकार की ओर से अर्जुन पुरस्कार और युवा पुरस्कार विजेताओं को एक जैसे बस पास।
- यूपी सरकार ने पुरस्कार युवाओं को नौकरी में प्राथमिकता दिए जाने की प्रक्रिया चल रही।

### बननी चाहिए पॉलिसी

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मान होने वाले युवा देश और समाज के लिए पूरी तरह समर्पित होते हैं। वे अपना अमूल्य समय खुद के भविष्य निर्माण के बजाय समाज और देशहित में लगा देते हैं। राज्य सरकार को इनके लिए पॉलिसी बनानी चाहिए। सम्मानित युवाओं को नौकरी से लेकर अन्य सुविधाएं मुहैया करानी चाहिए।

**डॉ अनुज,** विलियम्स स्टेट कॉर्डिनेटर, नेशनल यूथ अवॉर्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया

पढ़ाई के दौरान खुद के कपड़े करती थीं डिजाइन

# डिजाइनिंग के शौक ने इतिका को बनाया हुनरमंद



पत्रिका जयकुमार भाटी patrika.com

**जोधपुर |** कोरोनाकाल ने कई परिवारों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया और इस दौरान कई महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया। इन महिलाओं में जोधपुर की इतिका भी शामिल हैं, जिन्होंने कपड़े डिजाइन करने के अपने शौक और कला को निखारने के जुनून से अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कोरोना के बाद इतिका ने वकालत की पढ़ाई पूरी करने के साथ ही अपनी कला को भी आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने घर से कपड़े डिजाइन करने का काम शुरू किया और एक स्टोर खोलने में सफलता प्राप्त की। इतिका अब भारतीय परिधान, विशेषकर साड़ियां, डिजाइन करती हैं और हर घर तक अपने डिजाइन पहुंचाने का प्रयास करती हैं। उनका प्रयास भारतीय परंपरा को संजोने के साथ महिला सशक्तिकरण और हैंड वर्क को बढ़ावा देने का है।

### सोशल मीडिया से निखारी कला

इतिका ने बताया कि पढ़ाई के दौरान वह अक्सर अपने द्वारा डिजाइन किए गए कपड़े पहनती थीं। इसके साथ ही, किताबों और सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने अपनी कला को निखारा। सोशल मीडिया ने उनके डिजाइनों को लोगों तक पहुंचाने में मदद की, जिससे उनके काम को अच्छा रिस्पॉन्स मिला और लोग उनसे जुड़े।

### 90 फीसदी महिला स्टाफ

उनके स्टोर पर करीब 90 प्रतिशत महिला स्टाफ है, जिन्हें वे आत्मनिर्भर बनाने के साथ समाज में अपनी अलग पहचान बनाने का अवसर भी प्रदान कर रही हैं। उनके ब्रांड की विशेषता यह है कि वे लिनन, कपास, जूट और रेशम के कपड़ों पर हाथ से कारीगरी करती हैं। कला और सृजन के प्रति उनका प्यार उनके करियर को ऊंचाई पर ले गया है।

ट्रेंडिंग टॉपिक

## बच्चे के खत ने आर्मी अधिकारियों का जीता दिल



**जिस** उम्र में बच्चे सिर्फ खेल-खिलौनों में ध्यान देते हैं। उसी उम्र के एक बच्चे की ओर से इंडियन आर्मी को भेजा गया धन्यवाद पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। केरल के वायनाड में 30 जुलाई को आए भूस्खलन के बाद किए गए बचाव कार्य में भारतीय सेना के योगदान के वीडियो को तीसरी कक्षा के बच्चे रेयान ने देखा। इसके बाद रेयान ने सेना को धन्यवाद देते हुए एक लेटर लिखा। लेटर में रेयान ने लिखा, 'मैंने एक वीडियो देखा जिसमें आप अपनी भूख मिटाने के लिए बिस्कुट खा रहे हैं और पुल बना रहे हैं। इस दृश्य ने मुझे प्रभावित किया। अब मैं एक दिन भारतीय सेना में शामिल होकर देश की रक्षा करना चाहता हूं।' लेटर का जवाब देते हुए भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर लिखा, आप जैसे नायक हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं।'

News ऑफ द डे

## पोस्ट देखकर कम्पनी ने बदले 5 नियम



**फूड डिलीवरी** की एक कंपनी ने अपने ग्राहकों को 10 मिनट के भीतर खाने का ऑर्डर डिलीवर करने की सेवा दे रही है, जिसकी प्रक्रिया को समझने के लिए बेंगलूरु की एक इंजीनियरिंग स्टूडेंट स्नेहा, ने एक दिन के लिए कंपनी में एक डिलीवरी पार्टनर के रूप में काम किया। स्नेहा ने अपने अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि कंपनी में कर्मचारियों के पास सुविधाओं की काफी कमी है और 10 मिनट के भीतर ऑर्डर डिलीवर करने की प्रक्रिया कठिन और तनावपूर्ण है। स्नेहा ने कंपनी में चल रही आपाधापी और कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं की कमी को उजागर किया। साथ ही, यह भी बताया कि कंपनी की ओर से फूड डिलीवरी के लिए जो आर्थिक लाभ का वादा किया जाता है, वह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। स्नेहा का यह पोस्ट वायरल हुआ और कंपनी के संस्थापक ने इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत एक्शन लेते हुए, कंपनी ने कामकाज में सुधार लाने के लिए 5 नियमों में बदलाव किया।

बिजनेस माइंड

## अपने दम पर कर दिखाया 850 मिलियन डॉलर का कारोबार

बिजनेस की गहरी समझ और लोगों के विचारों को आकार देने की क्षमता के साथ वाणी कोला आज सफल महिला उद्यमियों में गिनी जाती हैं। हैदराबाद में जन्मी वाणी ने अपनी पढ़ाई के बाद अमरीका जाकर वहां दो सॉफ्टवेयर कंपनियों की स्थापना की। दोनों कंपनियों को बेचने के बाद वह भारत आईं। वर्ष 2008 में, वाणी ने दो सहयोगियों के साथ मिलकर एक कंपनी स्थापित की, लेकिन चार सालबाद दोनों साथी अलग हो गए। तब से, 2012 से वाणी अकेले ही इस कंपनी का संचालन कर रही हैं। उनकी कंपनी ने अब तक 850 मिलियन डॉलर से अधिक का कारोबार किया है और स्टार्टअप्स को फंड प्रदान करती है। पढ़ने-लिखने की शौकीन वाणी सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहती हैं और उनके 87,600 से अधिक फॉलोअर्स हैं। इस बिजनेस वुमन ने कई मैराथन में भाग लिया और 2000 में माउंट किलिमंजारो की चोटी पर चढ़ाई की।



वाणी

पत्रिका शी न्यूज़

आप पत्रिका शी न्यूज फेसबुक पेज के माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

पानी भराव वाले क्षेत्रों में जाने पर बोले पाली विधायक भीमराज भाटी

# मुझे आगे जाना है, जूते गीले हो जाएंगे तो सूखेंगे नहीं...



पत्रिका न्यूज नेटवर्क patrika.com

**पाली.** शहर में मूसलाधार बरसात के बाद अभी तक कई क्षेत्रों में पानी का भराव है। जल भराव वाले सुंदरनगर विस्तार क्षेत्र में विधायक भीमराज भाटी जायजा लेने पहुंचे। वहां जाने पर एक महिला उनके पास पहुंची और पानी से होकर आगे चलने को कहा। उसने कहा मैं आपके पैर पड़ती हूं, आगे चलिए। हम कैसे आते हैं, आप भी चलकर देखो एक बार। इस पर भाटी ने कहा बेटी मुझे आगे जाना है, मेरे जूते गीले हो जाएंगे। जो सूखेंगे नहीं, मुझे आगे जाना है...। इस बात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद भाटी को शहरवासियों ने ट्रोल करना शुरू कर दिया। हालांकि भाटी महिला से बात करने के बाद बाइक पर बैठकर पानी से होते हुए क्षेत्र में गए और दौरा कर अधिकारियों को पानी निकासी के लिए कहा।

### इन क्षेत्रों में गए भाटी

सुंदर नगर विस्तार के साथ ही विधायक अन्य क्षेत्रों में भी गए। वे महालक्ष्मी नगर, भोलेनाथ नगर, भैरवा नगर, मुकुन विहार आदि क्षेत्रों में गए और हालात देखे। गौरतलब है कि शहर में बरसात का दौर थमे कई दिन गुजरने के बावजूद रजत विहार, नया गांव, रामनगर सहित कई क्षेत्रों में अभी तक पानी का भराव है।

### पारख से तुलना के वीडियो भी वायरल

विधायक भाटी का वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख के साथ उनकी तुलना के वीडियो भी वायरल हो गए। जिस पर लोगों ने लिखा कि विधायक को पीड़ित जनता की भीगी आंखों की नहीं, अपने जूते भीगने की चिंता..., माननीय विधायक जो पानी में जाने को तैयार नहीं, उनके जूते और कपड़े खराब हो जाएंगे...सेवा भावी ज्ञानचंद पारख सदैव जनता के साथ... जैसे कमेंट के साथ वीडियो वायरल हुए।

### वीडियो वायरल कर भाटी ने दी सफाई

विधायक का जूते खराब होने का वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने स्वयं भी वीडियो रिकॉर्ड कर वायरल करवाया। उसमें कहा कि मुझे प्रदीप हिंगड़ के जन्मदिन पर जाना था। जूते भीग जाएंगे तो क्या फायदा खराब हो जाएंगे। इन लोगों की यह फितरत है। वह पुड़िया, दवाइयां बांटता रहता है। आज पाली की यह हालत है चारों तरफ लोग पानी में डूबे हैं। इस तरह के वीडियो चलाकर क्या साबित करना चाहते हैं। उन्होंने पूर्व विधायक पर कई आरोप लगाए।

### इन्होंने कहा

मैं मोटरसाइकिल पर गया था। वह महिला दुखी थी। उसने मुझे कहा मेरा घर पानी से घिरा है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। आप चलकर देखो। मैंने कहा मेरे जूते आदि भीग जाएंगे। इसके बाद मैं हनुमानसिंह राजपुरोहित की मोटरसाइकिल पर बैठकर उसके घर गया। वहां मैंने एसडीएम सहित अधिकारियों को बुलाया। जिनको क्षेत्रवासियों ने परेशानी बताई।

**- भीमराज भाटी,** विधायक, पाली

चचेरी बहन से था मिलना-जुलना, फिर आरोपी की सगी बहन से की शादी

# जीजा की हत्या के मुख्य आरोपी सहित 5 गिरफ्तार, बदला लेने के लिए की हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क patrika.com

**सूरजगढ़.** थाना इलाके महपालवास गांव में 6 अगस्त की रात को गोली मारकर और तलवार से हाथ काटकर जीजा की हत्या के मामले का पुलिस ने 72 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने बताया कि मृतक अंकित उर्फ अमित जाट का मुख्य आरोपी रिंकू सिंह की चचेरी बहन के साथ मिलना-जुलना था। उसने उसे छोड़कर रिंकू की सगी बहन के साथ शादी कर ली। इस शादी से पहले से ही रिंकू सिंह और मृतक अंकित उर्फ अमित के बीच रंजिश थी। एक बार रिंकू सिंह ने अंकित उर्फ अमित को थप्पड़ मारा था। इसके बाद अंकित उर्फ अमित ने उसकी सगी बहन से शादी करने की धमकी दी और बाद में शादी भी कर ली। इसके बाद भी अंकित उर्फ अमित कई बार रिंकू सिंह का मजाक बनाता था।

6 अगस्त की शाम को रिंकू सिंह ने अपने साथियों के साथ अंकित उर्फ अमित की हत्या कर दी। घटना के वक्त रिंकू सिंह समेत सात लोग थे। इनमें से बोलेरो चालक मोहित जाट को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर हत्या में काम ली गई बोलेरो जब्त कर चुकी है। वहीं बीती रात को चूरू जिले के मेहरासर गांव में दबिश देकर मुख्य आरोपी कुशलपुरा निवासी मृतक के साले रिंकू सिंह के साथ चिमा का बास निवासी दक्षित जाट, धींगड़िया निवासी सुमित राजपूत तथा चांदू सिंह की ढाणी तन जाखोद निवासी विकास खाती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो नामजद आरोपी अभी फरार है।



महपालवास गांव में हत्या के आरोपी पुलिस गिरफ्तार में

### आरोपी दक्षित हाल ही में छूटा जमानत पर

एसपी राजर्षि राज ने बताया कि अब तक गिरफ्तार पांच आरोपियों में से दक्षित जाट का आपराधिक रेकॉर्ड भी सामने आया है। पिछले महीने ही 25 जुलाई को दक्षित को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। लेकिन वह जमानत पर छूट आया और बाहर आते ही उसने रिंकू सिंह के साथ मिलकर यह वारदात कर डाली। एसपी ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए एएसपी फूलचंद मीणा, चिड़ावा डीएसपी विकास धींधवाल तथा छह थानों के एसएचओ के नेतृत्व में 10 टीमें बनाई थी। जिन्होंने करीब 50 से अधिक जगहों पर दबिशें दी। 200 से अधिक लोगों से पूछताछ और 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर आरोपियों को पकड़ा है।

### वारदात करते हुए लोहारू पहुंचे, जहां बिताई रात

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया हैं कि वारदात करने के बाद आरोपी लोहारू गए। जहां पर उन्होंने रेलवे स्टेशन पर रात गुजारी। यहां से बोलेरो और बोलेरो चालक मोहित जाट अपनी गाड़ी लेकर अलग निकल गया। जबकि दो आरोपी और पकड़े गए चार आरोपी अलग-अलग निकल गए। ये चार आरोपी लोहारू से हरियाणा के कुशलपुरा और उसके पास के गांव में फरारी काटी। इसके ट्रेन पकड़कर सरदारशहर के मेहरासर पहुंचे। यहां पर रिंकू का रिश्तेदार रहता है। जिसके खेत में छुपे हुए थे। पुलिस ने चारों को वहीं से पकड़ा।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सीकर @ पत्रिका.** दादिया थाना इलाके में युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई है। दादिया पुलिस के अनुसार, युवक की पहचान प्रमोद कुमार (36) पुत्र श्यामलाल निवासी दीनारपुरा के रूप में हुई। उसको सीकर के एसके अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक के पास से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला।

## आज का राशिफल सोमवार, 12 अगस्त 2024

| | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* आप की मेहनत का फल मिलेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कारोबार निवेश-नौकरी लाभ की स्थिति बनेगी। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* दिन की शुरुआत प्रसन्नचित्त होगी। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। किसी स्वागत समारोह में शामिल होंगे। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह* आप की मानसिकता दिन पर दिन नकारात्मक होती जा रही है। समय पर सम्भल जाएं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। |
| कर्क | *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डु, डे, डो* कॅरियर के प्रति आप ईमानदारी से काम नहीं कर रहे हैं। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* संतान के स्वास्थ की चिंता रहेगी। परिजनों द्वारा आप की भावनाओं को नजरअंदाज किया जाएगा। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* समय का दुरुपयोग कर रहे हैं। अपने व्यवहार और दिनचर्या में बदलाव लाना जरूरी है। धनलाभ होगा। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* अपनी भूलने की आदत के कारण आप को अपनों का क्रोध झेलना पड़ेगा। विदेश जाने के अवसर मिलेंगे। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* किसी भी कीमत पर अपना रुका काम करवाने की जिद रहेगी। व्यय वृद्धि होगी। खर्च की अधिकता रहेगी। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* बात-बात पर क्रोध आना अच्छी बात नहीं है। समय पर संभलना आप के और परिवार के लिए बेहतर होगा। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* दिनचर्या में परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। भवन निर्माण के रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। समारोह में सम्मान मिलेगा। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* अपने आप को सही साबित करना होगा। अध्ययन और अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। चौंकाने वाली खबर मिल सकती है। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* आज वाहन, मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। परिजनों से विवाद न करें। किसी को उधार पैसा न दें। |

**ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन

**ग्रह-नक्षत्र** ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | सफर-06 | मास: | श्रावण |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | शुक्ल |

### आज का दिन

**सोमवार 12 अगस्त, 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से प्रात: 07-38 तक अमृत, प्रात: 09-16 से पूर्वाह्न 10-54 तक शुभ तथा दोपहर बाद 02-10 से सूर्यास्त तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-05 से दोपहर 12-58 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** सप्तमी भद्रा संज्ञक तिथि प्रात: 07-56 तक, तदुपरान्त अष्टमी जया संज्ञक तिथि होगी। सप्तमी तिथि में विवाहादि मांगलिक कार्य, नाचना, गाना, वस्त्र, अलंकार, यात्रा, प्रवेश आदि व अष्टमी तिथि में रत्न, अलंकार, शस्त्रधारण, वास्तु कर्म, विवाह व प्रतिष्ठादिक कार्य शुभ व सिद्ध होते हैं।

**नक्षत्र:** स्वाति प्रात: 08-33 तक, तदुपरान्त विशाखा ''अधोमुख'' संज्ञक व ''मिश्र'' संज्ञक नक्षत्र है। स्वाति ''चर व तिर्झ्यंमुख'' संज्ञक नक्षत्र में विवाह, देवालय, वस्त्र, अलंकार, यात्रा, प्रवेश, वाहन, सवारी सम्बन्धी कार्य और विशाखा नक्षत्र में पदार्थ संग्रह, अलंकार, कारीगरी, चित्रकारी, प्रहार व औषध सम्बन्धी कार्य शुभ व सिद्ध होते हैं।

**योग:** शुक्ल नामक नैसर्गिक शुभ योग सायं 04-25 तक, तदन्तर ब्रह्म नामक नैसर्गिक शुभ योग है।

**विशिष्ट योग:** यमघंट नामक अत्यन्त अशुभ योग प्रात: 08-33 से सूर्योदय तक है। यमघंट नामक योग में विशेष रूप से यात्रादि वर्जित हैं।

**करण:** वणिज नामकरण प्रात: 07-56 तक, इसके बाद रात्रि 08-44 तक भद्रा रहेगी, तदन्तर बवादि करण है।

**व्रतोत्सव:** आज चौथा श्रावण सोमवार व्रत, दुर्गाष्टमी व्रत व गोस्वामी तुलसीदास जयन्ती है।

**चंद्रमा :** चंद्रमा तुला राशि में अन्तरात 04-15 तक, तदुपरान्त वृश्चिक राशि में होगा।

**शुभ मुहूर्त:** आज स्वाति नक्षत्र में विवाह, गृह-प्रवेश, मशीनरी प्रारम्भ, वाहनादि क्रय करना, प्रसूतिस्नान, सगाई व रोका, शल्य चिकित्सा, बोरिंग करवाना तथा कूपखनन आदि के यथाआवश्यक शुभ मुहूर्त हैं।

**दिशाशूल:** सोमवार को पूर्व दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज पश्चिम दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): प्रात: 7-30 बजे से प्रात: 9-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर हैं।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (ता, ति, तु, ते, तो) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। अन्तरात 04-15 तक जन्मे जातकों की जन्म राशि तुला व इसके बाद जन्मे जातकों की जन्म राशि वृश्चिक है। तुला राशि के स्वामी शुक्र व वृश्चिक राशि के स्वामी मंगल हैं। प्रात: 08-33 तक जन्मे जातकों का जन्म रजतपाद से व इसके बाद जन्मे जातकों का जन्म ताम्रपाद से है। सामान्यत: ये जातक सुन्दर, धनवान, वाकपटु, सामान्य बुद्धि और कुछ अहंकारी होते हैं। भाग्योदय 28 वर्ष की आयु के बाद होता है। तुला राशि वाले जातकों को व्यापार-व्यवसाय में सफलता व प्रगति। स्वास्थ्य उत्तम, धनागमन व सृजनात्मक शक्ति का विकास होगा।

## बारिश से कच्चा मकान ढहा, बालक की दबने से मौत

**छतरगढ़. बीकानेर @ पत्रिका.** कस्बे सहित आसपास के गांवों में हुई मूसलाधार बारिश से कई कच्चे मकान धराशायी हो गए। कस्बे में कच्चा मकान ढहने से एक चार वर्षीय बालक की मौत हो गई। तेज बारिश से कस्बा बरसाती पानी से लबालब हो गया। छतरगढ़ कस्बे में बारिश के दौरान कच्चा मकान ढहने से विनोद (4) पुत्र उतमाराम मेघवाल मलबे में दब गया और उसकी मौत हो गई। दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई। उसका सरकारी अस्पताल में उपचार जारी है। तहसील क्षेत्र की आरडी 507 हैड व महादेववाली गांव में कई कच्चे मकान गिर गए।



बीकानेर की घटना

## फैक्ट्री की छत से गिरने से घायल मजदूर की मौत

**बीकानेर @ पत्रिका.** जामसर थाना क्षेत्र के भरुपावा गांव में फैक्ट्री की छत से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भाई किसन की रिपोर्ट पर जामसर थाने में मर्ग दर्ज की गई हैं। जामसर पुलिस के अनुसार घटना 3 अगस्त की है। जामसर पुलिस के अनुसार परिवादी ने बताया कि उसका भाई कन्हैयालाल पुत्र किशनाराम मेघवाल भरुपावा गांव में फैक्ट्री में काम कर रहा था। इस दौरान वह फैक्ट्री की छत से नीचे गिर गया, जिससे गंभीर घायल हो गया। उसे पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

एसओजी टीम आरोपियों को लेकर मौके पर पहुंची

## आईओसीएल पाइप लाइन में सेंधमारी, दो गिरफ्तार



**पाली @ पत्रिका.** एसओजी ने आईओसीएल पाइप लाइन में बर स्थित पेट्रोल पंप के निकट सेंधमारी कर क्रूड ऑयल चोरी करने वाले दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में अब तक छह आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। एसओजी के अनुसार बर में क्रूड ऑयल चोरी के मामले में पूर्व में गिरफ्तार चार आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। अब टीम ने आरोपी निशांत कार्णिक तथा संदीप गुप्ता को वडोदरा एवं सूरत से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों को एसओजी टीम शनिवार को घटनास्थल लेकर पहुंची। टीम ने घटना स्थल की तस्दीक करवा कर घटना का सीन रीक्रिएट करवाया। मामले में वांछित अन्य आरोपी आकाश जैन बैंगलोर पर दस हजार का इनाम हैं तथा कोर्ट से अरेस्ट वारंट जारी हो चुका हैं। जिसकी तलाश जारी है।

### यह है मामला

गत 13 फरवरी को बर के पास स्थित एचपीसीएल पेट्रोल पंप की दीवार के पास से आईओसी की पाइप लाइन में छेद कर सुरंग बनाकर क्रूड ऑयल की चोरी का मामला पकड़ा था। एसओजी के उप अधीक्षक शिव कुमार भारद्वाज को मामले में अनुसंधान कर रहे हैं।

विद्यालय भवन में संचालित हो रहा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय

# भूमि आवंटन के एक वर्ष बाद भी शुरू नहीं हुआ भवन निर्माण

### पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, भवन निर्माण शुरू कराने का किया आग्रह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क patrika.com



**सिरोही.** जिले में गत सरकार के कार्यकाल में खुला राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पिछले एक वर्ष से संस्कृत स्कूल के भवन में ही संचालित हो रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को बैठने तक की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विडम्बना तो यह कि महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए गत वर्ष 12 बीघा भूमि आवंटित किए जाने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस मामले में पूर्व विधायक संयम लोढा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर उन्हें तथ्यात्मक स्थिति से अवगत कराते हुए कॉलेज का भवन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने का आग्रह किया है।

पूर्व विधायक लोढा ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि राजस्थान सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2023-24 में सिरोही में संस्कृत महाविद्यालय के स्थापना की घोषणा की गई थी। गत वर्ष 31 मार्च 2023 को शिक्षा निदेशक के आग्रह पर सिरोही जिला कलक्टर के आदेशानुसार कॉलेज के लिए 12 बीघा भूमि आवंटित कर दी गई। बाद में नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय झाडोली ने निदेशक संस्कृत शिक्षा विभाग को भूमि आवंटित होने की सूचना प्रेषित कर दी, लेकिन अक्टूबर माह 2023 में विधानसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लग जाने के कारण भवन निर्माण की निविदा जारी नहीं की जा सकी थी। लोढा ने पत्र में संस्कृत महाविद्यालय सिरोही के भवन निर्माण का कार्य शुरू करवाने का सीएम से आग्रह किया है।

**प्रतिष्ठित ज्वेलर परिवार की है पीड़िता : सोने की चार चूड़िया लूट कर भाग निकले**

# शातिर ठग बने फर्जी सिपाहियों ने ठगे आभूषण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आगरा.** उत्तर प्रदेश के आगरा में शातिर लुटेरो ने पुलिसकर्मी बनकर एक महिला से इस अंदाज में आभूषण लूटे की वह समझ ना पाई। जब उसे ठगे जाने का अहसास हुआ, शातिर मौके से फरार हो चुके थे।

आगरा की इस घटना से पुलिस महकमा भी सकते में आ गया है। फिलहाल पुलिस अपराधियों की तलाश के लिए सीसीटीवी खंगाल रही हैं। दरअसल, एक ज्वेलर परिवार की महिला ऑटो से अपने घर जा रहीं थीं।

रास्ते में बाइक पर आए दो युवकों ने अपने आप को पुलिसकर्मी बताते हुए ऑटो रोका और फिर महिला को सावधान करने के बहाने उसकी ज्यूलरी उतरवा ली और फरार हो गए।

**यूं चला ठगी का मामला:** घटना में पीड़ित महिला ने हाथ में पहनी हुई सोने की चार चूड़ियां गंवा दी है। आगरा के एमजी एमजी रोड पर ऑटो से आ रहीं मथुरा के स्वर्णकार परिवार की महिला को आगरा कालेज के पास दो युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर रोक लिया। महिला को सावधान करने और चेकिंग का बहाना बनाकर हाथ में पहनीं सोने की चूड़ियां उतरवा लीं और खाली पैकेट थमाकर रफू चक्कर हो गए। महिला को जब तक शातिरों की करतूत का पता चला, दोनों बाइक से जा चुके चुके थे।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस:** पुलिस की एक टीम सीसीटीवी और अन्य माध्यमों से टप्पेबाजों की तलाश कर रही है। पीड़ित महिला मथुरा के ज्यूलर परिवार की हैं। सदर क्षेत्र में रहने वाले उनके भाई भी बड़े कारोबारी हैं। जिस जगह घटना हुई है वहां से पुलिस चौकी कुछ कदम की दूरी पर ही है। थोड़ा आगे चलकर नाई की मंडी थाना है।

## सावधानी बरतने ऑटो लिया था

**ये** घटना शनिवार दोपहर की है। मथुरा के घीया मंडी की रहने वालीं 55 वर्षीय सावित्री सोनी ने बताया कि वो दोपहर 11:30 बजे भगवान टाकीज चौराहे पहुंची थीं। वहां से भाई के घर सदर जाने के लिए ऑटो बुक किया था। बताया कि उन्हें डर था कि आम ऑटो में सवारी के रूप में बैठे शातिर कोई वारदात न कर दें, इसलिए स्वयं के लिए ऑटो बुक कर लिया था। पीछे से बाइक पर आ रहे दो युवकों ने आगरा कालेज महिला विंग के आगे आकर ऑटो को रोक लिया। खुद को पुलिसकर्मी बताया। कहा कि अभी-अभी लूट हो गई है, चेकिंग चल रही है। जेवर पहनकर न जाएं। बहाने से उन्हें एक पैकेट देकर सोने की चारों चूड़ियां उतारकर रखने को कहा।

## पुलिसकर्मी निकले टप्पेबाज



**महिला** ने बताया कि उन्होंने चारों चूड़ियां उतारकर पैकेट में रख दीं। पैकेट एक युवक को पकड़ा दिया। युवकों ने पैकेट लौटाया और सतर्क रहने की कहकर चले गए। महिला ने जैसे ही पैकेट खोला, वो खाली था। वो समझ गई कि उनकी चूड़ियां चली गईं। लूट का अहसास होते ही महिला ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस महिला को थाने लेकर आई और मुकदमा दर्ज किया। ऑटो चालक के बयान भी लिए गए।

## न्यूज विंडो

**गंडक नदी का बढ़ता कटान बांध के लिए बना खतरा: कुशीनगर @ पत्रिका.** कुशीनगर में गंडक नदी का डिस्चार्ज सवा से डेढ़ लाख क्यूसेक के बीच बना हुआ है। विरवट कोन्हवलिया में गंडक नदी कटान करती हुई ठोकर नंबर चार के करीब पहुंच चुकी है और इससे ए पी बांध पर खतरा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र कटान को रोक कर बांध को मजबूत नहीं किया गया तो कभी भी बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। गंडक नदी के डिस्चार्ज में उतार-चढ़ाव के चलते नरवाजोत स्थित ठोकर के नोज पर कटान का खतरा बना हुआ है। विरवट कोन्हवलिया में ठोकर नंबर चार पर भी कटान के खतरे से गांव के लोग चिंतित हैं। पिछले एक सप्ताह से कटान करती हुई नदी फसलों और उपजाऊ जमीन को काटते हुए नुकसान पहुंचा रही है। स्थानीय लोगों को इस बात की भी चिंता है कि पिछले एक सप्ताह से यहां कटान जारी है। अब तो नदी बांध के स्लोप में भी घुस चुकी है। ग्रामीयों का कहना है कि बांध की मजबूती पर ही कई गांवों की सुरक्षा निर्भर करती है।

**हत्या का आरोपी फरार हुआ तो दो थाना प्रभारी सस्पेंड: जौनपुर @ पत्रिका.** जौनपुर के पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ अजय पाल शर्मा ने दीवानी न्यायालय में तैनात सुरक्षा प्रभारी को निलंबित करने के साथ ही दो थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को दीवानी न्यायालय परिसर से पेश के बाद लॉकअप में ले जाते समय हत्या का एक आरोपी फरार हो गया था। इस पर न्यायालय के सुरक्षा प्रभारी अमित सिंह को निलंबित कर दिया है। केराकत कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह और सिंगरामऊ के थानाध्यक्ष तरुण श्रीवास्तव को लाइन हाजिर कर दिया। **इनका किया स्थानान्तरण:** एसपी ने लाइन से निरीक्षक संपूर्णानंद राय को न्यायालय का सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया है। विनोद मिश्र को बदलापुर, उप निरीक्षक रोहित मिश्रा को शाहगंज कोतवाली, उप निरीक्षक संजय सिंह को केराकत कोलवाली, अनिल कुमार को मड़ियाहूं कोतवाली, उपनिरीक्षक सुनील वर्मा को सरेरी, प्रियंका सिंह को पवांरा थानाध्यक्ष बनाया गया है।

**श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटा, एक की मौत आठ घायल: झांसी @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में मऊरानीपुर स्थित केदारेश्वर मंदिर से रविवार को दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटने से एक युवती की मौत हो गई। जबकि आठ अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मंदिर मार्ग पर बारिश के चलते फिसलन थी और ऑटो लौटते समय ढलान पर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही आला अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। एसएसपी राजेश एस ने बताया कि श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए गये थे और लौटते समय ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में 23 वर्षीय युवती की मौत हो गयी है। दो लोगों को मऊरानीपुर स्वास्थ्य केंद्र से ही इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज झांसी मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच पुलिस अधीक्षक देहात को सौंपी गयी है। उन्होंने मौका मुआयना किया और संबंधितों को भविष्य में इस तरह की कोई घटना न घटे इसको लेकर निर्देश दिये गये हैं।

**कॉम्प्लाएंस, पेंडेंसी और डिस्पोजल रेट की समीक्षा**

# खराब प्रदर्शन वाले पुलिस अफसरों पर गिरेगी गाज



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित अपराधों के निस्तारण में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों कड़ी फटकार लगायी है।

माना जा रहा है कि सीएम योगी के अल्टीमेटम के बाद भी सुधार न होने पर कई अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। वैसे तो उत्तर प्रदेश महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश में पहले स्थान पर है। बावजूद इसके प्रदेश के कई जिलों का महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण का अनुपात योगी की अपेक्षा के अनुरुप नहीं है। योगी की मंशा है कि महिला संबंधी अपराधों का निस्तारण शत-प्रतिशत होना चाहिये, जबकि प्रदेश के कुछ जिलों का अनुपात 80-90 प्रतिशत के बीच है। **महिलाओं संबंधी मामलों के निस्तारण में अव्वल:** सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कानून व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में आईटीएसएसओ पोर्टल के आधार पर 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2024 की रिपोर्ट पर चर्चा की थी। इसमें बताया गया कि उत्तर प्रदेश महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश भर के राज्यों में पहले स्थान पर है।

## कॉम्प्लाएंस रेट में प्रयागराज कमिश्नरेट फिसड्डी

**गृह विभाग** के इंवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंस (आईटीएसएसओ) पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज कमिश्नरेट का कॉम्प्लाएंस रेट क्रमश: 80.48 प्रतिशत है। वहीं प्रतापगढ़ का कॉम्प्लाएंस रेट 84.31 प्रतिशत, कानपुर देहात का 85.37 प्रतिशत और चित्रकूट का 86.27 प्रतिशत है। इस पर सीएम योगी ने बेहद नाराजगी जाहिर की है। बरेली में महिला अपराध संबंधी 2997 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 8 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.27 प्रतिशत है। अलीगढ़ में 1910 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 6 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.31 प्रतिशत है। सुल्तानपुर में 952 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 3 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.32 प्रतिशत है। फतेहगढ़ में 767 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 2 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.26 प्रतिशत है।

## गृह विभाग की थपथपाई थी पीठ

**प्रदेश** का निस्तारण प्रतिशत 98.70 प्रतिशत है। वहीं केंद्र शासित राज्यों में लद्दाख पहले और दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव दूसरे स्थान पर है। सीएम ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए गृह विभाग की पीठ थपथपाई। वहीं अधिकारियों ने रिपोर्ट के आधार पर सीएम को बताया कि प्रदेश के कुछ जिलों के अधिकारी निस्तारण को लेकर गंभीर नहीं हैं। रिपोर्ट में उनकी लापरवाही सामने आयी है।

**एक माह का अल्टीमेटम**

**इस** पर सीएम योगी ने नाराजगी जाहिर करते हुए ऐसे अधिकारियों (एसपी, एसएसपी और पुलिस कमिश्नर) को एक माह में सुधार लाने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही अधिकारियों को एक माह बाद लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट शासन को उपब्लध कराने के निर्देश दिये हैं। माना जा रहा है कि यदि लापरवाह अधिकारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होता है तो उन पर गाज गिर सकती है।

**प्रलोभन देकर धर्मान्तरण का आरोप**

# सरकारी जमीन पर बने अवैध चर्च पर गरजा बुलडोजर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मिर्जापुर.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुलडोज़र जिले के अहरौरा में वन विभाग के ज़मीन पर अवैध रूप से बनाये गये चर्च पर गरजा।

आरोप है कि यहां स्थानीय लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण करवाया जा रहा था। जिला पुलिस प्रमुख अभिनंदन ने बताया कि थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत बने इस चर्च में सीधे-साधे लोगों को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। यह थाना अहरौरा में वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाया गया था। इस अवैध चर्च के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि जिस ज़मीन पर चर्च बना हुआ है वह वन विभाग की है।



## नोटिस पर भी कोई नहीं आया

**वन विभाग** की ज़मीन को खाली करने हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के द्वारा अवैध कब्जा धारक को वन अधिकारी के रिपोर्ट के आधार पर नोटिस जारी किया गया था, जिसमें अवैध कब्जाधारी या उसका कोई प्रतिनिधि कार्यालय में उपस्थित नहीं हुआ। राजस्व, पुलिस प्रशासन एवं वन-विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रूप से निर्मित चर्च को ध्वस्त कराते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।

**विधानसभा सीट पर होने हैं उपचुनाव**

# मैनपुरी की करहल सीट भाजपा ही जीतेगी : डिप्टी सीएम पाठक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मैनपुरी.** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मैनपुरी के करहल में दावा किया कि करहल विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है और उपचुनाव में भाजपा ही करहल विधानसभा सीट जीतेगी।

उन्होंने कहा कि बूथवार कार्यकताओं से वार्ता कर चुनाव जीतने की रणनीति बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें करहल विधानसभा जिताने की जिम्मेदारी दी है और वह इस जिम्मेदारी को पूरा करने के प्रयासरत हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में प्रति विधानसभा 3 मंत्रियों को जिम्मेदारी दी है। मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधान सभा सीट से इस्तीफ़ा दिए जाने के कारण रिक्त हुई है।

## कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**मैनपुरी** में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि करहल सीट पर बीजेपी दमदारी से चुनाव लड़ेगी और सपा से यह सीट इस बार छीन लेगी। पाठक के रविवार को करहल आगमन पर भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा के बाद उपमुख्यमंत्री बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ उपचुनाव को लेकर मंथन करेंगे और चुनाव जीतने की रणनीति बनाएंगे।

## दौड़ती कार बनी आग का गोला, छलांग लगा बचाई जान

**लखनऊ @ पत्रिका.** शहर के आइजीपी चौराहे पर शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। चलती कार में अचानक आग लगने से तीन लोगों की जान पर बन आई। हालांकि समय रहते सभी ने कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना ने चौराहे पर अफरा-तफरी मचा दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई। हालांकि तब तक कार जल चुकी थी। **बोनट से धुआं उठा और धधक गई कार:** चालक धर्मेंद्र ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करते हैं और घटना के समय बाबा हॉस्पिटल देवा रोड से एक सवारी लेकर हजरतगंज जा रहे थे। कार में एक पति-पत्नी सवार थे, जिन्हें हजरतगंज में उनके घर छोड़ना था। धर्मेंद्र ने बताया कि महिला की स्थिति को देखते हुए वे कार की स्पीड 20 से 30 किमी प्रति घंटे के बीच रख रहे थे। अचानक कार से धुआं उठने लगा। जिससे उन्हें शॉर्ट सर्किट का अंदेशा हुआ।

**वंदे मातरम् के नारों से गूंजा क्षेत्र** | **बरसात में उत्साह हुआ दोगुना**

# भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**फिरोज़ाबाद.** फिरोजाबाद में केंद्र व प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष अंकित तिवारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश शंखवार, सदर विधायक मनीष असीजा, प्रवासी अरविंद पाराशर सभी मंडल अध्यक्ष, पार्षद, वरिष्ठ नेता व पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह यात्रा अटल पार्क से शुभारंभ होकर बाइक द्वारा जैन मंदिर चौराहा से गांधी पार्क चौराहा, सेंट्रल चौराहा, बर्फ खाना डाकखाना चौराहा धौली मोहल्ला चौराहा, अग्रसेन चौक, कोटला चुंगी चौराहा, क्लब चौराहा होते हुए दीक्षित मार्केट में इसका समापन हुआ। यात्रा में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ बारिश के होते हुए भी देश प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ बारिश के दौरान भी तिरंगा यात्रा चलती रही।

## गांधी परिवार के आंसू आतंकवादियों के मरने पर आते हैं : शलभ मणि

**देवरिया.** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता और देवरिया विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने रविवार को गांधी परिवार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के आंसू सिर्फ आतंकवादियों के मारे जाने और गाजा पर निकलते है। त्रिपाठी ने प्रेस क्लब के शिलान्यास के बाद संवाददाताओं से कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के आंसू सिर्फ दो लोगों के लिए निकलते हैं। एक बाटला में मारे गये आतंकवादी और दूसरा गाजा के लोगों के लिए निकलते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जो घटना हो रही है और इसमें जो हिन्दू और दलित मारे जा रहे हैं, उनके प्रति संवेदना के एक भी गांधी परिवार, कांग्रेस या ईडी गठबंधन के तरफ से नहीं आया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उनको सिर्फ अपने वोट बैंक की चिंता है। जिस प्रकार बांग्लादेश में बलात्कार, अत्याचार और दरिन्दगी हुई है और उनको लगता है कि इस पर एक शब्द भी बोलेंगे तो उनका वोक बैंक खिसक जाएगा। आज पूरा देश समझ चुका है कि ये आतंकवादियों के मरने और गाजा के लिए रोते हैं।

## भाजपा कार्यकर्ता ही फैला रहे अराजकता : माताप्रसाद

**गोण्डा @ पत्रिका.** नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने गोण्डा जनपद के दौरे में भाजपा पर आरोप लगाया कि इस पार्टी के कार्यकर्ता सूबे में अराजकता फैला रहे है। पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की दुहाई देने वाली भाजपा कार्यकर्ता ही अराजकता फैलाने में जुटे हैं। उन्होंने नेता सदन सीएम योगी के चचा को गच्चा वाले बयान पर भी पलटवार किया।

**पुलिस ने हमले की बात से किया इनकार**

# अपराधी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, एसआई घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सहरसा.** सदर थानाक्षेत्र के बटराहा में अपराधी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना शनिवार की देर रात की है। बताया जा रहा है कि सदर थाना और टीओपी 2 की पुलिस को सूचना मिली कि एक वांछित अपराधी भारतीय नगर के पास अपने अन्य सहयोगियों के साथ है। सूचना पर जब पुलिस छापामारी करने पहुंची तो सभी भागने लगे। दरअसल पुलिस को दो लोगों के ही होने की जानकारी थी लेकिन वहां चार अपराधी थे, जो पुलिस के साथ धक्का-मुक्की कर भाग गए। इस घटना में सदर थाना के सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार को हल्की चोट लगी, जिनको देर रात सदर अस्पताल में इलाज कराया गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस नशे कारोबार की सूचना पर छापामारी करने पहुंची थी। जहां पुलिस पर हमला कर कारोबारी भाग गए। पुलिस एक युवक को पकड़कर पूछताछ के लिए सदर थाना लाई।



फाइल फोटो

## इनका कहना है

**ब**टरहा टीओपी 2 प्रभारी सनोज कुमार ने बताया कि हमले की बात गलत है। मेरे ही एक केस में एक अपराधी वांछित है, जिसके भारतीय नगर के पास होने की सूचना मिली थी। बताया गया था कि वह अपने एक अन्य साथी के साथ है। लेकिन जब वहां पहुंचे तो वे लोग चार की संख्या में थे। सदर थाने का गश्ती दल भी था। पकड़ने के दौरान अंधेरा होने के कारण सब इंस्पेक्टर को पकड़-धकड़ में चोट लगी थी। हमले की बात होती तो एफआईआर की जाती। सदर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि अपराधियों की पकड़-धकड़ में चोट लगी है। हमले की कोई बात नहीं है, जिसे पूछताछ के लिए लाया गया है, वह भी वहीं घूम रहा था।

# अनियंत्रित ट्रक टकराए, एक चालक की मौत

फाइल फोटो



## एक मृतक चालक का शरीर ट्रक काटकर निकाला गया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** पटना में तेज रफ्तार से आ रहे दो ट्रक अनियंत्रित होकर आमने-सामने टकरा गए। इस हादसे में दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए। घटना में एक ट्रक ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना नौबतपुर थाना क्षेत्र के पटना विक्रमपुर बलियावन गांव के पास की है। स्थानीय लोगों की सूचना पर नौबतपुर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक ट्रक ड्राइवर के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया।

## खाली थे दोनों ट्रक

**घ**टना होते ही घटनास्थल पर घंटों अफरातफरी का माहौल बना गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घटना के संबंध में नौबतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों ट्रक पर कुछ भी लोड नहीं था। एक ट्रक विक्रम से पटना की तरफ आ रहा था, जबकि दूसरा ट्रक पटना से विक्रम की तरफ जा रहा था। दोनों ट्रक बलियावन गांव के नजदीक अनियंत्रित हो गये और दोनों के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई।

मृतक ड्राइवर की पहचान जहानाबाद जिला के मखदुमपुर निवासी भुरिक यादव (26) के रूप में हुई है।

## झारखंड : दो दर्जन से अधिक आइएएस अफसरों का ट्रांसफर

**चुनाव से ठीक पहले सीएम हेमंत सोरेन का बड़ा कदम**

**रांची @ पत्रिका.** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने दो दर्जन से अधिक आइएएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया है। इनमें सीएम हेमंत के सचिव अरवा राजकमल भी शामिल हैं। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी को कृषि विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। प्रधान सचिव मस्तराम मीणा को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार को नगर विकास एवं आवास विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह अमिताभ कौशल को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। अगले आदेश तक उनके पास वाणिज्य कर सचिव का भी प्रभार रहेगा। भवन निर्माण सचिव मनीष रंजन को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान का निदेशक बनाया गया है।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव राजेश शर्मा को आपदा प्रबंधन विभाग का सचिव बनाया गया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

## दो पक्षों के विवाद में डेढ़ साल के बच्चे को लगी गोली



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** राज्य की राजधानी पटना के दीदारगंज थानाक्षेत्र में दो पक्षों के विवाद के बाद हुई गोलीबारी में एक डेढ़ साल के बच्चे को गोली लग गई है। उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी की सूचना पर दीदारगंज पुलिस थाना क्षेत्र के महमदपुर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

घायल बच्चे के दादा सतेंद्र सिंह ने बताया कि पोता दक्ष राज को महमदपुर शिव मंदिर के पास एक दुकान से कुछ सामान दिलाने गया था।

# फाइलेरिया की दवा खाने से 50 से अधिक लोग बीमार, तीन गंभीर

**जीएमसीएच में हो रहा इलाज**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** पूर्णिया में फाइलेरिया दवा खाने से 50 से अधिक अधिक लोग बीमार हो गए। इसमें तीन की स्थिति काफी गंभीर है जिसे इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में रखा गया है। घटना पूर्णिया जिले के जलालगढ़ थाना क्षेत्र रहिका गांव की है। जहां स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खाने दी गई फाइलेरिया की दवा और एल्बेंडाजोल दवा खाने के तुरंत बाद ही एक-एक करके सभी लोगों को उल्टी, दस्त, सिर में चक्कर आने लगा। इसके बाद आनन फानन में इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए लाया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए आधा दर्जन महिलाओं को पूर्णिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। तीन की स्थिति गंभीर हैं।

## रहिका गांव में फाइलेरिया की दवा बांटी गई थी

**परिजनों** ने बताया कि जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त को शुरू की गई हैं। अभियान के तहत रहिका गांव में फाइलेरिया की दवा बांटी गई थी। शाम में फाइलेरिया की दवा खाते ही लगभग 50 से अधिक लोगों को उल्टी, दस्त, चक्कर आने लगा। जिसे गांव में हड़कंप मच गया। लोगों द्वारा जलालगढ़ पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते आधा दर्जन लोगों को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाकी का इलाज जलालगढ़ पीएचसी में जारी है। वहीं बीमार में लकारी पासवान, रितु देवी, सदन लाल पासवान, काजल कुमारी, मधु कुमारी, जयमाला देवी, गीता देवी, तेतरी देवी, विभा देवी सहित अन्य शामिल है।

**पशु चारा और सब्जी लेने जा रहे थे**

# बिहार : बागमती नदी में पलटी किसानों से भरी नाव, दो लापता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** खगड़िया में बागमती नदी की उपधारा में किसानों से भरी नाव पलट गई। इस घटना में दो किसान लापता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक छोटी सी नाव में एक दर्जन से अधिक किसान दियारा क्षेत्र में सब्जी और चारा लाने के लिए जा रहे थे।

घटना खगड़िया के मानसी थानान्तर्गत खिड़निया घाट की है। घटना की सूचना मिलते ही मानसी थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पहुंची। लापता दो लोगों की खोजबीन नदी की उपधारा में की जा रही है। बताया जा रहा है कि नाव पर सवार होकर एक दर्जन से अधिक किसान नदी की उपधारा को पार कर दियारा जा रहे थे। जैसे ही कुछ दूर आगे नाव बढ़ी कि वह अनियंत्रित होकर नदी में डूब गई। इससे नाव पर सवार लोगों में अफरातफरी मच गई।

## एक महिला और एक पुरुष लापता



फाइल फोटो

**लोगों** ने बताया कि नाव हादसे के बाद आनन-फानन में लोग नदी में तैरकर अपनी जान बचाने की कोशिश करने लगे। लेकिन दो लोग नदी में ही डूब गए। इस घटना में अधिकतर लोग बाहर आ गए लेकिन एक महिला व एक युवक अभी भी लापता है। इसकी पहचान आमला देवी के रूप में हुई है। दोनों के परिजनों में कोहराम मचा है। मानसी थानेदार ने बताया कि दो किसान के लापता होने की सूचना दी गई है। एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया है। खोजबीन की जा रही है।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# बांग्लादेश में आरक्षण के नाम पर दूसरा ही 'खेला'

शेख हसीना के अपदस्थ होने के एक सप्ताह बाद भी बांग्लादेश संकट के भंवर से बाहर नहीं आ पाया है। शांति का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में अंतरिम सरकार भी विफल नजर आ रही है। हालात काबू करने में नाकाम पुलिस अपनी सुरक्षा की दुहाई देकर हड़ताल पर है। अराजकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने ढाका में सुप्रीम कोर्ट का घेराव कर चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर दिया। आरक्षण के खिलाफ करीब एक महीने से चल रहा आंदोलन सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद खत्म हो जाना चाहिए था, जो आंदोलनकारियों के पक्ष में था।

उथल-पुथल जारी रहने से इन आशंकाओं को बल मिला है कि आरक्षण की आड़ में दूसरा ही 'खेला' चल रहा है। शक की सुई पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ और चीन के अलावा अमरीका पर भी घूम रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने के लिए कुछ विदेशी ताकतों ने आंदोलन को हवा दी। दरअसल, भारत के प्रति झुकाव को लेकर शेख हसीना चीन की आंख की किरकिरी बनी हुई थीं। चीन की नजर बांग्लादेश के मोंगला बंदरगाह का प्रबंधन हासिल करने पर थी। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की जासूसी के लिए इस बंदरगाह के जरिए चीन वहां अपना सैन्य और मिसाइल बेस कैम्प कायम करना चाहता था। शेख हसीना का बंदरगाह का प्रबंधन भारत को सौंपने का फैसला चीन के लिए बड़ा झटका था। दोनों देशों के रिश्तों की कड़वाहट पिछले महीने ही सामने आ गई थी, जब चार दिन की यात्रा बीच में ही खत्म कर शेख हसीना ढाका लौट गई थीं। यह संयोग नहीं है कि इस घटनाक्रम के बाद आरक्षण आंदोलन दिन-ब-दिन उग्र होता गया और शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बांग्लादेश में लोकतंत्र पर भीड़तंत्र हावी हो गया है। सभी प्रमुख सरकारी और संवैधानिक संस्थान प्रदर्शनकारियों के निशाने पर हैं। बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक के प्रमुख को भी पद छोड़ने को मजबूर किया गया। जेलों पर हमलों से सैकड़ों कैदी भाग निकले हैं। बांग्लादेश में रह रहे हजारों हिंदुओं की सुरक्षा खतरे में है। आम लोगों की तकलीफों पर सुनवाई के लिए फिलहाल बांग्लादेश में सारे रास्ते बंद हैं। बांग्लादेश में अराजकता के दौर ने भारत की सीमाओं पर भी खतरे बढ़ा दिए हैं। वहां से भारी तादाद में लोग भारत में घुसपैठ कर सकते हैं। घुसपैठ टालने के साथ-साथ बांग्लादेश के घटनाक्रम पर लगातार निगरानी की जरूरत है।

**सामयिक:** तेहरान में हमास के शीर्ष नेता हानिया की हत्या से पनपे हालात ने बढ़ाई भारत की दुविधा

# पश्चिम एशिया में तनाव और संतुलन की चुनौती



विनय कौड़ा
अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ
@patrika.com

**पश्चिम एशिया में किसी भी तरह का सैन्य तनाव भारत के सुरक्षा हितों पर विपरीत असर डालेगा। फिर यह भी याद रखना होगा कि इजरायल में लगभग 18,000 भारतीय और ईरान में लगभग 10,000 भारतीय हैं। संघर्ष बढ़ने से सरकार पर उनकी तत्काल निकासी के लिए दबाव पड़ेगा।**

इजरायली सेना के फिलिस्तीनी इलाकों पर ताबड़तोड़ सैन्य हमलों के कारण इजरायल-हमास बातचीत में आ रही बाधाओं और नवनिर्वाचित ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद तेहरान में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की नाटकीय हत्या से पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। दूसरी ओर, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा अमरीका को अपने पक्ष में घसीटने का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है जिससे युद्ध के बादल मंडराने लगे हैं। इसी कारण, एयर इंडिया सहित सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने तेल अवीव की उड़ानें कम या रद्द कर दी हैं।

ईरान और हमास दोनों ने हानिया की मौत के लिए इजरायल को दोषी ठहराया है। ईरान द्वारा इजरायल पर जवाबी हमले की आशंका को ध्यान में रखते हुए भारत ने संयम बरतने का आह्वान किया है। पर भारत का कूटनीतिक झुकाव किसी पक्ष की ओर नहीं है। हानिया की हत्या पर सीधी प्रतिक्रिया देने के बजाय पश्चिम एशिया की स्थिति को चिंताजनक करार देना भारत की तटस्थ स्थिति का एक प्रतिबिंब है। हालांकि कुछ आलोचक इसे अस्पष्ट नीति कहेंगे। वैसे भारत ने हमास को आतंकवादी समूह की सूची में प्रतिबंधित नहीं किया है, पर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का रुख एकदम स्पष्ट रहा है। हानिया की हत्या पर स्पष्ट प्रतिक्रिया देकर भारत अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष को कमजोर नहीं करना चाहता। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए आतंकवादी हमले की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ी निंदा की थी। इस बयान को भारत की दो-राज्य समाधान की परम्परागत फिलिस्तीन नीति में अचानक बदलाव के तौर पर देखा गया, पर भारत की पश्चिम एशिया नीति में रातों-रात कोई परिवर्तन नहीं आया है क्योंकि वह संतुलन की बुनियाद पर टिकी हुई है।

फिलिस्तीन का प्रश्न केवल पश्चिम एशिया के लिए ही अहम नहीं है। यह उन सब देशों के लिए महत्वपूर्ण है जहां मुस्लिम आबादी बड़ी संख्या में निवास कर रही है - फिर वह पश्चिमी देश हों या फिर भारत, इसलिए हानिया पर अस्पष्ट रुख भारत की संतुलनकारी कूटनीति को ही उजागर करता है। वर्तमान में भारत की पश्चिम एशिया नीति में आर्थिक कारक काफी अहम हो गए हैं। यदि अब भारत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब जैसे देशों से व्यापारिक और निवेश भागीदारी पर अधिक ध्यान देने लगा है, तो सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारत के लिए ईरान भी एक महत्त्वपूर्ण देश है। ईरान दो प्रमुख मोर्चों पर भारतीय रणनीतिक सोच का एक महत्त्वपूर्ण घटक है। पहला, पश्चिम एशिया एवं अफगानिस्तान तक भारत की पहुंच आसान बनाने का जरिया। दूसरा, भारत की शिया आबादी पर ईरान की विचारधारा का संभावित असर। दरअसल, पश्चिम एशिया की विस्फोटक भू-राजनीति केवल भारतीय विदेश नीति के विकल्पों तक सीमित नहीं है, यह भारत के घरेलू विमर्श में भी शामिल है। क्षेत्र में सैन्य तनाव बढ़ने से रणनीतिक संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण व दुविधापूर्ण होता जा रहा है।

पिछले कुछ समय में कई जुलूसों के दौरान फिलिस्तीनी एकजुटता एवं इजरायल विरोधी भावनाओं का प्रदर्शन देखा गया है। यहां तक कि भारत में कार्यरत इजरायली कंपनियों के बहिष्कार का आह्वान भी किया गया। कुछ साल पहले भी ईरान के लोकप्रिय जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के विरोध में रैलियां निकाली गई थीं। ये तथ्य इसलिए चिंताजनक हैं क्योंकि इनका संबंध पाकिस्तान-प्रेरित आतंकवाद से न होकर भारत की मुस्लिम राजनीति की वैचारिक सोच से है। यह सही है कि इसका राजनीतिक असर फिलहाल नगण्य है, फिर भी यथास्थिति बनाए रखना अहम है ताकि इस्लामिक चरमपंथ की किसी धारा के भारत में उत्थान को रोका जा सके। जिस प्रचंडता से इस्लामिक कट्टरपंथियों ने बांग्लादेश में वापसी की है वह वैसे भी भारत के लिए नया सिरदर्द बन गया है। इसी पृष्ठभूमि में ईरान और इजरायल में बढ़ता तनाव भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय है। गौरतलब है कि अप्रेल में ही ईरान ने दूर-दराज के लक्ष्यों तक पहुंचने में अपनी सैन्य-तकनीकी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया है। उस दौरान ईरान और उसके क्षेत्रीय प्रॉक्सी गुटों द्वारा लॉन्च किए गए ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलें लगभग एक ही समय में इजरायल पहुंचे। ऐसी क्षमता के लिए बेहतरीन योजना और सटीकता की आवश्यकता होती है। इनमें से अधिकांश सैन्य क्षमताएं ईरान ने स्वदेशी रूप से और कड़े अमरीकी प्रतिबंधों के बावजूद हासिल की हैं।

भारत के लिए यह जरूरी हो गया है कि वह ईरान की बढ़ती क्षेत्रीय सैन्य उपस्थिति और मारक क्षमताओं को पहचाने और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे। ईरान लम्बे समय से अनेक शिया गुटों, जिसमें हिजबुल्लाह प्रमुख रहा है, के जरिए अपनी क्षेत्रीय महत्त्वाकांक्षाओं को पूरा कर रहा है। ईरानी प्रभाव, हमास और इस्लामिक जिहाद जैसे फिलिस्तीनी समूहों तक भी फैल चुका है। धीरे-धीरे ईरान-समर्थक प्रॉक्सी गुटों की ताकत में घातक इजाफा हुआ है। इनमें यमन में हूती और इराक में पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स (अल-हशद अश-शबी) शामिल हैं। अगर पश्चिम एशिया में युद्ध आरंभ होता है तो वह सीमित नहीं रहेगा क्योंकि ईरान मिसाइलों को लॉन्च करने के लिए अपने प्रॉक्सी गुटों का उपयोग अवश्य करेगा। तब ईरानी ड्रोन और मिसाइलें किस-किस दिशा में रुख करेंगी, इसका तो अनुमान ही लगाया जा सकता है। जाहिर है, ईरान के प्रति एक गंभीर दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें कूटनीतिक, सैन्य और विचारधारात्मक तत्वों का समावेश हो।





## ज्वारीय बोर का जादू: चीन की कियानतांग नदी के तट पर लहरों की लय

***सैकड़ों** सालों से, चंद्र कैलेंडर के आठवें महीने में, लोग हांग्जो खाड़ी के मुहाने पर चीन की कियानतांग नदी के तट पर इसके प्रसिद्ध 'बोर टाइड' या 'ज्वारीय बोर' की लहरों को देखने के लिए इकट्ठा होते हैं। सामान्य से ज्यादा ऊंची ज्वार की लहरें खाड़ी की ओर बढ़ती नदी की धारा में घुस जाती हैं, जिससे एक चौड़ी लहर पैदा होती है जो 30 फीट तक ऊंची हो सकती है। कियानतांग नदी का ज्वारीय बोर दुनिया का सबसे बड़ा और अपनी तरह का सबसे शक्तिशाली है। कभी-कभी दो ज्वार एक साथ मिलकर क्रॉस जैसी आकृति बनाते हैं, जो सूर्यास्त के समय और भी अधिक आकर्षक हो जाती है। ज्वारीय बोर उस तट पर होता है जहां नदी समुद्र या महासागर में गिरती है। ज्वारीय बोर एक मजबूत ज्वार है जो नदी को धारा के विपरीत ऊपर धकेलता है।*

**नेतृत्व**

# टीम सदस्यों को सक्रिय रूप से सुनना जरूरी

## लीडर प्रभावी तभी होंगे, जब वे स्वयं संवेदनशील बनेंगे

पिछले आलेख में चर्चा की गई थी कि किस प्रकार जुनून और संवेदनशीलता के साथ लीडर सफल नेतृत्व कर सकते हैं। जुनून और संवेदना के सामंजस्य से लीडर न सिर्फ अपनी टीम और संगठन को, बल्कि स्वयं की क्षमताओं को भी बेहतर बना सकते हैं। पर नेतृत्व में संवेदनशीलता मात्र दयालु होने से कहीं ज़्यादा है; इसमें टीम के सदस्यों की बातें सक्रिय रूप से सुनना, उनकी चुनौतियों को समझना और जरूरत पड़ने पर सहायता प्रदान करना शामिल है। एक संवेदनशील लीडर कार्यस्थल पर सुरक्षित और समावेशी वातावरण बनाता है जहां सभी कर्मचारी अपने विचारों और चिंताओं को व्यक्त करने में सहज महसूस करते हैं। यह खुलापन विश्वास को बढ़ावा देता है, जो किसी भी सफल टीम की नींव है।



प्रो. हिमांशु राय
निदेशक,
आइआइएम इंदौर
@patrika.com

इसके अलावा, वे वर्क-लाइफ बैलेंस और मानसिक स्वास्थ्य के महत्त्व को पहचानते हैं। वे ऐसी नीतियों और प्रथाओं को प्रेरित करते हैं जो उनके कर्मचारियों की समग्र भलाई का समर्थन करती हैं, जैसे फ्लेक्सिबल वर्क ऑवर्स, मेंटल हेल्थ डे, और पेशेवर क्षमता विकास के अवसर। जब वे व्यक्तिगत रूप से टीम के सदस्यों की परवाह करते हैं, तब वे संगठन के भीतर वफादारी और अपनेपन की भावना का निर्माण करने में सफल होते हैं। पर आवश्यक यह है कि जुनून और संवेदनशीलता में एक सही संतुलन हो। अधिक जुनून से भी संगठन पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है और अत्यधिक संवेदनशीलता से भी लक्ष्यों की प्राप्ति में समस्या आ सकती है। अतः सबसे प्रभावी लीडर इन दोनों गुणों को सहजता से एकीकृत करते हैं, जिससे एक संतुलित दृष्टिकोण बनता है जो प्रदर्शन और कल्याण दोनों में सहायक होता है। इस एकीकरण को प्राप्त करने के कुछ तरीके इस प्रकार हैं:

1. **उदाहरण के द्वारा नेतृत्व करें:** अपने कार्यों और निर्णयों के माध्यम से जुनून का प्रदर्शन करें, अपनी टीम को दिखाएं कि आप संगठन के लक्ष्यों के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, सुलभ होकर, सक्रिय रूप से उनकी बातें और चुनौतियां सुनकर और सहानुभूति दिखाकर करुणा भी व्यक्त करें।
2. **प्रभावी ढंग से संवाद करें:** अपने दृष्टिकोण और लक्ष्यों को उत्साह के साथ साझा करें, और नियमित रूप से प्रगति और उपलब्धियों के बारे में संवाद करें। प्रतिक्रिया के लिए खुलापन रखें, जिससे टीम के सदस्य भी आपकी बातें सुनें, अपनी भावनाएं साझा करें और मूल्यवान महसूस करें।
3. **अपनी टीम को सशक्त बनाएं:** टीम के सदस्यों को नए विचारों और दृष्टिकोणों को खोजने की स्वायत्तता देकर नवाचार व रचनात्मकता को प्रोत्साहित करें। आवश्यक संसाधनों के साथ मदद करें और उन्हें आगे बढ़ने में मदद के लिए रचनात्मक प्रतिक्रिया दें।
4. **सफलताओं का जश्न मनाएं, असफलताओं से सीखें:** अपनी टीम की उपलब्धियों को स्वीकार करें और उनका जश्न मनाएं, चाहे वे कितनी भी छोटी क्यों न हों। जब असफलताएं आती हैं, तो उन्हें एक संवेदनशील मानसिकता के साथ स्वीकारें और दोष देने के बजाय सीखने और सुधार पर ध्यान केंद्रित करें।
5. **सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा दें:** ऐसा कार्य वातावरण बनाएं जो सम्मान, समावेशिता और समर्थन को प्राथमिकता देता हो। टीम सदस्यों के बीच सहयोग और आपसी सम्मान को प्रोत्साहित करें, और संघर्षों को सहानुभूति और निष्पक्षता के साथ संबोधित करें।

प्रभावी नेतृत्व जुनून और संवेदनशीलता के माध्यम से प्रदर्शन को आगे बढ़ाने और एक सहायक और समावेशी कार्य वातावरण को पोषित करने के बीच सही संतुलन बनाने के बारे में है।

**अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस आज**

# डिजिटल माध्यम युवाओं के लिए खोल रहे हैं नई राह



डॉ. भुवनेश जैन
क्षेत्रीय निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन, पश्चिम क्षेत्र.
@patrika.com

भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित खारा राठौड़ान गांव की शादीशुदा युवती पूनम के लिए उस समय बड़ा संकट पैदा हो गया जब उसका पति कोविड के दौरान फैक्ट्री बंद होने से अहमदाबाद से गांव लौट आया। गांव में रोजगार नहीं, पास में पैसा नहीं और कोई मददगार भी नहीं। 27 वर्षीय पूनम मात्र 7वीं उत्तीर्ण। इस बीच पूनम को गांव में किसी ने बताया कि लोग वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड करके पैसा कमाते हैं। उसने किसी तरह से मोबाइल खरीदा, बैंक अकाउंट खुलवाया और बिना किसी टेक्नो गुरु के लगातार स्वयं प्रयास करके यूट्यूबर बन गई। देशी भाषा में हंसी मजाक के वीडियो यूट्यूब पर अपलोड करना शुरू कर दिए। परिवार और समाज के के लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन वह डटी रही। पति का साथ था। देखते-देखते पूनम राजस्थानी के 7 लाख के करीब फॉलोवर्स बन गए हैं। हंसी मजाक के वीडियो में सामाजिक चेतना का संदेश भी देती रहती हैं। वे कलाकारों को मंच भी दे रही हैं। गरीबी की जिंदगी से निकलकर पूनम ने सबसे पहले अपना स्टूडियो बनाया और अब सुंदर मकान का निर्माण करा रही हैं। डिजिटल दुनिया ने दूर-दराज के गांव की सामान्य शिक्षा प्राप्त युवती पूनम के जीवन और आजीविका में जबरदस्त बदलाव ला दिया है। ऐसी अनेक कहानियां मिल रही हैं। डिजिटल प्लेटफार्म से युवाओं ने स्वयं को, परिवार को और समाज को सशक्त किया है.

मोबाइल एवं अन्य डिजिटल डिवाइस युवाओं के करियर और विकास में मददगार साबित हो रही हैं। इन युवाओं को डिजिटल निवासी, डिजिटल जीवी, डिजिटल पीढ़ी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने थकाऊ, उबाऊ, और आनंददायक बना दिया है। समय, धन एवं अन्य संसाधनों की बचत भी हो रही हैं और शैक्षिक-आर्थिक लाभ भी प्राप्त करते दिखाई दे रहे हैं। 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। संयक्त राष्ट्र दुनिया के नौजवानों की ऊर्जा, कुशलता और उनमे अपार सम्भावनाओं को देख रहा है और उनसे अपेक्षा भी है कि वे सतत विकास के तय लक्ष्य को 2030 तक पूरा करने में मदद करें। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 15-24 वर्ष की उम्र के दो तिहाई नौजवानों की इंटरनेट सुविधा तक पहुंच हैं जो अन्य उम्र के लोगों से ज्यादा है। भारत में नेशनल सेंम्पल सर्वे के अनुसार 24 प्रतिशत भारतीय ग्रामीण परिवारों की पहुंच इंटरनेट तक है। डिजिटल डिवाइड से जो दो दुनिया सामने हैं, उसे पाटने की जरूरत है जिसके लिए सरकारी प्रयास भी बड़े पैमाने पर जारी हैं। युवा वर्ग डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर शिक्षा, जीवन और आजीविका को बेहतर बनाएं। साथ ही वे सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरण जैसे मुद्दों को उठाएं। डिजिटल साधनों का इस्तेमाल सही सूचना, शिक्षा और संचार के लिए करें। वे गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, जल, स्वच्छता, शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा,आपदा प्रतिरोधक, कौशल और लैंगिक समानता के लिए हो रहे कार्यों में भी अपना योगदान दें।

डिजिटल साधन संवेदनशील हैं। इनका नकारात्मक उपयोग हिंसा, उत्पीड़न, नफरत , ठगी ,अलगाव आदि को बढ़ावा भी दे रहा है जिससे बचने की जरूरत है। सभी को डिजिटल ज्ञान से जोड़ना है लेकिन कुशलता और सतर्कता के साथ। अब कृषि, बाजार, स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा,बैंक सुविधा, सेवा कार्य मात्र एक क्लिक से दूर हैं और पूरी दुनिया के साथ आपका कनेक्शन हो जाता है। डिजिटल नवाचार से युवा दुनिया के वंचित लोगों के जीवन को बदल सकते हैं। वे पृथ्वी को बेहतर ,समृद्ध, सुखी और सुरक्षित बनाने में योगदान कर सकते हैं। युवा डिजिटल जीवियों, युवा डिजिटल निवासियों, डिजिटल पीढ़ी से सभी को रचनात्मक योगदान की अपेक्षा है।

**श्रावण में वातावरण शिवमय**

# संहार में भी सृजन को समेटे हुए हैं दुखहर्ता- कल्याणकर्ता शिव



अजहर हाशमी
कवि और साहित्यकार
@patrika.com



मेरे मौलिक मत में 'शिव' दीनमित्र पहले हैं कुबेर मित्र बाद में, दुखहर्ता पहले हैं देवाधिदेव बाद में, मासूम पहले हैं महाकाल बाद में, दयादाता पहले हैं दंडदाता बाद में, कल्याणकर्ता पहले हैं ताण्डवकर्ता बाद में। दीनमित्र की दरियादिली, दुखहर्ता की दृष्टि, मासूम की मुस्कान, दयादाता की दिव्यता, कल्याणकर्ता की करुणा जब एकाकार हो जाती है तो 'शिव' हो जाती है। इस प्रकार शिव नाम है कल्याण का। शिव धाम है कल्याण का। इस संदर्भ में काव्य-पंक्तियां भी हैं-

***शिव यानी कल्याण है, शिव यानी उत्थान ,***
***शिव चिंतन, शिव-चेतना, शिव में निहित निदान,***
***शिव समत्व के सारथी, शिव शुभता, शिव खैर,***
***शिव के प्रेम प्रभाव में, प्राणी भूलें गैर,***
***तुरंतः प्रसन्न इसीलिए, नाम है आशुतोष,***
***शिव का मतलब सादगी, शिव यानी संतोष,***
***तप में हों तल्लीन या हो गौरी के साथ,***
***निर्विकार-निश्छल सदा, शिव हैं भोलेनाथ।***

स्पष्ट है कि शिव का पारमार्थिक प्रवाह है कल्याण। शिव का नीतिगत निर्वाह है कल्याण। शिव की रीतिगत रवानी है कल्याण, शिव की प्रीतिगत कहानी है कल्याण। इससे सिद्ध होता है कि शिव का आध्यात्मिक स्वरूप भी कल्याण है और दिव्य रहस्य भी कल्याण है। प्रश्न उठता है कि कल्याण किसका? कल्याण कैसे? पहले प्रश्न का उत्तर है कि शिव को भले ही 'संहारक' कहा जाता हो लेकिन मूलतः वे सृजेता ही हैं। शिव सृजेता हैं कल्याण के। संहार किए बिना सृजन होता नहीं। सृजन हुए बिना कल्याण होता नहीं। इसको यों समझिए। एक इमारत का निर्माण होना है तो उसकी दीवारों को आकार सीमा और संतुलन देने के लिए ईंटों को जोड़ना होगा। लेकिन, सही शक्ल देने के लिए कुछ ईंटों को तोड़ना भी होगा। इन ईंटों को तोड़े बिना अर्थात 'संहार' किए बिना निर्माण नहीं होगा। यानी सृजन नहीं होगा। अगर इमारत का निर्माण नहीं होगा तो लोगों को रहने के लिए आसरा नहीं मिलेगा। आसरा नहीं मिलेगा तो उनकी रहने की समस्या का समाधान नहीं होगा। अर्थात कल्याण नहीं होगा। तात्पर्य यह है कि शिव, संहार में भी सृजन को समेटे हुए हैं, जिसमें कल्याण निहित है। यह कल्याण उसका होता है जो समर्पण के संस्कार से युक्त हो।

दूसरा प्रश्न यह कि कल्याण कैसे? इसका उत्तर यह है कि जब कोई समर्पण से भरा होता है तो शिव उसके प्रति स्वयं समर्पित हो जाते हैं और कल्याण कर देते हैं। जैसे शिव ने श्री विष्णु का कल्याण किया। जब उन्होंने यह देखा कि विष्णु ने कमलपुष्प खो जाने पर अपना नेत्र ही शिव को चढ़ा दिया। तब शिव ने प्रसन्न होकर कमल को सुदर्शन-चक्र में परिवर्तित करके विष्णु को दे दिया। इस प्रकार शिव के द्वारा विष्णु का कल्याण हो गया। इसी तरह समुद्र-मंथन के बाद कालकूट विष कंठ में लेकर भी शिव ने सृष्टि का कल्याण किया। शिव का यह कल्याणकारी आध्यात्मिक स्वरूप इस प्रकार है।

***पाप को पुण्य में भुगतान की आदत है मुझे,***
***यानी हर दर्द के सम्मान की आदत है मुझे,***
***तुम्हें अमृत हो मुबारक, मैं जहर पी लूंगा,***
***मैं तो शंकर हूं विषपान की आदत है मुझे।***

**आपकी बात**

## बांग्लादेश को दी जाए चेतावनी

**बांग्लादेश** को चेतावनी देनी चाहिए कि वह अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को तुरंत बंद करे। अत्याचार न रुकने पर सैन्य कार्रवाई का विकल्प खुला रखना चाहिए। इस मामले में भारत चुप न रहे।

-**दिलीप शर्मा**, भोपाल, मध्यप्रदेश

**आज का सवाल**

**शेख हसीना को शरण देने में पश्चिमी देश हिचक क्यों रहे हैं?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com** पर पढ़ें

## पाठकों की प्रतिक्रियाएं

इसे स्कैन करें

**पत्रिकायन** का सवाल था, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न रोकने के लिए भारत क्या करे? ' ऑनलाइन भी देखें।
https://shorturl.at/3jm2i

**अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस** : रायगढ़ की विनिता को सीएसवीटीयू फोर्टे ने स्टार्टअप 'आरुग' को दिया फंड, टाटा सोशल इंटरप्राइज ने की सराहना

# 70 रुपए में वॉशेबल सेनेटरी पैड, हर बार धोकर 5 साल तक हो सकेगा इस्तेमाल

मोहम्मद जावेद
patrika.com




**भिलाई.** अब मासिक धर्म यानी पीरियड में महिलाओं को बार-बार सेनेटरी पैड खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रायगढ़ की रहने वाली एंटरप्रेन्योर विनिता पटेल ने एक ऐसा सेनेटरी पैड तैयार किया है, जो पूरी तरह से वॉशेबल है। इस पैड की कीमत मात्र 70 रुपए है, जिसे धोकर 200 बार तक इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पैड का नाम है, आरुग। छत्तीसगढ़ी में आरुग शब्द का मतलब स्वच्छता होता है। खास बात यह है कि यह वॉशेबल पैड पांच साल तक बिना किसी टेंशन के चल सकता है। महावारी के दौरान महिलाओं को महंगे सेनेटरी पैड के बोझ से आजादी दिलाने के इस आइडिया को टाटा ग्रुप ने सराहा है। यह आइडिया टाटा सोशल एंटरप्रेन्योर चैलेंस के सेमीफाइनल राउंड में पहुंचा है, जहां विनिता टॉप-50 में शामिल हुई हैं। यही नहीं छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय की इन्क्यूबेशन सेल सीएसवीटीयू फोर्टे ने भी विनिता के इस स्टार्टअप आइडिया को दो लाख रुपए की शुरुआती फंडिंग जारी कर दी है।

**महिलाओं ने किया ट्रायल** : विनिता बताती हैं कि उनका यह पैड सामान्य पैड की ही तरह 7 से 8 घंटों तक चल सकता है। इसके बाद इसे उतारकर वॉश करना होता है। इसका सबसे बड़ा फायदा ग्रामीण महिलाओं को होगा, जो सेनेटरी पैड का इस्तेमाल सिर्फ इसलिए नहीं कर पाती क्योंकि वह बहुत महंगे होते हैं। विनिता मानती हैं कि जिस तरह मासिक धर्म की जानकारी बालिकाओं को होना जरूरी है, वहीं जानकारी लडक़ों को भी मिलनी चाहिए। इसके लिए उनका स्टार्टअप स्कूलों और कॉलेजों में जा कर सेमीनार के जरिए युवाओं को भी मैंस्टुअल हाईजीन की जानकारी दे रहा है। इसके अलावा सेनेटरी पैड ग्रामीण महिलाओं को वितरित भी किए गए हैं। सभी ने इसे उत्तम पाया है। महिलाओं का कहना है कि महंगे पैड से बचने के लिए वें कपड़े का इस्तेमाल कर रही थीं, लेकिन अब वही सेनेटरी पैड उनके बजट में हो पाएगा।



विनिता पटेल

**सालाना 6000 रुपए की बचत :** आम तौर पर मासिक धर्म के लिए पैड की खरीदने में महिलाओं को हर साल 12 से 1500 रुपए तक खर्च आता है, वहीं यह पैड महज 280 रुपए के चार पीस में पांच साल तक साथ निभाएंगे। इस तरह महिलाएं पैड की खरीदारी में करीब 6 हजार रुपए की बचत करेंगी।

### इसलिए खास है यह पैड

**विनिता** ने बताया कि यह पैड यूनिसेफ की गाइडलाइन को फॉलो कर तैयार हुए तैयार किया गया है। पैड की ऊपर की लेयर फ्लिस फैबरिक से बनी है। जो पैड को वॉटरपूफ बनाती है। वहीं भीतर की तरफ पीयूएल फैबरिक का इस्तेमाल है। इसकी खासियत है कि महवारी के दौरान पैड पर दाग नहीं लगेंगे। पैड हमेशा ड्राई बना रहेगा। यह पैड बाजार में बिकने वाले सामान्य पैड की तरह सभी साइज और शेप में उपलब्ध कराया गया है। जिस तरह सामान्य पैड को चिपकाने की जरूरत पड़ती है, इसमें वैसा नहीं है। इस पैड में बटन दिए गए हैं, जिन्हें लगाना होता है। इस पैड को सभी जरूरी मानको पर परखा गया है, जिसमें आईएसओ टेस्टिंग भी शामिल है।

### अनोखा सोशल स्टार्टअप

**विनिता** ने बताया कि कई साल तक सरकारी नौकरी की तैयारी करने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली तो बिजनेस में हाथ आजमाने का इरादा किया। तब सोचा कि क्यों न ऐसा स्टार्टअप किया जाए जो समाज को भी जोड़े और स्वच्छता को भी। इसके बाद काफी रिसर्च की और आखिर में वॉशेबल सेनेटरी पैड निर्माण करने का निर्णय लिया। बाजार में बिकने वाले सामान्य सेनेटरी पैड में एक दर्जन से अधिक केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे महिलाओं को कैंसर के साथ कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। जबकि उनका वॉशेबल पैड पूरी तरह कपड़े से तैयार किया गया है। यह खास मटेरियल है, जो स्वच्छता के साथ सेहत की गारंटी भी देता है। वहीं इस पैड को डिस्पोज करना भी आसान है। पैड पर्यावरण के लिए भी बिल्कुल सुरक्षित है, क्योंकि यह आसानी से डिस्पोज किया जा सकता है।

## हाउसिंग बोर्ड के 188 परिवारों को 3 करोड़ रुपए वापस

**रायपुर@पत्रिका.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन से विभागों के लंबित कार्यों का यथाशीघ्र निराकरण किया जा रहा है। इसी के तहत आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्री ओपी चौधरी द्वारा लंबे समय से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अंतर्गत हितग्राहियों के लंबित भुगतान के लिए धनराशि वापसी के निर्देश दिए हैं। इस पहल के परिणाम स्वरूप लगभग 188 परिवारों को 3.01 करोड़ मंडल द्वारा वापस किए गए हैं। गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त कुंदन कुमार ने बताया कि मंत्री चौधरी के निर्देश का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को देर से भुगतान के मुद्दे को हल करना था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई की हैं और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पात्र हितग्राहियों को धन वापसी की गई है।

## सीएम ने किया 'हर घर तिरंगा' यात्रा का आगाज




**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान का रविवार को आगाज हुआ। सीएम विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडेय राजनांदगांव में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इधर, रायपुर में भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर यात्रा का आगाज किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

## प्रदेश में स्वाइन फ्लू से तीसरी मौत

**पत्रिका ब्यूरो @ बिलासपुर.** प्रदेश में स्वाइन फ्लू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। बिलासपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती स्वाइन फ्लू से पीड़ित की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। तीन दिन में यह तीसरी मौत है। इससे पहले कोरिया व जांजगीर-चांपा जिले की दो महिलाओं की 9 अगस्त को मौत हो गई थी। बिलासपुर के मंगला निवासी 66 वर्षीय वृद्ध सप्ताह भर से अपोलो अस्पताल में भर्ती थे। उनकी हालत में सुधार न होने के कारण मौत हो गई। उनका वेंटिलेटर पर ऑक्सीजन सपोर्ट पर इलाज चल रहा था। बिलासपुर में स्वाइन फ्लू से पीड़ित तीन मरीज अपोलो में भर्ती हैं। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। इधर स्वाइन फ्लू को लेकर सीएमएचओ डॉ. प्रभात श्रीवास्तव ने जिले भर के सरकारी व निजी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है।

**बलरामपुर-रामानुजगंज:** कुसमी इलाके की घटना

## हाइवा की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत, प्रदर्शन

**पत्रिका ब्यूरो @ कुसमी.** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम डुमरखोली मोड़ पर शनिवार की रात बाइक सवार 2 युवकों को बॉक्साइट परिवहन में लगे हाइवा ने कुचल दिया था। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इदरीपाठ के ग्राम अंबाडीहार निवासी दिलसाय बिरजिया (28) शनिवार की शाम 4.30 बजे अपने गांव के दोस्त सलेस्टीन (20) के साथ बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल डूमरखोली पंचायत के ग्राम हरदीखांड़ जाने के लिए निकला था। बाइक सलेस्टीन चला रहा था। शाम करीब 7.30 बजे दोनों डुमरखोली मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि कीचड़ में बाइक का पहिया फिसल गया और दोनों सड़क पर जा गिरे। इस दौरान हाइवा का पहिया दोनों को रौंदते हुए निकल गया।

### दो-दो लाख मुआवजा व नौकरी देगा हिंडालको प्रबंधन

**घटना** से गुस्साए युवकों के परिजनों व आदिवासी समाज ने रविवार को सामरी थाने के सामने दोनों युवकों का शव रखकर घंटों प्रदर्शन किया। बाद में मृतकों के परिजनों को हिंडालको प्रबंधन द्वारा 2-2 लाख रुपए मुआवजा व एक-एक सदस्य को नौकरी के आश्वासन पर प्रदर्शन खत्म हुआ।

**विश्व हाथी दिवस** : छत्तीसगढ़ में मानव-हाथी संघर्ष पर 18 योजनाओं में करोड़ों खर्च के बाद भी

# 23 सालों में हाथी नहीं बने साथी

**6 सालों में करीब 300 लोगों की मौत, कर्नाटक में छत्तीसगढ़ से 18 गुना से ज्यादा हाथी होने के बाद भी क्षति कम**

पत्रिका स्पॉट लाइट

राकेश टेंभुरकर/दिनेश यदु
patrika.com

**रायपुर.** प्रदेश में जंगली हाथियों से निपटने के लिए पिछले 23 साल में 18 योजनाओं और करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद हाथी नहीं बन पाए हमारे साथी। वन विभाग और एलीफेंट प्रोजेक्ट से जुड़े अफसर फिल्म दिखाने, हाथी के गले में घंटी बांधने से लेकर धान तक खिलाने और कर्नाटक से कुमकी हाथियों के जरिए कई प्रयोग कर चुके हैं। इसके बाद भी जनहानि रुकने का नाम नहीं ले रही है। उनके संरक्षण और संवर्धन को लेकर किए जा रहे प्रयासों के सार्थक परिणाम जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि देशभर में सबसे ज्यादा कर्नाटक में 6395 हाथी है। उनकी संख्या 6 फीसदी से भी कम छत्तीसगढ़ में करीब 350 हैं। लेकिन, हाथियों का उपद्रव थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन 23 सालों में विभिन्न कारणों से 221 हाथियों की मौत भी हुई है। वन विभाग के अफसरों का कहना है कि हाथियों को जंगल के भीतर रोकने के लिए की कवायद में जुटे हुए हैं।

**इस तरह की योजनाएं :** वन विभाग ने जंगली हाथियों को रोकने के लिए सोलर फेंसिंग तार, गले में घंटी बांधने, कुमकी हाथियों की मदद, रेडियो से स्लोगन एवं सूचना प्रसारित करने, मुनादी कराने, लोकगीत जन जागरण अभियान, आवास योजना, रंगमंच, स्लोगन, पोस्टर -बैनर, स्थायी और अस्थायी, धार्मिक अस्था से जोड़कर लोगों को हाथियों के प्रति श्रध्दा रखने कहा गया। वहीं फिल्म हाथी मेरे हाथी, सहित विभिन्न डाक्यूमेंट दिखाकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जंगल के भीतर उनके खाने के लिए फलदार वृक्ष, मशरूम और धान खिलाने का प्रयास भी किया गया। इसके बाद भी हाथियों के दल जंगल छोड़कर रिहायशी इलाकों की ओ्रर लगातार रुख कर रहे है।

**पांच साल में 1.09 लाख से ज्यादा प्रकरण :** हाथियों द्वारा 2016 से 2021 के बीच नुकसाए पहुंचाए जाने के 1 लाख 9511 से ज्यादा प्रकरण वन विभाग द्वारा दर्ज किए गए है। इसमें 11980 प्रकरण प्रापर्टी को नुकसान पहुंचाने और 97531 प्रकरण जनहानि और फसलों को क्षति पहुंचाने के शामिल हैं। इन प्रकरणों में करोड़ों रूपए का मुआवजा पीड़ितों को वितरित किया गया है।

**2018 से 2020 के बीच सबसे ज्यादा मौतें :** सरकारी आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 2019 से 2024 के बीच हाथियों के हमलों में करीब 300 लोगों की मौत हुई है। बीते सप्ताहभर में ही कोरबा और जशपुर में हाथी के कुचलने से 7 लोगों की मौत हो चुकी हैं। सबसे ज्यादा मौत 2018 से 2020 के बीच हाथियों के हमलों में 204 लोगों की मौत हो चुकी है और 97 लोग घायल हुए। इस अवधि में 45 हाथियों की मौत भी हुई, जिसमें सबसे अधिक 18 मौतें 2020 में दर्ज की गई। यह संघर्ष न केवल मानव जीवन के लिए खतरनाक है, बल्कि वन्यजीवों के लिए भी गंभीर संकट पैदा कर रहा हैं। छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग विशेषकर सरगुजा संभाग में जशपुर और अंबिकापुर में मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं अधिक हैं, जहां लगभग 240 जंगली हाथी निवास करते हैं।

**मधुमक्खियों का उपयोग भी हो सकता है कारगर :** छत्तीसगढ़ में हाथी-मानव संघर्ष को कम करने के लिए अब मधुमक्खियों का उपयोग किए जाने की योजना हैं। मनोरा परिक्षेत्र में 50 हितग्राही, विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों को मधुमक्खी बाड़ लगाने के लिए प्रशिक्षण और बी-बॉक्स प्रदान किए गए हैं। आईआईटी मुंबई के विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया गया है। हाथी मधुमक्खियों की भिनभिनाहट और काटने के डर से उन क्षेत्रों से दूर रहते हैं। यह परियोजना सरगुजा, जशपुर और अंबिकापुर में लागू की जा रही है।

**गांवों में पक्के मकान बनाएं, जागरूकता अभियान चलाएं :** पूर्व आईएफएस अधिकारी केके बिशेन ने हाथी-मानव संघर्ष को कम करने के लिए सुझाव दिए कि गांवों में पक्के मकान बनाए जाने चाहिए और जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। घरों के बाहर झालर लाइटें लगाने से हाथियों को दूर रखा जा सकता हैं। ग्रामीणों की सावधानी से जनहानि को रोका जा सकता हैं।

### एआई से हाथी-मानव संघर्ष रोकने के प्रयास

**छत्तीसगढ़** में वन विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का उपयोग हाथी व मानव के बीच टकराव को रोकने के लिए शुरू किया है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व, धमतरी, गरियाबंद, धरमजयगढ़, कटघोरा, सरगुजा, जशपुर और अंबिकापुर में घूम रहे करीब 300 हाथियों की निगरानी एक विशेष ऐप के माध्यम से की जा रही है। एआई आधारित छत्तीसगढ़ एलीफेंट ट्रैकिंग एंड अलर्ट ऐप पर हाथियों की लोकेशन ट्रैक की जाती है।

### इन हरकतों से हाथी हो जाते हैं आक्रामक

**सीतानदी** उंदती के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि पटाखे फोड़ना, मिर्ची बम का उपयोग, पत्थर मारना, और बिजली की चपेट में आने से हाथी आक्रामक होते हैं। विस्थापित हाथी अधिक आक्रामक होते हैं। अतिक्रमण, अवैध कटाई, सड़क निर्माण, और खदानें भी हाथियों को परेशान करती हैं। हमें इन कारणों को समझकर समाधान निकालना होगा।


पत्रिका AI फोटो

हाथियों का संभावित प्रवास क्षेत्रों में गांवों को वायरलेस, मोबाइल, और माइक से पूर्व सूचना देकर सचेत किया जाता है। हाथी मित्र दल वन कर्मचारियों को हाथियों के आगमन की जानकारी देते हैं और स्थिति नियंत्रण में रखते हैं। सरपंच, सचिव और ग्रामीणों के वॉट्सऐप ग्रुप के माध्यम से हाथियों की जानकारी साझा की जाती है। वन प्रबंधन समितियों की बैठकों में जनधन की क्षति रोकने के उपायों का प्रचार-प्रसार किया जाता है और आवश्यकता पड़ने पर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाता है।

-सुधीर अग्रवाल,
पीपीसीएफ वाइल्ड लाइफ

### उम्मीदों पर पानी फेर रहा कुमकी हाथी, बढ़ी वन विभाग की बेचैनी

**कोरबा** . झुंड से बहिष्कृत होने के बाद कोरबा में तीन महिलाओं को मारने के चार दिन बाद भी दंतैल हाथी रिहायशी इलाकों से दूर जंगल में नहीं पहुंचा है। यह कोरबा और जांजगीर-चांपा जिले की सीमा पर खिसोरा के जंगल में ठहरा हुआ है। इसके चारों ओर घनी आबादी है। खिसोरा के जंगल में हाथी की मौजूदगी वन विभाग की बेचैनी को बढ़ा रही है। इस बीच इस दंतैल हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने के लिए मुंगेली जिले के अचानकमार टाइगर रिजर्व से लाया गया कुमकी हाथी वन विभाग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रहा है। दो दिन बीत गए हैं लेकिन अभी तक कुमकी हाथी दंतैल को घने जंगल की तरफ ले जाने में कामयाब नहीं हुआ है। कुमकी हाथी को दंतैल लगातार पंतोरा के जंगल में छका रहा है। रविवार सुबह 8 बजे कुमकी हाथी को महावत के साथ उस स्थान पर भेजा गया जहां दंतैल हाथी के ठहरने का लोकेशन ड्रोन कैमरे में कैद हुआ था। करीब तीन घंटे तक जंगल में इधर-उधर विचरण करने के बाद कुमकी खाली हाथ लौट आया।

### 35 सालों से अबूझ है हाथियों की समस्या, जशपुर है एंट्री पॉइंट

अमानुल्ला मलिक
patrika.com

**जशपुरनगर.** छत्तीसगढ़ में में हाथियों की समस्या 35-36 वर्ष पुरानी हैं। जशपुर जिले में पहली बार 1988 में झारखंड-ओडिशा के रास्ते से हाथियों का प्रवेश हुआ था। तब से अब तक इस समस्या से निपटने के तमाम प्रयास किए गए लेकिन अब तक वन विभाग इनके सामने लाचार साबित हो रहा है। हाथियों का कोई स्थायी समाधान नहीं होने के कारण यह समस्या बनी हुई है। बीते 5 सालों में वन विभाग ने केवल क्षतिपूर्ति और मुआवजा देने में ही 5 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर चुका है।

**अब तक के सारे प्रयास विफल :** वन विभाग हाथियों को जंगलों में ही रोकने के लिए कई नए प्रयोग कर चुका हैं जिनमें हाई मास्ट लाईट से लेकर, सोलर और विद्युत प्रवाहित तारों का बाड़ा लगाने से लेकर लेमन ग्रास, और पंचगव्य से लेकर,मशाल जलाने, पटाखा फोड़ने, हाई बीम टॉर्च, इलेक्ट्रिक वायर फेंसिंग, हुल्ला पार्टी गठित करने जैसे कई प्रयोग केंद्र व राज्य सरकार कर चुकी हैं। इन सरकारी प्रयोगों में करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं। लेकिन नतीजा शून्य ही रहा हैं। वहीं कर्नाटक के हाथी विशेषज्ञ अब्दुल कादिर हो या असम की हाथी विशेषज्ञ पार्वती बरुवा के द्वारा जंगली हाथियों को प्रशिक्षित हाथियों के द्वारा प्रशिक्षित करने की कोशिश हो या पश्चिम बंगाल के हुल्ला पार्टी के द्वारा हाथियों को खदेड़ने की कोशिश यह सारे प्रयास यहां विफल साबित हो चुके हैं।

**राज्य सरकार ने गठित की समिति**

## शासकीय विभागों के सेटअप में बदलाव की तैयारी

**रायपुर@पत्रिका.** राज्य शासन ने अपने शासकीय विभागों के सेटअप में बदलाव कर निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार ने समिति गठित की है। इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार आगे का फैसला लेगी। सरकार अपने 45 विभागों के जरिए काम करती है। इनमें से अधिकांश के सेटअप राज्य गठन के बाद से पुनरीक्षित नहीं किए जा सके हैं। जबकि प्रदेश की आबादी हर साल बढ़ रही है। वहीं खास बात यह भी है कि अधिकांश विभागों में जो सेटअप मंजूर है, उसके अनुसार विभाग में नियुक्तियां भी नहीं हुई है। वित्त विभाग के अवर सचिव राजीव कुमार झाड़ ने विभागों के सेटअप में बदलाव के लिए गठित समिति को संशोधित करते हुए नया आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक समिति का अध्यक्ष वित्त विभाग के अपर सचिव डॉ. एसके सिंह को बनाया गया है। इसमें सामान्य प्रशासन विभाग का एक प्रतिनिधि भी शामिल होगा। यह प्रतिनिधि उप सचिव से निम्न स्तर का नहीं होगा। समिति में संबंधित विभाग का बजट देखने वाले संयुक्त सचिव या फिर उप सचिव स्तर के अधिकारियों को भी सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा कमेटी में वित्त विभाग के नियम शाखा के अवर सचिव राजीव कुमार झाड़े भी समिति के सदस्य होंगे।

**लाल आतंक** : सुकमा के चिंतलनार की घटना

## पूर्व सरपंच की हत्या, महिला ने की धमकी के डर से खुदकुशी

**पत्रिका ब्यूरो @ सुकमा .** जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के ग्राम नागाराम में नक्सलियों द्वारा देर शाम पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए पूर्व सरपंच हेमला सुकलाल की हत्या कर दी। वहीं नक्सलियों की चेतावनी से भयभीत एक महिला हेमला सन्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। इस मामले पर पुलिस टीम द्वारा तस्दीक़ की जा रही हैं। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को रात तकरीबन 8-9 बजे के मध्य आधा दर्जन से अधिक नक्सलियों ने नागाराम के पूर्व सरपंच हेमला सुकलाल (55) की गला रेतकर हत्या कर दी। उक्त घटना की जिम्मेदारी नक्सलियों की केरलापाल एरिया कमेटी ने लेते हुए मौके पर पर्चा फेंककर मृतक के ऊपर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया है। नक्सलियों की चेतावनी से भयभीत एक महिला हेमला सन्नी द्वारा फांसी लगाए जाने की जांच की जा रही है। सुकमा पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि सलवा जुडूम का हवाला देते हुए एक निर्दोष ग्रामीण की नक्सलियों के केरलापाल एरिया कमेटी द्वारा हत्या की गई है।


हेमला सुकलाल    हेमला सन्नी

**व्यवस्था** | जेल डीजी ने सभी अधीक्षकों और जेलरों से मांगे सुझाव

# जेलों में राखी का त्योहार मनाने को लेकर असमंजस

**रायपुर @ पत्रिका.** प्रदेश के जेलों में राखी त्योहार के अवसर पर होने वाले आयोजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसे देखते हुए जेल डीजी राजेश मिश्रा ने सभी जेल अधीक्षकों और जेलरों से सुझाव मांगा है। इसमें आयोजन के दौरान कैदियों को राखी बांधने के लिए आने वाली उनकी बहनों और परिजनों की संख्या, आयोजन पर होने वाले व्यय, सुरक्षा की व्यवस्था के साथ ही अन्य जानकारी देने कहा है।

इसका ब्यौरा मिलने के बाद आयोजन करने का निर्णय लिया जाएगा। जेल डीजी ने बताया कि सभी जेलों से सलाह लेने के बाद विचार किया जाएगा। इसकी जानकारी जेल प्रभारियों को देने के साथ ही जेल के बाहर सार्वजनिक रूप से सूचना चस्पा की जाएगी। बता दें कि प्रदेशभर के सभी जेलों में 2023 के दौरान राखी त्योहार का आयोजन किया गया था। इसके बाद कोरोना संक्रमण को देखते हुए पिछले 3 साल से किसी भी तरह का सार्वजनिक आयोजन नहीं किया गया।

कैदियों के परिजनों द्वारा लाई गई राखी और अन्य खाद्य सामग्री की जांच करने के बाद संबंधित कैदी और बंदी तक पहुंचाया गया था। कोरोना संक्रमण के बाद हालात के सामान्य होने पर विभिन्न महिला सामाजिक संगठनों और गायत्री परिवार को राखी बांधने की अनुमति दी गई थी।




### मुलाकात की व्यवस्था

**कैदियों** और बंदियों को रक्षाबंधन के अवसर पर अपनी बहनों और परिजनों से मुलाकात कर राखी बांधने की इजाजत दी जारी है। पंजीयन कराने पर ही उन्हें जेल परिसर स्थित आयोजन में शामिल होने का मौका दिया जाता है। इस दौरान सुरक्षा घेरा लगाकर सभी को बारी-बारी कैदी भाइयों को उनकी बहनों द्वारा राखी बांधने और मुलाकात करने का मौका दिया जाता है। सुबह से लेकर देर शाम तक यह सिलसिला चलता है। वहीं त्योहार के दौरान जेल प्रशासन द्वारा कैदियों को विशेष भोजन परोसा जाता है। इस दौरान उन्हें चावल, दाल, सब्जी के साथ ही हलवा और पूड़ी परोसी जाती है।

**नाराजगी** : शिक्षक और छात्रों में भ्रम की स्थिति

## एनसीईआरटी की किताब में चैप्टर की कमी

**रायपुर@पत्रिका.** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की 12वीं की इंग्लिश लैंग्वेज कोर कोर्स बुक में एक चैप्टर कम प्रकाशित होने पर इंग्लिश टीचर्स एसोसिएशन ने नाराजगी जाहिर की हैं।

इंग्लिश टीचर्स एसोसिएशन के सदस्य संस्कार श्रीवास्तव ने एनसीईआरटी को पत्र लिखकर किताब में एक चेप्टर कम करने पर नाराजगी जताते हुए कारण पूछा हैं। साथ ही छात्रों को जागरुक करने का अभियान शुरू किया है। शिक्षक ने अपनी शिकायत में बताया कि एनसीईआरटी की नवंबर 2022 एडिशन में छपी 'फ्लेमिंगो' टेक्स्ट बुक में 14 की बजाय 13 चैप्टर ही प्रकाशित किए गए हैं। जबकि, छत्तीसगढ़ के स्टेट कौंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग द्वारा स्वीकृत कोर्स में 14 चैप्टर शामिल हैं। इस अंतर के कारण शिक्षक और छात्र दोनों ही भ्रमित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी की फ्लेमिंगो बुक में 'एलिमेंट्री स्कूल क्लासरूम इन ए स्लम' बाय स्टीफन स्पेंडर नाम की कविता को प्रकाशित नहीं किया गया है। इस कारण छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही हैं। जबकि 2024-25 सत्र में 12वीं कक्षा के इंग्लिश कोर्स में बदलाव को लेकर कोई आधिकारिक सूचना नहीं है। इस प्रकार की समस्याओं से बचने के लिए, शिक्षण संस्थानों और पाठ्यक्रम निर्माण से संबंधित संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय और संचार होना चाहिए। ताकि ऐसी गलतियों की पुनरावृत्ति न हो।

## 20 गांवों का संपर्क टूटा, बस्ती में पानी, मिट्टी के घर दरके



**मुरैना.** जिले के कैलारस, सबलगढ़ क्षेत्र में 8 घंटे की लगातार बारिश से नदी का पानी खेतों में भर गया। जिससे खड़ी बाजरा की फसल बर्बाद हो गई। कैलारस कस्बे के अंतर्गत नाथ समुदाय की बस्ती में बारिश का पानी भरने से मिट्टी के मकान दरक गए। गिरने के भय से ग्रामीणों ने खुले आसमान में तिरपाल आदि डालकर रात गुजारी।

### मुरैना में 40 मिमी बारिश, भोपाल में सबसे कम

# क्वारी व सोन नदी उफनाई, नदी में मछली पकड़ रहा युवक बहा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में पिछले चार पांच दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ी। चंबल में आठ घंटे हुई लगातार बारिश से क्वारी व सोन नदी उफना गईं। दोनों नदियों पर बने रपटे पर पानी चढ़ने से 20 गांवों का संपर्क कट गया। मुरैना जिले में सबसे ज्यादा 40 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं प्रदेश के बात करें तो अधिकांश स्थानों पर बादल छाए रहे। कहीं हल्की फुहारें तो कहीं मध्यम से तेज बौछारें पड़ रही हैं। रविवार को भी प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का दौर चलता रहा। नर्मदापुरम 31, मंडला 30, बैतूल 18, खंडवा 23, सीधी 15 मिली सहित आदि स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। भोपाल में कुछ स्थानों पर हल्की बौछारें पड़ीं।

#### अगले पांच दिन मौसम का मिजाज ऐसे ही

मौसम विज्ञानी प्रकाश धंवले का कहना है कि फिलहाल कोई बड़ा सिस्टम सक्रिय नहीं है। 15 अगस्त के बाद ही तेज बारिश की संभावना है। सोमवार को जरूर ग्वालियर चंबल, जबलपुर, सागर संभाग के साथ बैतूल, हरदा में कुछ स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है।



**मंदसौर.** चंबल नदी में मछली पकड़ने गया युवक तेज बहाव में डूब गया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सस्ती कार दिलाने के नाम पर 12 लाख ठगे

**जबलपुर.** नीलामी में सस्ती कार दिलाने का झांसा देकर जबलपुर के युवक से 12 लाख रुपए की ठगी हो गई। हनुमानताल पुलिस ने बताया, अजीजगंज पसियाना निवासी लुकमान खान को नागपुर मोमिनपुरा निवासी कासिफ खान ने फाइनेंस कंपनी की नीलामी के बारे में बताया। दो वाहनों के लिए 14 लाख में बात हुई। कासिफ ने 2.30 लाख लिए और जमीर कुरैशी के खाते में 9.70 लाख ट्रांसफर करवाए। पर लुकमान को गाड़ी नहीं मिली।

### फूड लैब से चार दूधियों व डबरा से लिए 3 नमूने

**ग्वालियर.** खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चेकिंग प्वाइंट लगाकर मोबाइल फूड लैब से दूध व अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने की जांच की और डबरा में हाईवे किनारे विभिन्न फार्मों व ढाबों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी लोकेंद्र सिंह ने बताया, बरई-पनिहार चेकिंग प्वॉइंट पर मोबाइल फूड लैब से की गई।

### नशे में की अभद्रता, आरक्षक निलंबित

**छिंदवाड़ा.** कोयलांचल के रावनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी में शनिवार रात शराब के नशे में पहुंचा आरक्षक लक्ष्मी प्रसाद उपलिया का ग्रामीणों से विवाद हो गया। मामला बढ़ा तो पुलिस उसे थाना ले आई। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने तथा आरक्षक पर कई आरोप लगने पर जांच एसडीओपी परासिया जितेंद्र जाट को दी गई है। एसपी ने उसे निलंबित कर दिया है।

### इंदौर में मिला चांदीपुरा वायरस का संदिग्ध

**इंदौर.** एक निजी अस्पताल में चांदीपुरा वायरस का संदिग्ध मरीज मिला है। मरीज खरगोन जिले की कसरावद तहसील के गांव पानसेमल का है। सीएमएचओ डॉ. बीएस सैत्या ने जानकारी के बाद सैंपल पुणे स्थित लैब में जांच के लिए भेजे हैं। यह वायरस सैंड फ्लाई मच्छर व मक्खी (रक्त को चूसने वाले मच्छर मक्खी) से शरीर में पहुंचता है। इसका सबसे पहला केस महाराष्ट्र के चांदीपुरा गांव में मिला था।

### बांधों का जलस्तर

| बांध | भराव क्षमता | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|
| बाणसागर | 341 | 337 |
| गांधीसागर | 399 | 396 |
| बरगी | 422 | 420 |
| बारना | 348 | 347 |
| गोपीकृष्ण सागर | 434 | 433 |

भराव क्षमता एफआरएल में

### सागर के पिता-पुत्र ने खड़ा किया नशा तस्करी का अंतरराज्यीय गिरोह

# नशे का नेटवर्क

## ☐ नशेड़ियों तक पहुंचते-पहुंचते 60 से 200 रुपए का हो जाता है नशीला सिरप
## ☐ हिमाचल से खरीद उत्तरप्रदेश और गुजरात के शहरों में कर रहे थे सप्लाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सागर.** नशीले सिरप का कारोबार अकेले रीवा जिले तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बड़े स्तर पर प्रदेश की सीमाओं के बाहर तक फैला है। सागर निवासी थोक दवा व्यापारी पिता-पुत्र ने कुछ ही समय में नशा तस्करी का अंतरराज्यीय गिरोह खड़ा कर लिया था। उसके कारोबार से जुड़ी जानकारियां सामने आने के बाद पुलिस भी हैरान है। रीवा तो सप्लाई के लिए एक माध्यम बस था, लेकिन उसका नशीला सिरप उत्तरप्रदेश और गुजरात के शहरों में भी सप्लाई हो रहा था।

रीवा पुलिस द्वारा की जा रही जांच में पता चला है कि सागर के थोक दवा व्यापारी अरविंद जैन और उनका बेटा सिटीजन उर्फ सत्तू जैन के तार अहमदाबाद और मथुरा के तस्करों से भी जुड़े हैं। जुलाई में सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो ने नशीली सिरप की खेप पकड़ी थी, जिसके आरोपियों को गुजरात के अहमदाबाद व उत्तरप्रदेश के मथुरा से गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने पूछताछ में सागर के व्यापारी अरविंद जैन द्वारा माल सप्लाई की बात बताई थी। इसके बाद नारकोटिक्स ब्यूरो ने पिछले माह नोटिस जारी किया था।



सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो ने पकड़ी थी नशीली सिरप की खेप

### मुनाफा पत्नी के बैंक खाते में डालता था आरोपी

**रीवा** में नशे का कारोबार चोरहटा थाने के करहिया का रहने वाला बुच्ची साहू संभालता था, जो सप्लाई करने वाले व्यापारियों की गिरफ्तारी के बाद से फरार चल रहा है। आरोपी बुच्ची नशे के कारोबार से होने वाले मुनाफे की राशि अपनी पत्नी के खाते में डालता था। रीवा पुलिस ने उसकी पत्नी को हिरासत में लिया था, जिसके बैंक खाते में 5 से 10 लाख रुपए का मुनाफा सामने आया था।

#### ऐसे बढ़ती थी कीमत

जांच में यह भी पता चला है कि अरविंद व सित्तु जैन हिमाचल प्रदेश की दवा निर्माता कंपनी से 53 रुपए प्रति सिरप के हिसाब से खरीदी करता था और 60 रुपए में बुच्ची को सप्लाई करता था। बुच्ची यही सिरप रीवा के तस्करों को 120 रुपए में बेचता था और नशेड़ियों तक पहुंचते-पहुंचते सिरप की कीमत 200 रुपए तक हो जाती थी।

#### यह है मामला

रीवा जिले के चोरहटा थाना पुलिस ने एक तस्कर से नशीले सिरप की 800 शीशी पकड़ी थी। आरोपियों ने पूछताछ में सागर के चंद्रशेखर वार्ड में आनंद मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले अरविंद जैन व सत्तू जैन का नाम बताया, जिसके बाद रीवा पुलिस ने दोनों को सागर से गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश कर रिमांड ली और दोबारा सागर स्थित गोदाम पर छापा मारा, जहां 1.20 करोड़ रुपए कीमत की 600 पेटी नशीला सिरप जब्त किया था। इसके बाद दोनों पिता-पुत्र जेल में बंद हैं।

#### जांच चल रही है

नशीले सिरप की अवैध रूप से सप्लाई करने वाले सागर के थोक व्यापारियों को पकड़ा था। जांच में पता चला कि सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो ने मथुरा व अहमदाबाद से जो तस्कर पकड़े थे, उन्होंने भी सागर के इन्हीं व्यापारियों से माल लिया था। मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

**अनिल सोनकर,** एएसपी रीवा

### धमोखर में बाघिन का सफल रेस्क्यू, दूसरे जंगल में शिफ्ट

**उमरिया@पत्रिका.** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर बफर परिक्षेत्र अंतर्गत बड़वाह सहित कई गांवों में दहशत फैलाने वाली बाघिन का पार्क प्रबंधन ने रेस्क्यू कर लिया है। टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद बाघिन को ट्रेंकुलाइज किया और बेहोश होने के बाद उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके बाद उसे पार्क के अन्य बाघों के कम दबाव वाले इलाके में छोड़ा गया है। संयुक्त संचालक बीटीआर पीके वर्मा ने बताया, बाघिन के कारण लगभग आधा दर्जन गांवों में दहशत थी। सुरक्षा के लिहाज से बाघिन को अन्यत्र शिफ्ट कर दिया गया है।

### कुत्तों के पिल्लों पर कार चढ़ाई, पशु क्रूरता के तहत केस दर्ज

**इंदौर.** शहर में कार चालक की लापरवाही से कुत्तों के दो पिल्ले की जान चली गई। मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना तिलक नगर थाना क्षेत्र के महादेव तोतला नगर की है। पीपल फॉर एनिमल की प्रियांशु जैन की शिकायत पर केस दर्ज किया है। उनका कहना है, शनिवार रात 1.30 बजे वॉट्सऐप पर रवि चंदेल ने वीडियो भेजा था। इसमें देखा कि 35 एफ बी के सामने स्कीम न. 94 महादेव तोतला नगर रोड के कोने में कुत्ते के 5-6 बच्चे बैठे थे। वहां कार एमपी 09 जेडएल 7350 आई। चालक ने रिवर्स लेते समय कार पिल्लों पर कार चढ़ा दी।

### सावन का चौथा सोमवार आज

## यहां एक ही स्थान पर हो जाएंगे देवाधिदेव के 12 स्वरूपों के दर्शन



पत्रिका सावन का सत्कार
हमारे शिवालय

**जबलपुर.** सावन के पवित्र माह में यदि आप द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन करना चाहते हैं और लंबी यात्राएं भी नहीं करनी हैं तो एक ही स्थान पर आपको देवाधिदेव के 12 स्वरूपों के दर्शन हो जाएंगे। यह स्थान धुआंधार जलप्रपात के पास है। जिसे श्रीहरि नारायण माता लक्ष्मी (विष्णु पंचायतन) पचमठा मंदिर के नाम से जाना जाता है। शहर के नर्मदा तट गोपालपुर में एक ऐसा कल्चुरीकालीन मंदिर है, जो अपने वृहद इतिहास को समेटे हुए है। इस मंदिर में मुख्य लक्ष्मी नारायण की श्रीविगृह ग्रेनाइट पत्थर की काली प्रतिमा है। साथ ही दायीं सूड़ वाले सिद्धि विनायक, सातों घोड़ों के रथ पर सूर्य नारायण, वृषारूढ़ शिव पार्वती, महिषासुर मर्दिनी, माता दुर्गा काली स्वरूपा और मां नर्मदा विराजित हैं। परिक्रमा पथ में भगवान शिव के द्वादश ज्योर्तिलिंग, माता अन्नपूर्णा, माता सरस्वती विराजित हैं।

#### 18वीं सदी में हुआ मंदिर निर्माण

पुजारी ब्रजकिशोर प्यासी ने मुताबिक मंदिर का निर्माण 18वीं सदी में हुआ था। प्रमुख लक्ष्मीनारायण मंदिर के चारों कोनों पर एक-एक छोटे मंदिर हैं। पांच मंदिर होने से इसे पचमठा मंदिर भी कहा जाता है।

#### यहां भी 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

संस्कारधानी में देश के अलग-अलग कोनो में स्थित ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने को मिलते हैं। यह स्थान विजय नगर के पास कचनार सिटी के नाम से प्रसिद्ध है। यहां महादेव की 75 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित है। यहां भगवान भोले शंकर की प्रतिमा के नीचे गुफा है। गुफा के भीतर सभी ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं।

### राजगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

## जयपुर से चोरी हुए 1.5 करोड़ के आभूषण, 48 घंटे में किए बरामद

**राजगढ़@पत्रिका.** जयपुर से दो दिन पहले हीरे और सोने के जेवरात चोरी हुए थे। जानकारी लगने के साथ ही राजगढ़ पुलिस एक्टिव हुई और उसने बोडा थाना अंतर्गत आने वाले कड़िया गांव से अब तक की सबसे बड़ी रिकवरी की है। डेढ़ करोड़ के माल को दो दिन के अंदर बरामद कर लिया है। इसके लिए पुलिस ने आवेदक के आने से पहले ही अपनी सक्रियता दिखाई।

**क्या था मामला :** बता दें, 8 अगस्त को जयपुर के होटल में शादी के दौरान दूल्हे की मां ने जैसे ही एक जेवर से भरा हुआ बैग मंडप के पास रखा। एक बच्चा अचानक वहां आया और बैग उठाकर ले गया।



बैग तेलंगाना के सायबराबाद के नरेश कुमार गुप्ता का था। उनके बेटे की शादी जयपुर की लड़की से हो रही थी। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। सीसीटीवी फुटेज में रात 10.10 पर 13 से 14 साल का लड़का एक युवक के साथ बारात के दौरान होटल परिसर में घुसते दिखे और 11.20 पर बैग उठाते भी। पुलिस ने संदेह पर राजगढ़ के कड़िया से जेवरात बरामद कर लिए।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध




**भोपाल.** बांग्लादेश में चल रही उथल-पुथल के बीच हिंदु समुदाय के लोगों और उनके धर्म स्थलों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इसका दुनिया भर में विरोध हो रहा है। राजधानी में भी धर्म रक्षक संस्थान ने रविवार को वीआइपी रोड पर मानव श्रृंखला बनाकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध किया। संस्थान ने आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

### भोपाल : हाईवे पर हा रोज दम तोड़ रहीं 3 गायें

## सड़क पर गाय से टकराई युवक की बाइक, सिर में चोट से मौत

**भोपाल@पत्रिका.** राजधानी समेत प्रदेश में सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं से टकराकर लोगों की जान जा रही है। रविवार को प्रत्यूष त्रिपाठी (28) की बाइक सड़क पर गाय से टकरा गई। गाय का सींग युवक की जांघ में घुस गई और सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। गाय की भी मौत हो गई। हालांकि जानवरों की मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। अकेले जुलाई माह में भोपाल से जुड़े छह शहरों को जोड़ने वाले हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं में 93 गायों की मौत हो गई, जबकि 295 गाएं घायल हुईं। यानी प्रतिदिन तीन गायों की जान गई।

#### टोल बूथ संचालकों से ली मदद

पशुपालन और डेयरी विभाग ने प्रदेश में गोवंश को हादसों से बचाने टोल बूथ संचालकों की मदद से घायल मवेशियों को निकटतम गोशालाओं तक पहुंचाया गया। इसके लिए

## ट्रेंडिंग न्यूज

**ग्वालियर**

### स्वतंत्रता दिवस पर 16 कैदियों को मिलेगी आजादी

**ग्वालियर.** आजादी की सालगिरह पर इस बार 16 बंदियों को सलाखों से आजादी मिलेगी। इनकी रिहाई पर जेल मुख्यालय ने मुहर लगा दी है। इनमें एक बंदी को रिहा होने से पहले 35 हजार रुपए का जुर्माना भी भरना होगा। जेल अधीक्षक विदित सिरवैया ने बताया, बंदियों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है।



**जबलपुर**

### वाहनों पर तिरंगा लेकर निकले पुलिस अफसर

**जबलपुर.** दोपहिया वाहनों पर तिरंगा और देशभक्ति गीतों के साथ पुलिस ने रविवार को तिरंगा यात्रा निकाली। स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आईजी अनिल सिंह कुशवाहा और एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आईजी और एसपी ने बताया, रैली के माध्यम से लोगों को तिरंगा लगाने प्रेरित किया गया।

**हादसा**

### तालाब में डूबने से सात साल के बच्चे की मौत

**जबलपुर.** सूपाताल तालाब में डूबने से सात साल के बच्चे की मौत हो गई। गढ़ा पुलिस ने बताया, सिंगरहा मोहल्ला निवासी शंभू सिंगरहा का बेटा चिराग शनिवार को दादा प्रकाश के साथ मंदिर गया था। वहां से गायब हो गया। परिजन थाने पहुंचे और अपहरण का प्रकरण दर्ज किया। रविवार को तालाब में एक बच्चे के शव की सूचना मिली, जिसकी पहचान चिराग के रूप में हुई।

### रुस-यूक्रेन, बांग्लादेश, कनाडा सहित अन्य देशों में फैली अशांति से फॉरेन जाने वाले स्टूडेंट्स का मोहभंग

# अब भा रही देशी पढ़ाई, फॉरेन कैंपस देश में ही दे रहे ऑफर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** रीजनल पासपोर्ट कार्यालय भोपाल ने मार्च में वीजा और पासपोर्ट से जुड़ा एक आंकड़ा जारी किया था। जिसमें वीजा के लिए आवेदन करने वालों में 60 फीसदी स्टूडेंट थे। जो फॉरेन स्टडी के आंकाक्षी थे। जुलाई के बाद इस आंकड़े में बदलाव हुआ है। तमाम स्टूडेंट्स ने विदेश जाने के विचार को होल्ड कर लिया है। कनाडा, बांग्लादेश और यूक्रेन सहित कई अन्य देशों में युद्ध और अशांति की वजह से विदेशी शिक्षा के प्रति उनका मोहभंग हुआ है। इंडियन स्टूडेंट मोबिलिटी रिपोर्ट 2023 के अनुसार



अब अब्रॉड स्टडी की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश और देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होने की वजह से भी छात्र अपने शहर में ही प्रवेश लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

#### घट गया आंकड़ा

कॅरियर काउंसर जॉन अब्राहम बताते हैं विदेशों में भारतीय छात्रों की संख्या 2022 की तुलना में 2023 में 45 प्रतिशत बढ़ी। यानी 1,318,955 के मुकाबले देश के 907,404 छात्र बाहर पढ़ने गए। लेकिन 2023 की तुलना में 2024 में यह संख्या 1.28 प्रतिशत घट गई। यानी करीब 1,335,878 कम छात्रों ने फॉरेन एजुकेशन के लिए अप्लाई किया।

| | |
|---|---|
| 2022 | 907,404 |
| 2023 | 1,318,955 |
| 2024 | 1,335,878 |

(देश के आंकड़े)

#### यह है बड़ा कारण

फॉरेन एजुकेशन मामलों के विशेषज्ञ अंकुर पाल का कहना है कि विदेश में विरोध प्रदर्शन, हिंसा, राजनीतिक अशांति, कड़ी वीजा नीतियां, कई स्थानों पर आर्थिक मंदी की वजह से अभिभावक अपने बच्चों को बाहर नहीं भेज रहे।

#### ये हैं पसंदीदा देश

विदेश अध्ययन के लिए मप्र के युवाओं के पसंदीदा देश-जर्मनी, किर्गिस्तान, आयरलैंड, सिंगापुर, रशिया, फ्रांस, यूएस, कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपीन्स, फ्रांस, न्यूजीलैंड, यूक्रेन और बांग्लादेश हैं।

#### अब बांग्लादेश भी नहीं रहा पसंद

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद बागसेवनिया के अंकुर रास्तोगी बांग्लादेश में जाकर चिकित्सा अध्ययन करना चाहते थे। लेकिन वहां मौजूदा अशांति की वजह से उन्होंने अपना इरादा बदल दिया है। कोलार के रवि नामदेव पूर्वी बांग्लादेश के अब्दुल हामिद मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के चौथे साल की पढ़ाई कर रहे हैं। वे बड़ी मुश्किल से भोपाल लौटे हैं। उनका कहना है अकेले भोपाल के कम से कम एक दर्जन छात्रा बांग्ला देश के विभिन्न मेडिकल कालेजों में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। वे सभी भोपाल लौट आए हैं।

#### विदेशी विवि के देश में कैंपस

शिक्षा विशेषज्ञ रतन देशमुख के अनुसार दुनिया के कई नामी विश्वविद्यालयों के कैंपस भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे शहरों में खुल रहे हैं। इसके साथ ही कई निजी विश्वविद्यालयों द्वारा अपडेट नए कार्यक्रम पेश किए जा रहे हैं। इसलिए भी विदेश में अध्ययन की प्रवृत्ति कम हुई है।

### सीबीएसई : नई नीतियों से परीक्षा-रिजल्ट में बढ़ा इंतजार

## एटीकेटी ने छात्रों-अभिभावकों की बढ़ाई परेशानी, एक वर्ष नुकसान

**इंदौर@पत्रिका.** सीबीएसई ने कुछ वर्ष पहले 10वीं के लिए जो नई नीति तैयार की थी, वह स्टूडेंट्स और पैरेंट्स के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। इस नीति में स्टूडेंट्स को चार विषयों में एटीकेटी मिलती हैं। स्टूडेंट दोबारा परीक्षा देता है और एक या दो विषय रह जाता है तो फिर से परीक्षा और रिजल्ट के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार स्टूडेंट प्राइवेट हो जाता है। इसकी जानकारी पैरेंट्स को नहीं है। सीबीएसई के विशेषज्ञों का मानना है कि स्टूडेंट्स को एक मौका दिया जाता है, लेकिन जानकारी के अभाव में उसका सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। इससे स्टूडेंट्स का एक साल बर्बाद हो जाता है।

#### एटीकेटी का नियम

10वीं बोर्ड में स्टूडेंट्स को दो, तीन या इससे अधिक विषय में एटीकेटी मिलती है। एटीकेटी एग्जाम में फिर से एटीकेटी मिलती है। पहली एटीकेटी जून में होती है और रिजल्ट जुलाई में आता है। दूसरी एटीकेटी एग्जाम सितंबर-अक्टूबर में और रिजल्ट नवंबर तक आता है। ऐसे में स्टूडेंट्स न तो 10वीं में होते हैं और न ही 11वीं में। वे प्राइवेट हो जाते हैं। उन्हें 11वीं में दूसरे वर्ष में ही एडमिशन मिल पाता है।

## प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए होंगे संवाद कार्यक्रम

**गांधीनगर @ पत्रिका.** आज हम उत्पादन बढ़ाने के लिए खेतों में अंधाधुंध खाद व कीटनाशकों का प्रयोग कर रहे हैं। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति कम होने के साथ-साथ कैंसर, शुगर व हार्ट अटैक जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में अगर हमें भावी पीढ़ियों को शुद्ध जल, भोजन व हवा उपलब्ध करवानी है तो प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। यह बात गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने रविवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित प्राकृतिक कृषि संवाद कार्यक्रम में किसानों से

## हथियारों के साथ छह गिरफ्तार

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** शहर क्राइम ब्रांच ने हथियारों के साथ छह लोगों को पकड़ा हैं। इनमें संजय खान पठान, फैजान शेख, वसीम शेख, मो.सलमान सिंधी, सोकतहुसैन सैयद और आरिफ अरब शामिल हैं। इनके पास से सात खंजर बरामद हुए हैं। इनके पास से चार वाहन भी जब्त किए हैं। इन्हें ईसनपुर शाहआलम इलाके में पान वाली चाली के पास से पकड़ा है।

साइबर क्राइम ब्रांच ने कस्टम और डाक विभाग के सहयोग से की जांच

# विदेशी पार्सलों में छिपा कर लाया गया 1.70 करोड़ का हाइब्रिड गांजा जब्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


संवाददाताओं को जानकारी देतीं साइबर क्राइम डीसीपी डॉ. लवीना सिन्हा। साथ हैं अन्य अधिकारी।

**अहमदाबाद.** शहर पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने एक बार फिर कस्टम और डाक विभाग के साथ मिलकर विदेशों से आए कूरियर-पार्सलों की जांच कर उनमें से 1.70 करोड़ रुपए का हाइब्रिड गांजा (सिन्थेटिक गांजा) बरामद किया है। इसका वजन 5 किलो 670 ग्राम है। यह उच्च गुणवत्ता वाला हाइब्रिड गांजा है। इस गांजे को खिलौने, कपड़े, चॉकलेट, वेफर पैकेट, जूता, ट्रैवल बैग, एयर प्यूरिफायर, ब्लूटुथ, स्पीकर में छिपाकर भेजा गया था।

अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच की उपायुक्त डॉ.लवीना सिन्हा ने बताया कि एजेंसी को इनपुट मिला था कि विदेशों से आने वाले पार्सलों में एक बार फिर से बड़ी मात्रा में हाइब्रिड गांजा भेजा गया है। जिससे कस्टम और डाक विभाग की मदद से ऐसे शंकास्पद पार्सलों को अलग किया गया। विदेशों से आने वाले पार्सलों के शाहीबाग स्थित कार्यालय में इन पार्सलों की फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) की टीम के साथ मिलकर जांच की गई।

एक पीआई और 13 अन्य सदस्यों ने मिलकर इन 37 पार्सलों की एक-एक करके जांच की। इस दौरान इन पार्सलों में मिले बच्चों के खिलौने, चॉकलेट, जेंट्स, लेडीज कपड़े, लेडीज के ऊंची एड़ी वाले जूते, ब्लूटुथ स्पीकर में बड़ी ही चतुराई के साथ छिपाया गया हाइब्रिड गांजा बरामद हुआ। इसे इकट्ठा करने पर इसका वजन पांच किलो 670 ग्राम और 17 मिली ग्राम निकला। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ 70 लाख 10 हजार 510 रुपए है। इस मामले में साइबर क्राइम ब्रांच ने अलग से एनडीपीएस एक्ट की धारा 8 सी, 20 बी, 21 बी, 23 और 29 तथा आईटी एक्ट की धारा 66 सी के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### डार्क वेब के जरिए देते थे ऑर्डर, अधिकांश पते फर्जी

डीसीपी डॉ.लवीना सिन्हा ने बताया कि जांच में सामने आया कि डार्क वेब के जरिए फर्जी अकाउंट के माध्यम से इस हाइब्रिड गांजे का ऑर्डर दिया गया था। जिन पतों पर यह पार्सल पहुंचना था, वह ज्यादातर फर्जी हैं। अहमदाबाद में सेटेलाइट, बोपल, अमराईवाडी जैसे इलाकों के पतों पर इन्हें भेजा जाना था। इससे पहले भी साइबर क्राइम ब्रांच ऐसे पार्सलों से हाइब्रिड गांजा बरामद कर चुकी है। उन मामलों से इसकी कोई लिंक है या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है।

### ब्रिटेन, अमरीका, कनाडा, थाइलैंड, स्पेन जैसे देशों से भेजा


पार्सलों से बरामद हाइब्रिड गांजा

उन्होंने बताया कि 37 पार्सलों में से ज्यादातर पार्सल ब्रिटेन से आए हैं। करीब 14 पार्सल ब्रिटेन से भेजे गए थे। इसके अलावा 10 के करीब अमरीका से और इतने ही कनाडा से भेजे गए हैं। दो पार्सल थाइलैंड और एक स्पेन से भी भेजा गया है। इन पार्सलों को अहमदाबाद के अलावा सूरत, राजकोट, दमन, दीव जैसे शहरों के पतों पर भेजा जाना था।

विरमगाम-कटोसण रोड-बेचराजी-महेसाणा-रणुज सेक्शन का भी किया निरीक्षण

## पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ने की अहमदाबाद स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा



**अहमदाबाद @ पत्रिका.** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने रविवार को अहमदाबाद स्टेशन पर पहुंचकर यहां चल रहे पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। मिश्र ने अहमदाबाद मंडल के अहमदाबाद -विरमगाम-कटोसण रोड-बेचराजी-रणुज-महेसाणा सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण भी किया।इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चरल कार्य, रेलवे ट्रैक, लेवल क्रॉसिंग, महत्वपूर्ण और छोटे पुलों, पॉइंट्स क्रॉसिंग आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न संरक्षा पहलुओं की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक उचित निर्देश भी दिए। इस दौरान अहमदाबाद के मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## शहर में भी हुई नीट पीजी की परीक्षा



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर में भी रविवार को नीट पीजी की परीक्षा ली गई। 23 जून को होने वाली यह परीक्षा नीट यूजी व यूजीसी के पेपर लीक होने के चलते स्थगित कर दी थी। इसे रविवार को दो सत्र में लिया गया। शहर के एल जे कॉलेज में विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। गुजरात से करीब नौ हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है।

अस्पताल में एक तरफ चिकित्सकों की टीम कर रही थी प्रार्थना तो दूसरी ओर पढ़ा जा रहा था कलमा

# सिविल अस्पताल में 160वें ब्रेन डेड मरीज के 3 अंगों का गुप्त दान

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** एशिया के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में ब्रेन डेड घोषित किए गए व्यक्ति के 3 अंगों के दान के समय भावनात्मक दृश्य सामने आए। अस्पताल में एक ओर जहां चिकित्सक व स्वास्थ्य टीम के अन्य सदस्य प्रार्थना कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर ब्रेनडेड हुए मरीज के परिजन कलमा पढ़ रहे थे।

दरअसल घोषित किया गया मरीज मुस्लिम समाज से जुड़े थे, परिजनों ने उनके अंगों के गुप्त दान का महत्वपूर्ण निर्णय किया। विश्व अंगदान दिवस से पूर्व अस्पताल में ये 160 वें ब्रेन डेड अंगदाता बने। दान में मिले अंगों से तीन जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकी।

**विश्व अंगदान दिवस आज**




अहमदाबाद के निकट रहने वाले 50 वर्षीय एक व्यक्ति को पिछले दिनों सिर में गंभीर चोट लगने पर उपचार के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। काफी उपचार के बाद स्थिति में सुधार नहीं होने पर मरीज की विशेष जांच की गई। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर मरीज को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। अंगदान में जुड़े अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीज के परिजनों को अंगदान के बारे में समझाया जिससे उन्होंने अंगदान की स्वीकृति दे दी। उस दौरान गत नौ अगस्त को मरीज के तीन अंग (दो किडनी और एक लिवर) दान में लिए गए। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि मरीज के अंगों से तीन लोगों की जान बचाई जा सकी। इन अंगों का ट्रांसप्लांट सिविल कैंपस के ही किडनी अस्पताल में जरूरतमंदों में किया।

### अब तक 517 अंग मिले दान में

सिविल अस्पताल में पिछले तीन वर्षों में दान में कुल 517 अंग मिल चुके हैं। इनसे 501 मरीजों को नया जीवन मिल चुका है। डॉ. जोशी के अनुसार 160 अंगदाताओं में से तीन मुस्लिम समाज के हैं। विविध समाज और धर्मों के लोगों में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

## राष्ट्र विकास के लिए कार्य करने को तत्पर रहें एनएसएस स्वयंसेवक: डॉ.मयूरी फार्मर



**अहमदाबाद @ पत्रिका.** गुजरात विद्यापीठ प्रबंध संकाय की डीन डॉ. मयूरी फार्मर ने कहा कि विद्यापीठ एवं उसके छात्र राष्ट्र विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता स्थापित करने में अग्रणी रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवक भी राष्ट्र विकास के लिए कार्य करने को तत्पर रहें।

वे ग्राम व्यवस्थापन विभाग एवं मानव संसाधन प्रबंध विभाग के नए स्वयं सेवकों के ओरिएंटेशन प्रोग्राम को संबोधित कर रही थीं। एनएसएस संयोजक व मुख्य वक्ता डॉ. नीरज सिलावट ने सभी को एनएसएस मैन्युअल की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लोकेश जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कोर टीम के सदस्य वंशिता, मंथन, कृष्णा, मैत्री ने किया। मानव संसाधन प्रबंध विभाग की अध्यक्षा डॉ.शेतल बड़ोदिया भी उपस्थित रहीं।

राज्य सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय

## त्योहारों में अंत्योदय व बीपीएल परिवारों को रियायती दरों पर मिलेगी चीनी-खाद्य तेल: बावलिया

### अगस्त में गेहूं, चावल, बाजरा, ज्वार का नि:शुल्क वितरण

**गांधीनगर @ पत्रिका.** राज्य के अंत्योदय और बी.पी.एल. परिवारों को जन्माष्टमी के त्योहार को अच्छे से मनाने के लिए रियायती दरों पर अतिरिक्त चीनी और खाद्य तेल वितरित करने का राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय किया है।

राज्य के अन्न एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कुंवरजी बावलिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की सरकार ने विशेष रूप से जन्माष्टमी के त्योहार के निमित्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत शामिल परिवारों को गुणवत्ता युक्त खाद्य तेल राशनकार्डधारक परिवार को 1 लीटर पाउच 100 रुपये प्रति लीटर की रियायती दर पर देने का निर्णय किया हैं। इसके साथ ही बीपीएल और अंत्योदय परिवारों को मिलने वाले कोटे के अलावा अतिरिक्त 1 किलो चीनी, 22 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर देने का निर्णय किया हैं। मंत्री ने बताया कि अन्न एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत शामिल 74 लाख राशन कार्डधारक परिवारों की 3.60 करोड़ जनसंख्या को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अगस्त 2024 में गेहूं, चावल और बाजरा, ज्वार का नि:शुल्क वितरण भी किया जा रहा है। 17,000 उचित मूल्य दुकानों से यह वितरण किया जा रहा है।

### 35 किलो अनाज का नि:शुल्क वितरण

अन्न एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री भीखूसिंह परमार ने कहा कि 8 लाख अंत्योदय अन्न योजना के परिवारों को प्रति कार्ड 15 किलो गेहूं, 15 किलो चावल और 5 किलो बाजरा यानी कुल 35 किलो अनाज का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। 66 लाख प्राथमिकता प्राप्त परिवारों के 3.23 करोड़ सदस्यों के लिए प्रति व्यक्ति 2 किलो गेहूं, 2 किलो चावल और 1 किलो बाजरा यानी प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज का वितरण किया जा रहा है। सरकार की योजना के तहत और एनएफएसए -2013 के तहत अंत्योदय और प्राथमिकता प्राप्त प्रत्येक परिवार को प्रति कार्ड 1 किलो चना 30 रुपये प्रति और तुवर दाल 50 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर दिया जा रहा है।

## वासणा बैराज के तीन गेट खोले, 2970 क्यूसेक पानी छोड़ा





पत्रिका फोटो स्टोरी

**अहमदाबाद.** राज्य व पड़ोसी राज्य में हो रही बारिश के चलते साबरमती नदी का जल स्तर भी बढ़ रहा है। इसके चलते अहमदाबाद शहर के मध्य से होकर गुजर रही साबरमती नदी पर बने वासणा बैराज के रविवार को तीन गेट खोले। इन गेट के जरिए नदी से 2970 क्यूसेक पानी छोड़ा। इसके चलते इसके प्रभाव क्षेत्र में आने वाले धोलका, बावला, आणंद, साबरमती, वेजलपुर, वटवा और दस्क्रोई इलाके के नदी किनारे के गांवों को अलर्ट किया गया है।

## दिव्यांग अफसरों में 'खलबली'

पत्रिका गपशप...

*महाराष्ट्र में चर्चित पूजा खेडकर कांड के बाद अब केंद्र सरकार हरकत में आई है। पूजा खेडकर जैसे नकली अफसर कहीं अन्य राज्यों में तो नहीं हैं, इसका पता लगाने को जांच शुरू की है। ऐसी जांच को लेकर गुजरात में भी कवायद शुरू हो गई है। गुजरात में भी दिव्यांगता वाले पांच अफसर हैं। उन्हें दिव्यांगता साबित करने को लेकर फरमान जारी हुआ है। ऐसे फरमान के बाद दिव्यांग अफसरों में खलबली मच गई है।*

### कांग्रेस नेताओं की बढ़ गई धड़कनें

**बनासकांठा से सांसद** चुनकर पहली बार संसद पहुंची गेनीबेन ठाकोर की नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात ने कांग्रेसी नेता और मतदाताओं की धड़कनें बढ़ा दीं। जैसे ही उनका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कमेन्ट की झड़ी लग गई। कइयों ने कमेंट किया कि आप पर भरोसा किया उसे कायम रखना। इस पर गेनीबेन ने भी जवाब देते हुए विश्वास दिलाया कि आपका भरोसा कभी नहीं टूटने दूंगी।

### गुजरात के दो मंत्री पहुंचे अमरीका

**अमरीका में बसे** गुजरातियों के कार्यक्रम में हाजिरी देने गुजरात के दो मंत्री कनू देसाई और जगदीश विश्वकर्मा अमरीका पहुंचे। यह कार्यक्रम अमरीकी राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प को समर्थन देने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में गुजरात के ये दो मंत्री पहुंचे थे। इसे लेकर लोगों में और विशेष तौर पर राजनीतिक हलकों में सुगबुगाहट होने लगी। दोनों मंत्रियों ने वहां के कुछ फोटो भी सोशल मीडिया पर साझा किए। क्या यह समझा जाए कि ट्रम्प के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरी भारतीय मूल की कमला हैरिस के खिलाफ अमरीका के नागरिक बने गुजराती मतदान करेंगे और वह भी इन मंत्रियों के कहने पर!

### मुख्य सचिव पहुंचे ई-केवाईसी का डेमो देखने

**राज्य सरकार** ने राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए राज्यभर में अभियान चलाया जाएगा। राशन कार्ड के ई-केवायसी कराने की तैयारियों का जायजा लेने मुख्य सचिव राजकुमार गांधीनगर की चिलोडा ग्राम पंचायत के एक केन्द्र पर अपने अफसरों के साथ पहुंच गए। वहां मुख्य सचिव ने आमजन की तरह ई-केवाईसी का डेमो देखा। प्रौद्योगिकी के जरिए इस प्रक्रिया को कैसे संचालित किया जाएगा, इसका बारीकी से निरीक्षण किया। दरअसल, छात्रवृत्ति के लिए राशन कार्ड का ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया है, ऐसे में इसे मोबाइल तकनीक से कैसे किया जाए और इस प्रक्रिया के संबंध में सभी अफसरों ने जानकारी ली।

### गौ माता को मिले राष्ट्र माता का दर्जा

**संसद में गुजरात** से कांग्रेस की लोकसभा सांसद गेनीबेन ठाकोर ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने सम्पूर्ण गोवंश हत्या पर रोक लगाने की मांग कर दी, जिसने केन्द्र सरकार को एक बार सोचने पर मजबूत कर दिया तो उनकी इस मांग को ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज ने भी समर्थन दिया। यह मुद्दा राजनीतिक हलकों में चर्चा का मुद्दा बन गया है।

## दो दिन में हेलमेट बिना 6513 को पकड़ा, 32 लाख जुर्माना वसूला

**अहमदाबाद.** हाईकोर्ट के फटकार लगाने के बाद हरकत में आई अहमदाबाद शहर यातायात पुलिस ने शहर में हेलमेट पहने बिना वाहन चलाने वाले, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले और इधर-उधर जहां तहां पार्किं करने वालों के विरुद्ध अभियान छेड़ा है। इसके तहत नौ और 10 अगस्त को दो दिनों में ही 6513 लोगों को हेलमेट के बिना वाहन चलाते पकड़ा है। इनके पास से 32 लाख 64 हजार का जुर्माना वसूला है। 10 तारीख को 4107 लोगों को पकड़ा, उनसे 20लाख 59 हजार का जुर्माना वसूला। 9 अगस्त को हेलमेट बिना 2406 को पकड़ा और 12 लाख पांच हजार का जुर्माना वसूला।

उपचार के लिए आते हैं विदेश से भी मरीज: 110 एकड़ में फैला एशिया का सबसे बड़ा सिविल अस्पताल

# अहमदाबाद की सिविल मेडिसिटी बनी मेडिकल हब


गेस्ट राइटर
**डॉ. राकेश जोशी,**
चिकित्सा अधीक्षक सिविल अस्पताल

**अहमदाबाद शहर** में एक ऐसा अस्पताल है, जो अपने आप में मेडिकल हब है। एक ही कैंपस में उपचार की अधिकांश सुविधाएं होने के कारण यहां न सिर्फ गुजरात बल्कि देश के अन्य राज्यों और विदेश तक से मरीज उपचार को आते हैं।

अहमदाबाद का सिविल अस्पताल यूं तो 150 वर्ष पुराना है, लेकिन एक ही जगह पर 70 वर्ष से अधिक समय से चल रहा है। 110 एकड में फैला यह अस्पताल एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल माना जाता है। सभी स्पेशलिटी और सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं होने के कारण बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। प्रतिवर्ष 10 लाख से अधिक की ओपीडी, 1.20 लाख इंडोर मरीज और लगभग 57 हजार लोगों का ऑपरेशन होते हैं। प्रति वर्ष नौ हजार प्रसूति होती हैं। गुजरात का सबसे पुराना बी जे मेडिकल कॉलेज भी यहीं है।

विभागों में बाल रोग, महिला, न्यूरो, पीडियाट्रिक सर्जरी, जनरल सर्जरी विभाग, ऑर्थोपेडिक शामिल हैं।किडनी -लिवर रोग व ट्रांसप्लांट के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ किडनी डिसिज एंड रिसर्च सेंटर, यूएन मेहता हार्ट हॉस्पिटल, गुजरात कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, नेत्र अस्पताल, डेंटल कॉलेज, स्पाइन इंस्टीट्यूट, टीबी हॉस्पिटल भी इसी परिसर में हैं।

### 12 फीसदी मरीज अन्य राज्यों के आते हैं

सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों में से लगभग 12 फीसदी मरीज अन्य राज्यों के हैं। इनमें ज्यादातर राजस्थान के होते हैं। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ समेत अन्य कुछ राज्यों के मरीज भी उपचार के लिए आते हैं। किडनी, कैंसर और हृदय के उपचार के लिए भी अन्य राज्यों व विदेशों से भी मरीज बड़ी संख्या में आते हैं।

### यूं है सबसे बड़ा अस्पताल

**सिविल मेडिसिटी** में फिलहाल 7400 बेड हैं। एक कैंपस में संभवत: यह संख्या सबसे अधिक है। 3200 बेड सिविल अस्पताल में ही उपलब्ध हैं। इस अस्पताल में पिछले तीन वर्षों से अंगदान जागरूकता अभियान चल रहा है। इस अवधि में अंगदान से 500 से अधिक की बचाई जान बचाई।

### 840 बेड के रैन बसेरे की भी होगी सुविधा

मरीजों को निशुल्क या पीएमजेएवाई कार्ड से सभी उपचार निशुल्क है। आगामी समय में 840 बेड का रेन बसेरा भी बनाया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से आने वाले मरीज रह सकेंगे। अस्पताल की पुरानी हो रही इमारत को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

**बड़ा दांव :** भारतीय शेयर बाजार को मिलेगा बूस्ट

# एलआइसी इक्विटी में करेगी ₹1.30 लाख करोड़ निवेश

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआइसी चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बारतीय शेयर बाजार में करीब 1.30 लाख करोड़ रुपए का नया निवेश करने की तैयारी में है।

एलआइसी के सीईओ सिद्धार्थ मोहंती ने कहा है कि कंपनी चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इक्विटी में लगभग 1.30 लाख करोड़ रुपए का नया निवेश करेगी। 2024-25 की जून तिमाही में एलआइसी ने शेयरों में लगभग 38,000 करोड़ रुपए का निवेश किया। एलआइसी ने जून तिमाही में इक्विटी में निवेश से 15,500 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया।

### ...तो भारतीय शेयर बाजारों में आएगी तेजी

**जून,** 2024 के अंत में विभिन्न कंपनियों के शेयरों में एलआइसी के निवेश का बाजार मूल्य लगभग 15 लाख करोड़ रुपए था। एलआइसी का 282 कंपनियों में निवेश है। इस दौरान एलआइसी का एयूम 16.22% बढ़कर 53.58 लाख करोड़ रुपए हो गया। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि एलआइसी इस साल 1.30 लाख करोड़ रुपए का निवेश करती है तो इससे शेयर बाजार को बड़ा बूस्ट मिलेगा और बाजारों में और तेजी आएगी।

## पब्लिक ऑफर : इस हफ्ते लॉन्च होंगे 5 आइपीओ, 2 की लिस्टिंग

**मुंबई @ पत्रिका.** भारत का आइपीओ बाजार गुलजार है। इस हफ्ते भी निवेशकों के लिए कुल 5 आइपीओ लॉन्च हो रहे हैं, जिनमें सरस्वती साड़ी डिपो का मेनबोर्ड आइपीओ है। साथ ही दो आइपीओ की लिस्टिंग भी शेयर बाजारों में होने वाली है। सरस्वती साड़ी डिपो का 160 करोड़ रुपए का आइपीओ 12 से 14 अगस्त तक खुला रहेगा। कंपनी ने शेयरों का प्राइस बैंड 152 रुपए से 160 रुपए के बीच तय किया है। वहीं एसअमई सेगमेंट में 4 आइपीओ लॉन्च हो रहे हैं, जिनमें सनलाइट रीसाइक्लिंग, पॉजिट्रॉन एनर्जी, सॉल्व प्लास्टिक और ब्राच लाइफकेयर शामिल हैं।

**हिंडनबर्ग रिपोर्ट :** सेबी ने निवेशकों को शांत रहने की सलाह दी, रिपोर्ट का डिस्क्लेमर भी पढ़ने को कहा...

# एक्सपर्ट बोले- आरोप आधारहीन, बाजार पर रिपोर्ट का नहीं होगा असर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** अमरीकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की ओर से सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर लगाए गए आरोपों के कारण शेयर बाजार पर ज्यादा असर पड़ने के आसार नहीं हैं। विश्लेषकों का मानना है कि हिंडनबर्ग के बयान महज आरोप हैं, इसलिए सोमवार को जब भारतीय शेयर बाजार खुलेंगे तो इस घटनाक्रम का बाजार पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

इस बीच सेबी ने भी बयान जारी कर निवेशकों को शांत रहने की सलाह दी है। सेबी ने कहा, निवेशकों को हिंडनबर्ग के डिस्क्लेमर पर भी ध्यान देना चाहिए, जिसमें कहा गया है कि हिंडनबर्ग रिसर्च के पास रिपोर्ट में शामिल सिक्योरिटीज में शॉर्ट पोजीशन हो सकती है, ताकि रिपोर्ट के बाद इनमें गिरावट आने पर लाभ कमाया जा सके। डिस्क्लेमर में कहा गया है कि रिपोर्ट में जिस तीसरे पक्ष की सामग्री का उल्लेख है हिंडनबर्ग इनके सही या गलत होने की गारंटी नहीं देता है और बाहरी स्रोतों से मिली जानकारी की पुष्टि नहीं करता है।

### इस दायरे में कारोबार कर सकता है बाजार






(सपोर्ट से नीचे आने पर और गिरावट संभव, रेसिस्टेंस ब्रेक करने पर दिखेगी रैली)

### हिंडनबर्ग के नए आरोप : क्या कहते हैं एक्सपर्ट...

हिंडनबर्ग की कही बातें मात्र आरोप हैं। सोमवार को बाजार के स्थिर रहने की संभावना है। कोई दहशत जैसी स्थिति नहीं होगी। हालांकि ग्लोबल संकेतों, मुनाफावसूली और ऊंचे मूल्यांकन से इस हफ्ते बाजार में उठापटक देखने को मिल सकती है। **-जी चोक्कलिंगम,** इक्विनॉमिक्स रिसर्च

हिंडनबर्ग के आरोपों में पिछले मौकों की तुलना में कम धार है। आरोप बढ़ा-चढ़ाकर लगाए गए हैं। नवीनतम आरोप ज्यादा मायने नहीं रखते और बाजार की भावना पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा। यदि निवेशकों की कोई प्रतिक्रिया हुई भी तो बाजार तुरंत उबर जाएंगे। **-यूआर भट,** अल्फानिति फिनटेक

माधवी पुरी बुच को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर बाजार में कुछ प्रतिक्रिया हो सकती है, क्योंकि ये आरोप सेबी प्रमुख के खिलाफ हैं। समस्या तब पैदा होगी जब सेबी चेयरपर्सन को इन आरोपों के कारण छुट्टी पर जाने के लिए कहा जाएगा। **-अंबरीश बलिगा,** बाजार विश्लेषक

### ये तय करेंगे चाल

- **ग्लोबल बाजार:** निगाहें अंतरराष्ट्रीय बाजारों व विदेशी निवेशकों पर रहेगी, क्योंकि कमजोरी का संकेत दिख रहा है। भारतीय बाजार भी मौजूदा स्तर बनाए रखने में जूझ सकते हैं।
- **तिमाही नतीजे:** इस हफ्ते हीरो, हिंडाल्को, एनएमडीसी, आइआरसीटीसी, एसजेवीएन, पीसी ज्वैलर जैसी कई कंपनियों के नतीजे आने वाले हैं।
- **महंगाई:** खुदरा महंगाई दर और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 12 को जारी होंगे।

पत्रिका एक्सप्लेन

**आरोपों पर सभी पक्षों की सफाई...**

## जानें हिंडनबर्ग के आरोपों पर बुच दंपती का जवाब

*मुंबई @ पत्रिका. हिंडनबर्ग ने सेबी अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि माधबी पुरी बुच की उन ऑफशोर कंपनियों में हिस्सेदारी थी, जिसका कनेक्शन अदाणी ग्रुप से था। इसकी वजह से बुच ने अदाणी ग्रुप पर लगाए गए आरोपों की निष्पक्षता से जांच नहीं की। अब सेबी अध्यक्ष और उनके पति ने हिंडनबर्ग के सभी आरोपों का जवाब दिया है।*

### हिंडनबर्ग ने क्या आरोप लगाया?

**सेबी चीफ** माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने विदेश में स्थित आइआइएफएल वेल्थ मैनेजनेंट फंड व उन कंपनियों में निवेश किया, जो अदाणी समूह की ओर से धन की हेराफेरी में इस्तेमाल किए गए थे और इसमें विनोद अदाणी ने भी निवेश किया था। हिंडनबर्ग ने कहा, इस फंड में निवेश का सोर्स 'वेतन' है और दंपती की संपत्ति एक करोड़ डॉलर आंकी गई है। सेबी चेयरपर्सन पर ब्लैकस्टोन की मदद के लिए रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट्स) में सुधारों का पक्ष लेने का आरोप लगाया।

### आइआइएफएल में निवेश पर क्या बोले

**दंपती** ने कहा, आइआइएफएल वेल्थ फंड में निवेश माधुवी पुरी बुच के सेबी का निदेशक बनने से दो साल पहले वर्ष 2015 में किया गया था। वह सेबी की निदेशक 2017 में और अध्यक्ष मार्च 2022 में बनीं। बुच ने कहा, आइआइएफएल वेल्थ मैनेजमेंट, जिसे 360-वन वैम नाम से जाना जाता था, उसके फंड में उनका निवेश सिंगापुर स्थित निजी नागरिक के रूप में किया गया था। इसलिए हिंडनबर्ग के आरोप का कोई औचित्य नहीं बनता है।

### आइआइएफएल ने क्या कहा?

**आरोपों** को खारिज करते हुए आइआइएफएल ने कहा कि आइपीई-प्लस फंड 1 में माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल का निवेश था, पर इस फंड के टेन्योर के दौरान डायरेक्ट या इनडायरेक्ट रूप से अदाणी ग्रुप के किसी भी शेयर में कोई निवेश नहीं किया। इस फंड में माधबी बुच और धवल बुच की हिस्सेदारी फंड के कुल फ्लो का 1.5% से भी कम था। फंड के ऑपरेशन या इन्वेस्टमेंट के फैसले में किसी भी निवेशक की कोई भागीदारी नहीं थी।

### वेतन व निवेश पर क्या बोले बुच दंपती?

**बुच** दंपती ने कहा, माधबी आइआइएम अहमदाबाद की छात्रा रही हैं। आइसीआइसीआइ ग्रुप सहित बैंकिंग-फाइनेंशियल सर्विस में उनका दो दशकों से अधिक का करियर रहा है। वहीं, धवल बुच आइआइटी दिल्ली के छात्र रहे हैं और उनका एचयूएल में और ग्लोबल लेवल पर यूनिलीवर में सीनियर मैनेजमेंट टीम के हिस्से के रूप में 35 साल का कॉर्पोरेट करियर रहा है। 2010 से 2019 तक धवल लंदन व सिंगापुर में रहे। माधबी 2011 से 2017 तक सिंगापुर में रहीं और काम किया। इस लंबी अवधि के दौरान, माधबी और धवल ने अपने वेतन, बोनस और स्टॉक ऑप्शन्स के माध्यम से अपनी बचत जुटाई है। बुच ने कहा, रिपोर्ट में वर्तमान सरकारी वेतन का संदर्भ देते हुए उनकी नेटवर्थ और निवेश के बारे में आरोप दुर्भावना से प्रेरित है।

### क्या बोला अदाणी ग्रुप?

**अदाणी** समूह ने इन आरोपों को दुर्भावनापूर्ण और चुनिंदा सार्वजनिक सूचनाओं से छेड़छाड़ करने वाला बताया। कंपनी ने कहा, अदाणी समूह का सेबी चीफ या उनके पति के साथ कोई वाणिज्यिक संबंध नहीं है।

### आरोपों पर ब्लैकस्टोन समूह ने क्या कहा?

हिंडनबर्ग के आरोपों को झूठ करार देते हुए दिग्गज अमरीकी प्राइवेट इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन ने कहा कि कंपनी के रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट और उसके वरिष्ठ सलाहकार धवल बुच के बीच कोई संबंध नहीं है। ब्लैकस्टोन ने कहा, साल 2019 से ही धवल की सलाहकार के रूप में नियुक्ति पब्लिक डोमेन में है। कंपनी में वे कभी भी रियल एस्टेट या कैपिटल मार्केट का हिस्सा नहीं रहे।

## भाजपा ने शुरू किया राज्य स्तरीय तिरंगा अभियान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** भाजपा का प्रदेश स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान रविवार से शुरू हो गया। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सीख देने के लिए पहले काउंटर से तिरंगा खरीदा। सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली और फिर अभियान की शुरुआत की। उनके साथ प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद रोडमल नागर, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे। ज्ञात रहे कि अभियान के तहत 13 अगस्त तक तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी।

### आज होगा महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन

**भोपाल.** प्रदेश में महिलाओं के सशक्तीकरण और सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएम डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में सोमवार को सीएम हाउस में दोपहर 12 बजे देवी अहिल्या बाई होल्कर महिला जन-प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में महिला महापौर, निकाय अध्यक्ष, सभापति एवं महिला पार्षदों की सहभागिता रहेगी।

### सम्मेलन कल

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 अगस्त को महिला उद्यमी सम्मेलन सह रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रदेश की महिला उद्यमियों से संवाद करेंगे। मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने बताया कि कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाले आयोजन में सीएम 80 से अधिक उद्योगों का लोकार्पण और 10 से अधिक उद्योगों का भूमिपूजन भी करेंगे।

## मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र उज्जैन में कांग्रेस का आंदोलन अब 16 को

**भोपाल.** मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र उज्जैन में कांग्रेस अब 16 अगस्त को आंदोलन करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा 13 को पार्टी महासचिवों, प्रभारियों एवं प्रदेश अध्यक्षों की बैठक बुलाए जाने के कारण आंदोलन टाला गया है। मालूम हो उज्जैन में 13 को ही कांग्रेस का आंदोलन प्रस्तावित था। इसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को शामिल होना था।

## सीएमओ से अभद्रता, नौ पर केस

**अमरवाड़ा.** नगर पालिका अमरवाड़ा ने लाड़ली बहना सम्मेलन और पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वार्ड छह की पार्षद दीपा सूर्यवंशी और वार्ड 4 की पार्षद संतोषी वंशकार ने उन्हें आमंत्रण न देने और कार्यक्रम में न बुलाने से आहत होकर हंगामा किया। पार्षद, उनके पति व अन्य लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सीएमओ रोशन सिंह बाथम के साथ गाली-गलौज और अभद्रता भी की। बाथम की शिकायत पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है।

### सिंधिया बोले शिवपुरी में खुलेंगी औद्योगिक इकाइयां



**शिवपुरी.** औद्योगिक क्रांति से दूर शिवपुरी में भी औद्योगिक इकाइयां लगेंगी। जिनमें लोगों को रोजगार मिलेगा। इसकी घोषणा 28 अगस्त को ग्वालियर में होने वाली इन्वेस्टर मीट में होगी। यह बात रविवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विजन डॉक्यूमेंट कार्यक्रम में कही।

**पर्सनल फाइनेंस @ पत्रिका**

**म्यूचुअल फंड्स:** फोकस्ड फंड्स का एयूम 31% बढ़कर 1.50 लाख करोड़

## अधिक जोखिम लेने वालों के लिए फोकस्ड या थीमैटिक, कौन सा बेहतर?

**मुंबई @ पत्रिका.** अधिक रिटर्न की वजह से पिछले कुछ महीनों से फोकस्ड म्यूचुअल फंड्स की तरफ निवेशक आकर्षित हुए हैं। इन फंड्स ने पिछले एक साल में 19% से लेकर 63% तक रिटर्न दिया है, जबकि इस दौरान निफ्टी करीब 26% चढ़ा है। हालांकि इन फंड्स में खरीदारी से अधिक मुनाफावसूली हुई है, जिससे इनका नेट इन्फ्लो 2024 में अब तक मार्च को छोड़कर हर महीने निगेटिव ही रहा। इसके बावजूद फोकस्ड फंड्स की कुल प्रबंधनीय संपत्ति (एयूएम) 31% बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गई है। हालांकि, अधिक जोखिम लेने वाले निवेशकों को फोकस्ड फंड्स के बजाय सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स में निवेश पर बेहतर रिटर्न मिला है। सेक्टोरल-थीमैटिक फंड्स ने एक साल में 12% से 86% तक रिटर्न दिया है। यही वजह से इन फंड्स में निवेशक सबसे अधिक निवेश कर रहे हैं। फोकस्ड और सेक्टोरल दोनों फंड्स काफी अधिक रिस्की हैं।

19% से 63% तक रिटर्न दिया फोकस्ड फंड्स ने पिछले 1 साल में

12% से 86% तक रिटर्न रहा सेक्टोरल-थीमैटिक फंड्स का पिछले एक साल में

### फोकस्ड व सेक्टोरल फंड में इस साल आया निवेश

| माह | फोकस्ड फंड | थीमैटिक फंड |
|---|---|---|
| जनवरी | -202 | 4805 |
| फरवरी | -533 | 11,263 |
| मार्च | 63 | 7,917 |
| अप्रेल | -328 | 5,166 |
| मई | -307 | 19,213 |
| जून | -286 | 22,352 |
| जुलाई | -620 | 18,386 |

(राशि करोड़ रुपए में)

### क्या होते हैं फोकस्ड फंड

**बाजार** नियामक सेबी ने फोकस्ड फंड को अधिकतम 30 शेयरों में निवेश करने की अनुमति दी है। काफी कम शेयरों में निवेश के कारण ये फंड्स काफी रिस्की होते हैं, वहीं अच्छी तरह रिसर्च किए गए केवल 30 शेयरों में निवेश करने से इनमें अधिक रिटर्न मिलने की संभावना रहती है। ये फंड किसी भी सेक्टर और किसी भी मार्केट कैप वाली कंपनी में निवेश कर सकते हैं। देशभर में अभी 31 पोकस्ड फंड स्कीम्स चल रही हैं।

### क्या हैं सेक्टोरल-थीमैटिक फंड्स

**जो** फंड किसी एक सेक्टर में निवेश करते हैं, उन्हें सेक्टोरल फंड कहा जाता है। सेक्टर फंड के तहत बैंकिंग, फार्मा, कंस्ट्रक्शन या एफएमसीजी समेत कई अन्य सेक्टरों में निवेश किया जाता है। दूसरी ओर थीमैटिक फंड वे हैं जिसमें किसी पर्टिकुलर थीम के आधार पर शेयरों में निवेश किया जाता है। ऐसे फंडों की ओर से चुनी गई थीम रूरल कंजप्शन, कमोडिटी, डिफेंस, ईएसजी, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी थीम के इर्द-गिर्द घूम सकती है।

### क्या करें निवेशक

**विशेषज्ञ** सलाह देते हैं कि नए और खुदरा निवेशकों को फोकस्ड और सेक्टोरल-थीमैटिक फंड्स में निवेश से बचना चाहिए। केवल अनुभवी निवेशकों को ही इनमें निवेश करना चाहिए। यदि आप जानते हैं कि किस खास अवधि के दौरान कौन सा सेक्टर और थीम बेहतर प्रदर्शन करेगा, तभी सेक्टोरल फंड्स में निवेश करें। पता होना चाहिए कि कब इनसे बाहर निकलना है। यह उनके लिए है जो अधिक रिस्क ले सकते हैं। फोकस्ड फंड में अच्छी कंपनियों के शेयर होते हैं, पर इनमें विविधता की कमी होती है।




## पेज 1 का शेष

### 'मार्टिन द्वीप...

इस बयान में उन्होंने कहा, मैंने इसलिए इस्तीफा दिया, ताकि देश में अमन-चैन कायम रहे। मैं नहीं चाहती थी कि हिंसा हो। कुछ लोग छात्रों के शवों पर सत्ता हासिल करना चाहते थे। मैंने पहले ही इस्तीफा देकर ऐसी नौबत नहीं आने दी।

**कुलपतियों का इस्तीफा:** ढाका में राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने रविवार को नए चीफ जस्टिस सैयद रफित अहमद को पद की शपथ दिलाई। दो सलाहकार सुप्रदीप चकमा और डॉ. बिधान रंजन रॉय ने भी शपथ ली। वहीं देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों और नई अंतरिम सरकार के सत्ता संभालने के बाद अलग-अलग विश्वविद्यालयों के कुलपति इस्तीफा दे रहे हैं। कोमिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. ए.एफ.एम. अब्दुल मोइन ने भी रविवार को इस्तीफा दे दिया। वहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मीडिया संस्थानों को चेतावनी दी है कि झूठे या भ्रामक समाचार प्रकाशित किए तो उन्हें बंद कर दिया जाएगा।

### बुच दंपति...

बुच दंपति ने कहा कि 2019 से ब्लैकस्टोन में वरिष्ठ सलाहकार धवल निजी इक्विटी फर्म के रियल एस्टेट पक्ष से नहीं जुड़े हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट जारी करने के तुरंत बाद बुच ने आरोपों को निराधार बताया था। वहीं अदाणी समूह ने भी हिंडनबर्ग के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। समूह ने रविवार को जारी बयान में कहा कि आरोप दुर्भावनापूर्ण, शरारती और निराधार हैं। हिंडेनबर्ग ने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कुछ चुने हुए तथ्यों को अपने ढंग से प्रस्तुत करने की चालाकी की है। रिपोर्ट में जिन व्यक्तियों का नाम दिया गया, उनसे उसका कोई कारोबारी संबंध नहीं है। अदाणी समूह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में भी ये आरोप खारिज किए जा चुके हैं। समूह ने दोहराया कि आरोप हमारी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की जान-बूझकर की गई कोशिश है। वेल्थ मैनेजमेंट फर्म आइआइएफएल ने भी हिंडनबर्ग के आरोपों को खारिज कर दिया है। आइआइएफएल ने कहा कि सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति का अदाणी फर्मों में किसी तरह का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष निवेश नहीं है। हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि माधबी बुच और उनके पति की कथित अदाणी फंड हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल अस्पष्ट ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी।

### 48 फीसदी...

बढ़ते हुए राजनीतिक-साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के क्या कारण हैं?
राजनीतिक - 44%
सांस्कृतिक असहमति - 26%
आर्थिक विषमता - 30%
सोशल मीडिया का जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?
सकारात्मक प्रभाव - 49%
सकारात्मक-नकारात्मक - 37%
नकारात्मक प्रभाव - 13%
उपयोग नहीं करते - 1%
स्टार्टअप इकोसिस्टम की क्या स्थिति है?
बहुत अच्छा - 18%
अच्छा - 46%
मध्यम - 23%
कमजोर - 13%
अगले 10 सालों में आपके जीवन के लक्ष्य क्या हैं?
कामयाब कॅरियर - 37%
संतुलित जीवन - 19%
समाज में योगदान - 37%
स्पष्ट नहीं है - 7%
देश के लिए अगले दशक में क्या बड़ी चुनौतियां?
पर्यावरणीय चुनौतियां - 43%
आर्थिक चुनौतियां - 27%
सामाजिक चुनौतियां - 30%

### देश में...

वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की सीढियों तक पानी पहुंच गया। इसके कारण धाम के गंगा द्वार समेत तीन दरवाजों से प्रवेश बंद कर दिया गया। बिहार में गंगा नदी उफान पर है। गंडक नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, मंडला, पचमढ़ी सहित कई स्थानों पर बारिश हुई। भोपाल में भी हल्की बौछारें पड़ीं।

**इन राज्यों में बारिश का दौर जारी:** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, नई दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, मेघालय, असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा।

## सूबे के 10 जिले एचआइवी से ज्यादा प्रभावित, यहां चलेगा सघन जागरूकता अभियान



**भोपाल.** प्रदेश के 10 जिलों में बढ़ रहे एचआइवी पॉजिटिव के मामलों को देखते हुए सघन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसमें भोपाल, बड़वानी, खरगोन, धार, सतना, श्योपुर, जबलपुर, ग्वालियर, शिवपुरी और रतलाम में अभियान का विशेष फोकस रहेगा। मध्यप्रदेश में अभी लगभग 51 हजार एचआइवी पॉजिटिव हैं। इनमें से आधे इन दस जिलों में ही हैं। हर साल लगभग 2400 नए पॉजिटिव भी मिल रहे हैं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल इंडिया फाइट्स एचआईवी एंड एसटीआइ अभियान का प्रदेश में सोमवार को राजधानी में शुभारंभ करेंगे। अभियान प्रदेश में चलाया जाएगा, लेकिन ज्यादा प्रभावित दस जिलों में विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान का मकसद 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग के युवाओं के बीच एचआइवी-एड्स की जागरूकता बढ़ाना है, ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहें।

### एनजीओ और एनएसएस का रहेगा सहयोग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के स्टाफ तथा एनजीओ, एनएसएस आदि के सहयोग से ग्राम सभाओं में तथा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवसों के दौरान जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

**ईपीएफओ :** मानक संचालन प्रक्रिया लागू, निकासी-ट्रांसफर से पहले अब सत्यापन की कड़ी प्रक्रिया से गुजरना होगा

# निष्क्रिय ईपीएफ खातों से पैसे निकालने-ट्रांसफर के नियम हुए और सख्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली .** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने निष्क्रिय पीएफ खातों से अनधिकृत रकम की निकासी पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम लागू किए हैं। नए नियमों के तहत डिएक्टिवेट खातों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एओपी) में संशोधन किया गया है, जिसमें सख्त सत्यापन का अनुपालन शामिल है। ईपीएफओ ने पीएफ खातों को दो वर्गों में वर्गीकृत किया है। पहला, कम लेन-देन वाले खाते और दूसरा, निष्क्रिय खाते। दोनों खातों में किसी भी निकासी या ट्रांसफर से पहले अब ईपीएफ सदस्यों को सत्यापन की सख्त प्रक्रिया से गुजरना होगा।

कम लेन-देन वाले और निष्क्रिय खातों में किसी भी निकासी या ट्रांसफर से पहले अब सत्यापन की कड़ी प्रक्रिया से गुजरना होगा।




### नई सत्यापन प्रक्रिया

**नए** एसओपी के तहत निष्क्रिय खाते को सक्रिय करने के लिए कड़ी सत्यापन प्रक्रिया शुरू की गई है। इस प्रक्रिया में डिजिटल और भौतिक रेकॉर्ड का सत्यापन शामिल है। इसके अलावा इस कार्य के लिए नियोक्ता की पुष्टि भी आवश्यक होगी। पहले निष्क्रिय रहे अकाउंट से किए गए दावों को अतिरिक्त जांच का सामना करना पड़ेगा। ये बदलाव कर्मचारी के पीएफ खाते की सुरक्षा बढ़ाने और उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए किए गए हैं।

### यूएएन अनिवार्य

**नए** नियमों के तहत सभी निष्क्रिय खातों के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन सदस्यों के निष्क्रिय खाते यूएएन से जुड़े नहीं हैं, उन्हें बायोमेट्रिक सत्यापन और फोटो खिंचवाने के लिए ईपीएफओ कार्यालयों या विशेष शिविरों में जाना होगा। इस प्रक्रिया का उद्देश्य दावेदारों की पहचान की पुष्टि करना और धोखाधड़ी को रोकना है।

### सदस्यों को केवाइसी अपडेट करना होगा

**कम लेन-देन** वाले खाते वे माने जाएंगे जिनमें एक तय अवधि ब्याज को छोड़कर कोई जमा या निकासी नहीं हुई है। नियमों के मुताबिक, जिन ईपीएफ अकाउंट में यूएएन पहले से जुड़ा हुआ है, लेकिन सही केवाइसी जानकारी नहीं है, उन सदस्यों को केवाइसी अपडेट कराना होगा। सब्सक्राइबर यह काम अपने नियोक्ता के माध्यम से करा सकते हैं या सीधे ईपीएफओ कार्यालय जाकर केवाइसी अपडेट करा सकते हैं। यूएएन बनाना और केवाइसी को अपडेट की प्रक्रिया अब ईपीएफ खाते में उपलब्ध राशि पर निर्भर करेगी, जिसमें खाते के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से मंजूरी आवश्यक होगी।

### सदस्य की मृत्यु होने पर

**जिन** ईपीएफ सब्सक्राइबर्स की मृत्यु हो चुकी है, उनके नॉमिनी पीएफ खाते में जमा राशि के लिए क्लेम कर सकते हैं। ऐसे मामलों में फील्ड ऑफिस यूएएन बनाकर केवाइसी पूरी करेंगे। नॉमिनी का बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा। यदि ई-नामांकन किया गया है तो नॉमिनी पीएफ खाते में पड़ी राशि के लिए ऑनलाइन क्लेम कर सकते हैं।

**पेरिस ओलंपिक में बादशाहत :** अमरीका ने तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और लगातार चौथे ओलंपिक खेलों में टॉप पर जगह बनाई, चीन कड़ी टक्कर देने के बाद भी दूसरे स्थान पर ही रहा

# महिला बास्केटबॉल टीम ने गोल्ड जीतकर अमरीका को पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पेरिस.** अमरीका की महिला बास्केटबॉल टीम ने पेरिस ओलंपिक खेलों के आखिरी दिन रविवार को मेजबान फ्रांस को 67-66 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। टीम ने दबदबा कायम रखा और लगातार आठवां ओलंपिक गोल्ड हासिल किया। इस गोल्ड मेडल के साथ अमरीका ने चीन का पदक तालिका में शीर्ष पर आने का सपना भी तोड़ दिया। दोनों देशों के 40-40 गोल्ड हैं, लेकिन कुल पदकों में अमरीका बाजी मार ले गया। यदि महिला बास्केटबॉल टीम हार जाती तो उसे 39 गोल्ड के साथ दूसरे स्थान पर रहना पड़ता।

**दबदबा कायम**

- **126** पदक कुल अमरीका ने पेरिस में जीते
- **40** स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर
- **04** पिछले ओलंपिक से अमरीका टॉप पर
- **19** बार कुल अमरीका तालिका में शीर्ष पर रहा



**बादशाहत कायम :** अमरीका की महिला बास्केटबॉल टीम ने रविवार को फ्रांस को हराकर रेकॉर्ड 8वीं बार गोल्ड जीता।

**तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**अमरीका** ने कुल पदकों के लिहाज से ओलंपिक इतिहास का अपना तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और लगातार छठी बार शतकों का सैकड़ा लगाया।

***टोक्यो से बेहतर:*** अमरीका ने टोक्यो ओलंपिक 2020 से बेहतर प्रदर्शन किया। टोक्यो में अमरीका ने 39 गोल्ड के साथ कुल 113 पदक जीते थे।




**चीन का सपना टूटा**

## 40 गोल्ड के साथ दूसरे पायदान पर

**चीन** ने अमरीका को टक्कर दी पर उसका 16 साल बाद पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का सपना टूट गया। चीन के शहर बीजिंग ने 2008 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की थी और 48 गोल्ड के साथ कुल 100 पदक जीतकर पहली बार तालिका में शीर्ष पर रहा था। इसके बाद चीन कभी तालिका में शीर्ष पर नहीं पहुंचा। बीजिंग ओलंपिक में अमरीका 36 गोल्ड सहित 112 पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहा था।

**100** पदक पेरिस ओलंपिक में जीतने वाला अमरीका एकमात्र देश, **14 गोल्ड जीते एथलेटिक्स में**

**ओलंपिक पदक तालिका**

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमरीका | 40 | 44 | 42 | 126 |
| 2. | चीन | 40 | 27 | 24 | 91 |
| 3. | जापान | 20 | 12 | 13 | 45 |
| 4. | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 19 | 16 | 53 |
| 5. | फ्रांस | 16 | 26 | 22 | 64 |
| 71 | भारत | 00 | 01 | 05 | 06 |

*तालिका रविवार रात तक की है*

**71** वें स्थान पर रहा भारत 06 पदक जीत कर, **01 गोल्ड के साथ पाकिस्तान 62वें पर**

**08** स्वर्ण पदक चीन ने पेरिस में **सबसे अधिक डाइविंग की स्पर्धाओं में जीते**

**आज का पोल**

**क्या भारतीय एथलीट पेरिस में 10 से ज्यादा पदक जीत सकते थे?**

YES NO

हमारे **ट्विटर/फेसबुक पेज पर** जाएं **और विस्तार से अपनी** राय **रखें। @PatrikaNews**

**रविवार का जवाब**

हां **45%** नहीं **55%**

***पिछला सवाल:*** क्या पेरिस ओलंपिक में मिलने वाले पदकों की क्वालिटी खराब है?

**टेनिस**

### नंबर-1 जेनिक सिनर को मात देकर अंतिम-4 में रुबलेव

**मॉन्ट्रियल @ पत्रिका.** रूस के आंद्रे रुबलेव ने शनिवार रात वर्षा बाधित मुकाबले में नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में विश्व नंबर-एक और गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया जेनिक सिनर को 6-3, 1-6, 6-2 से हराया। अब 26 वर्षीय रूसी खिलाड़ी का सामना अंतिम-4 मैच में माटेओ अर्नाल्डी से होगा।

**द हंड्रेड क्रिकेट**

### पोलार्ड ने राशिद की गेंद पर जड़े लगातार पांच छक्के

**साउथम्पटन @ पत्रिका.** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड ने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के लिए खेलते हुए ट्रेंट रॉकेट्स के गेंदबाज राशिद खान की गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाए। प्लेयर ऑफ द मैच बने पोलार्ड ने 23 गेंदों पर 45 रन की आतिशी पारी खेलकर सदर्न ब्रेव को एक गेंद शेष रहते दो विकेट से मैच जीत दिला दी। ट्रेंट रॉकेट्स की टीम ने 126 रन का स्कोर बनाया था।

**पेरिस ओलंपिक :** मेजबान फ्रांस के पुरुष तैराक का रहा दबदबा, कुल पांच पदक जीते

# लियोन के नाम सर्वाधिक 04 गोल्ड, महिलाओं में टॉरी हुस्क सबसे आगे




*पेरिस @ पत्रिका. पेरिस ओलंपिक खेलों का समापन रविवार को हो गया। इस दौरान कई रेकॉर्ड बने, कई टूटे और कई एथलीटों ने चमक भी बिखेरी। इस दौरान मेजबान फ्रांस के 22 वर्षीय तैराक लियोन मर्चेंड सबसे बड़े हीरो बनकर उभरे और उन्होंने सर्वाधिक 04 गोल्ड हासिल किए। वहीं, महिला एथलीटों में अमरीका की 21 वर्षीय टॉरी हुस्क ने चमक बिखेरीं और तीन स्वर्ण के साथ कुल पांच पदक जीते। खास बात यह है कि सर्वाधिक पदक जीतने वाले ये सभी तैराक हैं। वैसे एक ओलंपिक में सर्वाधिक आठ पदक जीतने का रेकॉर्ड अमरीका के पूर्व तैराक माइकल फेलेप्स के नाम हैं।*



**लियोन मर्चेंड,**
22 साल

- **स्पर्धा :** तैराकी
- **देश :** फ्रांस
- **05** पदक कुल जीते
- **04** गोल्ड, **01** कांस्य

टोक्यो ओलंपिक 2020 लियोन मर्चेंड के लिए बेहद निराशाजनक रहा और वो एक भी पदक नहीं जीत सके। लेकिन उन्होंने पेरिस ओलंपिक में कड़ी तैयारी के साथ जबरदस्त वापसी की और कई रेकॉर्ड संग सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीट बने।



**मौली ओकॉलघन,**
20 साल

- **स्पर्धा :** तैराकी
- **देश :** ऑस्ट्रेलिया
- **05** पदक कुल जीते
- **3** स्वर्ण, **1** रजत, **1** कांस्य

**टोक्यो** ओलंपिक में दो स्वर्ण के साथ एक कांस्य पदक जीतने वाली मौली ने अपनी फॉर्म पेरिस में भी कायम रखी। उन्होंने तीन गोल्ड जीते और टॉरी हुस्क के साथ सर्वाधिक तीन स्वर्ण जीतने वाली एथलीट बनीं। उनके नाम कुल 8 ओलंपिक पदक हैं।



**रीगन स्मिथ,**
22 साल

- **स्पर्धा :** तैराकी
- **देश :** अमरीका
- **05** पदक कुल जीते
- **2** स्वर्ण
- **3** रजत

**रीगन** स्मिथ टोक्यो ओलंपिक में कोई स्वर्ण पदक नहीं जीत सकी थीं। लेकिन उन्होंने पेरिस में दो गोल्ड के साथ तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।



**टॉरी हुस्क**
21 साल

- **स्पर्धा :** तैराकी
- **देश :** अमरीका
- **पदक :** 05
- **03 :** स्वर्ण और 02 रजत पदक

**टोक्यो** ओलंपिक में टॉरी हुस्क ने सिर्फ एक रजत पदक जीता था। लेकिन पेरिस में उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया और तीन स्वर्ण के साथ तीन रजत पदक हासिल किए। उनके नाम कुल 6 पदक हो गए हैं।

**कैली मैकओवेन,**
23 साल

- **स्पर्धा :** तैराकी
- **देश :** ऑस्ट्रेलिया
- **05** पदक कुल जीते
- **2** स्वर्ण, **1** रजत, **2** कांस्य पदक

मैकओवन ने टोक्यो ओलंपिक में तीन स्वर्ण जीते लेकिन वह पेरिस में सिर्फ दो गोल्ड ही जीत सकी। उनके नाम ओलंपिक में अब कुल पांच स्वर्ण सहित नौ पदक हो गए हैं।

**इतिहास रचा :** ब्रिटिश जोड़ी ने जीता रजत पदक

# आर्टिस्टिक तैराकी : कैटी और लेजी ने ब्रिटेन को पहला पदक दिलाया



**रजत** पदक जीतने वाली ब्रिटेन की आर्टिस्टिक जोड़ी कैटी और लेजी ।

**पेरिस @ पत्रिका.** ब्रिटेन की कैटी शॉर्टमैन और लेजी थोर्प की जोड़ी भले ही स्वर्ण पदक जीतने से चूक गई लेकिन उसने आर्टिस्टिक तैराकी में रजत पदक जीतकर भी इतिहास रच दिया। ब्रिटेन ने पहली बार इस स्पर्धा में कोई पदक हासिल किया है। कैटी और लेजी ने इस पदक के साथ अपनी मां का भी सालों पुराना सपना पूरा कर दिया। इन दोनों की मां भी सहेलियां हैं और वे दोनों बेहद कम अंतर से 1996 ओलंपिक में क्वालीफाई करने से चूक गई थीं।

**शानदार:** 2026 ओलंपिक में लांस एंजिल्स में होंगे

# ओलंपिक से क्रिकेट की ज्यादा लोकप्रियता बढ़ेगी : पोंटिंग

**मेलबर्न @ पत्रिका.** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग 2026 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने से इस खेल की लोकप्रियता काफी बढ़ेगी और इसे दर्शकों का नया वर्ग मिलेगा। पोंटिंग ने कहा, हम पिछले 15-20 सालों से क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की कोशिश कर रहे थे और आखिरकार यह हो गया। ओलंपिक पूरी दुनिया में देखा जाता है और इससे क्रिकेट को फायदा होगा।



**टी-20 क्रिकेट शामिल:** गौरतलब है कि 2026 ओलंपिक खेलों का आयोजन अमरीका के शहर लांस एंजिल्स में होगा और इसमें टी-20 क्रिकेट को पहली बार शामिल किया गया है।

**दावा जताएगा...**

### मिस्र 2036 और 2040 ओलंपिक की मेजबानी की होड़ में

**पेरिस @ पत्रिका.** मिस्र 2036 और 2040 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए दावा जताएगा। पेरिस ओलंपिक के अंतिम दिन अफ्रीकी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के संघ के प्रमुख मुस्तफा बेर्राफ ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा, मिस्र 2036 और 2040 ओलंपिक खेलों के लिए बोली लगाएगा। अब समय आ गया है जब अफ्रीकी देश भी ओलंपिक खेलों की मेजबानी करें और हम इसके लिए पूरी ताकत झोंक देंगे।

**फुटबॉल:** एफए कम्युनिटी शील्ड फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराया

# मैनचेस्टर सिटी सातवीं बार बना चैंपियन




एफए कम्युनिटी शील्ड खिताब जीतने के बाद सिटी के खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ।

**लंदन @ पत्रिका.** मैनचेस्टर सिटी ने पेनल्टी शूटआउट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 7-6 से हरा कर सातवीं बार एफए कम्युनिटी शील्ड खिताब पर कब्जा जमाया। इस ट्रॉफी के लिए एफए कप विजेता और मौजूदा प्रीमियर लीग चैंपियन टीमों के बीच मुकाबला होता है। निर्धारित समय तक यह मुकाबला 1-1 से बराबर रहा था।

**ओलंपिक //** अमरीका का प्रतिनिधित्व करते हुए 400 मीटर बाधा दौड़ और 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में बने चैंपियन

# कैरेबियाई क्रिकेटर बेंजामिन के बेटे राय ने पेरिस में जीते दो गोल्ड

*पेरिस @ पत्रिका. वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज विंस्टन बेंजामिन के बेटे राय बेंजामिन ने यहां पेरिस ओलंपिक में इतिहास रच दिया। अपने पिता की तरह क्रिकेटर ना बनकर राय ने एथलेटिक्स को चुना और पेरिस ओलंपिक में अमरीका का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीत लिया। इससे पहले राय ने अमरीका की टीम के साथ 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस का स्वर्ण पदक भी जीता। उनकी सफलता से पिता बेंजामिन खुश हैं और उन्होंने कहा कि उन्हें कोई मलाल नहीं है कि वो क्रिकेटर नहीं बना।*




**04** पदक जीत चुके हैं राय ओलंपिक में
**03** स्वर्ण पदक
**01** रजत जीता

**02** स्वर्ण पेरिस ओलंपिक में जीते

**01** स्वर्ण व एक रजत टोक्यो ओलंपिक में जीते थे

अमरीका के राय बेंजामिन 400 मीटर बाधा दौड़ जीतने के बाद जश्न मनाते हुए।

**बहुत भाग्यशाली हूं कि मेरे पिता मुझे समझते हैं**



पूर्व क्रिकेटर विंस्टन बेंजामिन बेटे राय के साथ।

मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मेरे पिता मुझे समझते हैं। मेरा परिवार मुझे समझता है कि मैं क्या चाहता हूं, उन्होंने कभी अपनी पसंद मुझ पर नहीं थोपी। वे जानते हैं कि मैं रोजाना उनसे बात नहीं कर सकता। मेरे माता-पिता जानते हैं कि सफल होने के लिए त्याग करना और अपनी प्यारी चीजों को अलग रखना कितना अहम होता है। इसी से सफलता मिलती है।

### एंटीगुआ व बारबुडा से भी खेले हैं राय

**राय** का जन्म न्यूयॉर्क में हुआ था। शुरुआत में वह एंटीगुआ और बारबुडा का प्रतिनिधित्व करते थे। लेकिन फिर वे अमरीका चले गए और वहीं से अपने एथलेटिक्स करियर को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। वहीं राय के पिता विंस्टन बेंजामिन 1986 से 1995 के बीच वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा थे। विंस्टन ने 21 टेस्ट और 85 वनडे खेले थे। इसमें उनके नाम 161 विकेट हैं।

**CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7073...**



**बाएं से दाएं...** 1. बिना काम धंधा के, बेकार, व्यवसायहीन (5), 5. व्यर्थ, फालतू (3), 7. सामान ढोने वाला (2-3), 9. आराम, चैन, सहायता (3), 11. नवीन, नूतन (2), 12. सामान्य, साधारण (2), 13. धूल, गर्द (2), 14. मौसिकी, गायकी (3), 15. पराजय, शिकस्त (2), 16. के बिना (3), 18. हमेशा, सर्वदा, आवाज (2), 19. निरन्तर, बिना रुके, लगातार (3), 20. परामर्श, राय (3), 22. सोचने वाला, विचारक (3), 23. भाग्य, किस्मत (3), 25. छुटकारा, मुक्ति (3), 26. धुन, राग (2), 28. आकाश, गगन, फलक (2), 29. पाठशाला (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. व्याकुल, बैचेन, विकल (4), 2. कक्षा, समुदाय (3), 3. कपोल, रुखसार (2), 4. प्रस्थान, गमन (4), 5. नासिका (2), 6. प्रलय, कहर, सर्वनाश (4), 8. जिंदगी, जीवन (3), 10. महाशय, महोदय (4), 12. उद्यत, तत्पर (3), 14. साधु, यति (2), 17. फायदे की सोचने वाला, भला चाहने वाला (2-3), 18. बर्दाश्त, आंगन (3), 19. बराबरी, तुल्यता (4), 20. समस्त, अखिल, कुल (3), 21. मद्य, शराब (2), 24. स्वभाव, आदत, प्रकृति, गुण (3), 27. मृत्यु का देवता (2)

**हल 7072**



**SUDOKU 6808...**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 5 | 1 | 9 | | | | 6 |
| | | | 8 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | 6 | 7 | 1 | |
| | | 7 | | 8 | 9 | | | 2 |
| 3 | | | 7 | | | | 6 | |
| | | | | 5 | 1 | | | |
| | 1 | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | 8 | | | 5 | 9 | | |

**हल 6807**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 2 | 1 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 7 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 1 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 | 3 | 4 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**केदारनाथ धाम** यहां नंदी की पीठ की आकृति-पिंड के रूप में पूजे जाते हैं शिव शंकर

# भगवान शिव ने पांडवों को कुरुक्षेत्र युद्ध के पापों से किया था मुक्त

**ज्योतिर्लिंग यात्रा... 08**

**केदारनाथ@पत्रिका.** उत्तराखंड के चमोली जिले में भगवान शिव को समर्पित 200 से ज्यादा मंदिर हैं। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण केदारनाथ हैं। समुद्र तल से 3584 मीटर की ऊंचाई पर मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित केदारनाथ मंदिर उत्तराखंड में चार धाम और पंच केदार का एक हिस्सा है और देश में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अनुसार पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि कुरुक्षेत्र युद्ध में कौरवों पर विजय प्राप्त करने के बाद पांडवों ने अपने ही सगे-संबंधियों की हत्या के पाप का प्रायश्चित करने के लिए भगवान शिव से आशीर्वाद मांगा। भगवान शिव ने नंदी (बैल) का रूप धारण करके पांडवों से बचने की कोशिश की, लेकिन अंततः केदारनाथ में पांडवों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद भगवान शिव धरती में समा गए और नंदी के रूप में केवल उनका कूबड़ ही सतह पर रह गया। माना जाता है कि मंदिर उसी स्थान पर बना है, जहां भगवान शिव धरती में समाए थे। बताया जाता है कि यहीं पर भगवान शिव ने दर्शन देकर पांडवों को पाप से मुक्त कर दिया।



भगवान शंकर नंदी की पीठ की आकृति-पिंड के रूप में केदारनाथ में पूजे जाते हैं। शिव के शेष भाग चार अन्य स्थानों पर प्रकट हुए और उन्हें उनके अवतार के रूप में पूजा जाता है। भुजाएं तुंगनाथ में, चेहरा रुद्रनाथ में, पेट मदमहेश्वर में और सिर के साथ जटाएं कल्पेश्वर में प्रकट हुईं। केदारनाथ व उपरोक्त चार मंदिरों को पंच केदार माना जाता है।

**साल में केवल 6 महीने खुलता है मंदिर**

**मंदिर** आमतौर पर कार्तिक (अक्टूबर-नवंबर) के पहले दिन बंद हो जाता है और हर साल वैशाख (अप्रेल-मई) में फिर से खुलता है।

**आदि शंकराचार्य ने करवाया मंदिर निर्माण**

मंदिर बर्फ से ढकी चोटियों से घिरे एक विस्तृत पठार के बीच में स्थित है। हिंदू परंपरा में, ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव ज्योतिर्लिंगम या ब्रह्मांडीय प्रकाश के रूप में प्रकट हुए थे। ऐसे 12 ज्योतिर्लिंग में केदारनाथ उनमें सबसे ऊंचा है। इसका निर्माण जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने एक हजार साल पहले करवाया था। सभा भवन की भीतरी दीवारों को पौराणिक कथाओं के दृश्यों से सजाया गया है। द्वार के बाहर नंदी की एक बड़ी मूर्ति पहरेदार के रूप में खड़ी है। मंदिर बहुत बड़े, भारी और समान रूप से कटे भूरे पत्थरों से बना है। पूजा के लिए गर्भगृह और तीर्थयात्रियों के एकत्र होने के लिए उपयुक्त मंडप है। मंदिर में शंक्वाकार चट्टान है, जिसमें भगवान शिव को उनके सदाशिव रूप में पूजा जाता है।

## तिरंगा रैली: जवानों के मजबूत हाथों में दिखी देश की शान



**जैसलमेर.** तिरंगा रैली निकालते बीएसएफ के जवान। सरहद पर इन दिनों सुरक्षा घेरे को अधिक मजबूत कर दिया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो।

## क्यों इतना खास छोटा-सा सेंट मार्टिन द्वीप?

**पत्रिका एक्सप्लेन**

*बंगाल की खाड़ी में मात्र 3 वर्ग किलोमीटर में फैला बांग्लादेश का सेंट मार्टिन द्वीप शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के साथ ही चर्चा का विषय बन गया है। हसीना ने संकेत दिया है कि यदि उन्होंने सेंट मार्टिन अमरीका को दे दिया होता तो वे सत्ता में बनी रह सकती थीं। क्या है सेंट मार्टिन द्वीप से जुड़ा विवाद और क्यों है अमरीका की इस पर नजर।*

**क्या है द्वीप से जुड़ा विवाद?** वर्ष 1971 में बांग्लादेश के अस्तित्व में आने के बाद से सेंट मार्टिन द्वीप बांग्लादेश की राजनीति पर हावी रहा है। पिछले साल जून में शेख हसीना ने आरोप लगाया था कि अमरीका सेंट मार्टिन द्वीप पर कब्जा करके सैन्य अड्डा बनाना चाहता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर विपक्षी बीएनपी सत्ता में आती है तो वह द्वीप को अमरीका को बेच देगी। अमरीका ने इसका खंडन किया।




**खाड़ी में कहां स्थित है यह द्वीप**

**बंगाल** की खाड़ी के उत्तरपूर्व में म्यांमार के पास बांग्लादेश के सबसे दक्षिणी प्रायद्वीप कॉक्स बाजार-टेकनाफ के सिरे से लगभग नौ किमी दक्षिण में स्थित यह बांग्लादेश का एकमात्र प्रवाल द्वीप है। नारियल के पेड़ों की बहुतायत से 'नारिकेल जिंजीरा' भी इसे कहते हैं। क्षेत्रफल केवल तीन वर्ग किमी है और इसमें लगभग 3,700 निवासी रहते हैं। मुख्य काम मछली पकड़ने, चावल की खेती, नारियल की खेती और समुद्री शैवाल की कटाई हैं। सभी सामान म्यांमार को निर्यात होता है।

**अमरीका को होगा क्या फायदा?**

**छोटे** आकार के बावजूद सेंट मार्टिन में सैन्य अड्डा बनाने का सबसे बड़ा लाभ होगा कि अमरीका की मलक्का जलडमरूमध्य पर मजबूत रणनीतिक उपस्थिति बन जाएगी, जिसका उपयोग चीनी मुख्य रूप से अपने परिवहन के लिए करते हैं। यह द्वीप बांग्लादेश में कॉक्स बाजार बंदरगाह के लिए भी एक बाधा बन जाएगा जिसे चीन बना रहा है। अमरीका द्वीप को एक निगरानी चौकी में बदल सकता है, जिससे चीन, म्यांमार सहित भारत की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सकती है।

**म्यांमार भी करता है अपना दावा?**

**समुद्री** कानून के लिए अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने सेंट मार्टिन को बांग्लादेश का हिस्सा माना है, लेकिन म्यांमार इसे अपना क्षेत्र मानता है। वर्ष 2018 में म्यांमार ने सेंट मार्टिन द्वीप को अपने आधिकारिक मानचित्र में शामिल किया था। ऐतराज के बाद म्यांमार की तत्कालीन सरकार ने इसे हटा दिया था, लेकिन तख्तापलट कर आई सैन्य सरकार द्वीप की ओर जाने वाले जहाजों पर गोलीबारी करती है। बांग्लादेशी नौसेना को द्वीप के निकट अपने जहाज तैनात करने पर मजबूर होना पड़ा है।

**पत्रिका पोल**

Q बलात्कार के दोषियों को क्या केवल फांसी की सजा का प्रावधान होना चाहिए?

**कल का सवाल था**

क्या स्कूलों में 'गुड मॉर्निंग' की जगह 'जय हिंद' बोलने से देशभक्ति की भावना बढ़ सकती है?

जवाब: 69% हां — 31% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया@ शॉर्ट रीड

**बिहार | नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत**

**आरा@पत्रिका.** बिहार में भोजपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मझौवां हवाई अड्डा मैदान के समीप नदी में डूबने से अंकुश पांडेय, अतुल शुक्ला और शुभम कुमार की मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

**वायनाड | लावारिसों के अस्थि कलश होंगे विसर्जित**

**नई दिल्ली@पत्रिका.** केरल के वायनाड में प्राकृतिक आपदा में मारे गए अज्ञात लोगों के अस्थि कलशों को 28 सितंबर को हरिद्वार में मां गंगा को समर्पित किया जाएगा। श्री देवोत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल नरेन्द्र ने रविवार को कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली से केरल भेजा जाएगा, जो राज्य सरकार से वार्ता कर अस्थि कलशों को दिल्ली लाएगा। इसके बाद अस्थि कलशों को हरिद्वार में विसर्जित करेंगे।

**महाराष्ट्र | अवैध रूप से रह रहे 5 बांग्लादेशी पकड़े**

**मुंबई@ पत्रिका.** महाराष्ट्र में नवी मुंबई टाउनशिप में अवैध रूप से रहने के आरोप में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। सूचना के आधार पर पुलिस की मानव तस्करी विरोधी सेल ने कोपरखैर ने इलाके की आवासीय इमारत पर छापा मारा। पूछताछ के दौरान पता चला कि सभी फर्जी दस्तावेजों से भारत में दाखिल हुए थे।

## वर्ल्ड@ शॉर्ट रीड

**कनाडा | बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए किया प्रदर्शन**




**टोरंटो.** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए विरोध प्रदर्शन करता हुआ कनाडा का हिंदू समुदाय।

**कनाडा | सोशल मीडिया की लगी लत, मुकदमा**

**मॉन्ट्रियल @पत्रिका.** कनाडा के एक 24 वर्षीय व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक, यूट्यूब, रेडिट, इंस्टाग्राम और फेसबुक के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि इन प्लेटफॉर्म को इस्तेमाल करने की उसे लत लग गई क्योंकि सोशल मीडिया लोगों की मनोवैज्ञानिक कमजोरियों का फायदा उठाकर डिजाइन किए गए हैं।

**फिलीपींस | विवादित जल क्षेत्र में चीनी घुसपैठ**

**मनीला@पत्रिका.** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने दक्षिण चीन सागर के जलक्षेत्र में चीनी वायुसेना की घुसपैठ को 'अनुचित, अवैध और लापरवाहीपूर्ण' बताया। स्कारबोरो शोल के आसपास के क्षेत्र को दोनों देश अपना बताते हैं। चीन पर अक्सर इस तरह के आरोप लगते हैं, वर्ष 2022 में मार्कोस के पदभार संभालने के बाद यह पहली घटना है।

**तुर्की | सरकार ने इंस्टाग्राम को किया अनब्लॉक**

**इस्तांबुल@पत्रिका.** तुर्की ने नौ दिनों तक लाखों यूजर को इंस्टाग्राम तक पहुंच से वंचित रखने के बाद शनिवार देर रात को इसे अनब्लॉक कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बिना कोई कारण बताए 2 अगस्त की सुबह से ब्लॉक कर दिया गया था। सरकार ने कहा कि इंस्टाग्राम के प्रतिनिधि हमारी मांगे मानने के लिए तैयार हो गए हैं।

**अमरीकी चुनाव:** हताश ट्रंप बोले, हैरिस जहां से आईं - उनको वहीं भेजो

# सर्वेक्षणों में ट्रंप पर अजेय बढ़त बनाने की ओर भारतवंशी कमला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वॉशिंगटन.** भारतवंशी कमला हैरिस के अमरीका के राष्ट्रपति चुनाव में एंट्री के 21 दिनों में बाजी पूरी तरह से पलटती दिख रही है। कमला के उम्मीदवार बनने के पहले सभी सर्वेक्षण बता रहे थे कि अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन रिपब्लिकन उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रंप से 2024 के प्रेसिडेंशियल मुकाबले में टिक नहीं पाएंगे। लेकिन तीन सप्ताह बाद ही तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है। सभी संकेतक यही बता रहे हैं कि कमला हैरिस पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप से अजेय बढ़त बना चुकी हैं। सर्वेक्षण ही नहीं, सट्टा बाजार भी अब मान चुका है कि 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस की जीत तय है।

इतना ही नहीं, सर्वेक्षण का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि कमला की एंट्री के बाद अमरीका का मतदाता भी अब उत्साहित नजर आ रहा है, जो कि बाइडन-ट्रंप की टक्कर के बीच निराश महसूस कर रहा था। इसका परिणाम यह है कि ऐसे लोगों की संख्या 7 फीसदी से ज्यादा है जो राष्ट्रपति पद की दौड़ में कमला के आने के बाद अब मतदान करने के इच्छुक हैं। वहीं, ट्रंप खेमे में हताशा बढ़ रही है और यह ट्रंप के बयानों में झलक रही है। ट्रंप अब कमला पर रेसिस्ट हमले कर रहे हैं।




**अभियान** के दौरान रविवार को लास वेगास में एक रैली को संबोधित करने पहुंचीं हैरिस।

**पूरे देश के सर्वे में भी कमला आगे:** 50% कमला हैरिस, 48% डॉनल्ड ट्रंप (स्रोत: इप्सोस का नवीनतम सर्वे)

**'ट्रंप लोकतंत्र के लिए खतरा, जीते तो रक्तपात'**

**अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन** ने वाइट हाउस की दौड़ से बाहर होने के बाद अपने पहले टीवी साक्षात्कार में तीन कारण बताए हैं, जिनके कारण उनको राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटना पड़ा। **पहला-** नैंसी पेलोसी समेत वरिष्ठ डेमोक्रेट उनसे दौड़ से हटने के लिए कह रहे थे और इसके कारण चुनावी कैंपेन में नकारात्मकता आ रही थी। **दूसरा-** रिपब्लिकन उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रम्प अमरीका के लोकतंत्र के लिए, सुरक्षा के लिए खतरा हैं। हमारा लक्ष्य ट्रंप को हराना है। मेरे लिए सबसे अहम लोकतंत्र बचाना है, मेरी कुर्सी नहीं। **तीसरा-** मेरा परिवार भी मेरे दौड़ से हटने पर खुश हुआ। बाइडन ने यह भी कहा कि ट्रंप के जीतने पर देश में रक्तपात होने की आशंका है।

**मतदाता में उत्साह:** इप्सोस के सर्वे के अनुसार हैरिस के दौड़ में आने से मतदाताओं में मतदान करने की इच्छा बढ़ी। जून 2024 में जहां 62% मतदाता मतदान करने के इच्छुक थे, वहीं अगस्त 2024 में 69% ने मतदान की इच्छा जताई।

**रिपब्लिकन खेमे में बौखलाहट, ट्रंप गाली-गलौज पर उतरे**

**कमला हैरिस** की बढ़त के चलते अब पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की हताशा बढ़ती जा रही है। हैरानी नहीं कि ट्रंप अब हैरिस पर सीधे निजी और अभद्र हमले कर रहे हैं। मोंटाना की रैली में ट्रंप ने कमला हैरिस को निशाने पर लेते हुए कहा कि उसको वहीं फेंक देना चाहिए, यह जहां से आई है।

**समुद्र में बढ़ेगी ताकत**

## परमाणु मिसाइलों से लैस की जाएगी आइएनएस अरिघात

**नई दिल्ली.** हिन्द महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक गतिविधियों के बीच भारत अब परमाणु ऊर्जा से चलने वाली अपनी दूसरी पनडुब्बी आइएनएस अरिघात को परमाणु मिसाइलों से लैस करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बताया जा रहा है कि एक दो माह में आइएनएस अरिघात को नौसेना में शामिल कर लिया जाएगा। पारंपरिक हथियारों से लैस परमाणु ऊर्जा से चलने वाली दो हमलावर पनडुब्बियों के निर्माण की परियोजना को भी अंतिम मंजूरी मिलने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार छह हजार टन वजनी आइएनएस का निर्माण वाईजेग में किया गया है।

**यूनान:** संसद भवन तक आ पहुंचा जंगल की आग का धुआं



**एथेंस.** यूनान की राजधानी में रविवार को संसद भवन के ऊपर जंगल की आग का धुआं। आग राजधानी से 35 किमी दूर एक गांव तक पहुंच गई थी, हेलिकॉप्टरों व विमानों की मदद से 250 से अधिक अग्निशामकों ने दोपहर 3 बजे आग पर काबू पाया। शाम होते-होते राजधानी के कुछ हिस्सों पर भूरे रंग के धुएं का घना बादल छा गया।

**गहराता जा रहा यूक्रेन संकट**

## रूस ने रातभर किए कीव पर हमले, यूक्रेनी हमले भी जारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कीव.** पिछले कुछ दिनों से यूक्रेनी सेना रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में अपनी सैन्य घुसपैठ करने में सफल रही है। यहां से यूक्रेनी लड़ाकों को खदेड़ना रूस के लिए चुनौती बना हुआ है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कुर्स्क क्षेत्र में युद्ध को बढ़ाने के लिए चल रही सैन्य कार्रवाइयों को अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार किया है।

इस बीच देर रात के बाद रूस ने कीव पर 57 बैलिस्टिक ड्रोन और 4 मिसाइल हमले किए। जिसमें चार साल के बच्चे समेत दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई। वहीं, रूस इलाके कुर्स्क के गवर्नर ने कहा कि रूसी वायु रक्षा द्वारा मार गिराई गई कई यूक्रेनी मिसाइलों में से एक रिहायशी इमारत पर गिरी। इसमें 13 लोग घायल हो गए। वहीं, जेलेंस्की ने कहा है कि रूस ने हमले में उत्तर कोरियाई मिसाइल दागी हैं।

**छठे दिन भी रूसी इलाकों पर हमले**

**यूक्रेन** का रूस पर आक्रमण छठे दिन भी जारी रहा। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि कुर्स्क, वोरोनिश, बेलगोरोड, ब्रांस्क और ओर्योल क्षेत्रों में रात भर में 35 ड्रोन मार गिराए गए। यूक्रेन ने रविवार को रूस के अंदर हुए ड्रोन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## ट्रेंडिंग न्यूज



**अराक्ची अब ईरान के नए विदेश मंत्री**

**इजरायल** और ईरान में तनाव के बीच ईरान में अब्बास अराक्ची को ईरान के नए विदेश मंत्री के रूप में नॉमिनेट किया गया। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने रविवार को संसद को इस नियुक्ति के बारे में बताया।

**नेपाल पहुंचे भारत के विदेश सचिव**

**भारत** के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचे। नेपाली विदेश मंत्रालय के निमंत्रण पर काठमांडू पहुंचे मिस्री का स्वागत काठमांडू में नेपाली विदेश सचिव सेवा लामसाल ने विदेश सचिव ने किया।



**यूक्रेन पहुंचे भारत के डिप्टी एनएसए**

**पीएम** नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा से करीब दो सप्ताह पहले भारत के डिप्टी एनएसए पवन कपूर ने रविवार को कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के कार्यालय प्रमुख एंड्री यरमक से मुलाकात की है।



# जब पृथ्वी से होती है रात विदा, आती है सुबह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** नासा ने अर्थ-टर्मिनेटर यानी दिन और रात को अलग करने वाली महीन रेखा का एक बहुत आकर्षक चित्र साझा किया है। प्रशांत महासागर से 267 मील ऊपर परिक्रमा कर रहे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) से ली गई यह तस्वीर उस अद्भुत क्षण की है जब हमारी पृथ्वी पर रात बीतती है और नया दिन उगता है। टर्मिनेटर को देखने के लिए आइएसएस बहुत सुविधानजनक स्थान है क्योंकि यह 24 घंटे में पृथ्वी की 16 परिक्रमाएं पूरी करता है।



**क्या है टर्मिनेटर या गोधूली क्षेत्र...**

**टर्मिनेटर,** ट्वाइलाइट जोन या गोधूलि क्षेत्र वह गतिशील रेखा है जो किसी ग्रहीय पिंड के दिन के उजाले वाले हिस्से और रात के अंधेरे वाले हिस्से को विभाजित करती है। अर्थ-टर्मिनेटर हमारी पृथ्वी के लिए दिन और रात को अलग करने वाली एक बारीक गतिशील रेखा है। यह पृथ्वी के घूमने और सूर्य के सापेक्ष इसकी स्थिति से बनती है। उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के पास के क्षेत्रों को छोड़कर यह पृथ्वी के अधिकांश स्थानों से दिन में दो बार गुजरती है, एक बार सूर्योदय के समय और एक बार सूर्यास्त के समय। क्षितिज पर चमकती इस पतली रेखा में वायुमंडल का नीला रंग सूर्योदय के सुनहरे रंगों से मिलता है।

**मौसम पर कैसे पड़ता है असर**

**पृथ्वी** की धुरी 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इस झुकाव से मौसम में भी बदलाव होता है। विषुव (मार्च और सितंबर) के दौरान, पृथ्वी की धुरी अपनी कक्षा के लंबवत होती है और टर्मिनेटर सीधा होता है यानी उत्तरी व दक्षिणी, दोनों गोलार्ध को समान सूर्य का प्रकाश मिलता है, यह हल्के तापमान की स्थिति होती है। संक्रांति (जून और दिसंबर) में पृथ्वी का झुकाव सबसे अधिक होता है और टर्मिनेटर घुमावदार होता है, एक गोलार्ध को दूसरे से अधिक दिन का प्रकाश मिलता है, जिससे सबसे लंबे और सबसे छोटे दिन बनते हैं।

# करोड़ों साल पहले एशिया में पैदा हुए कोबरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वॉशिंगटन.** अब तक माना जाता था कि कोबरा, मांबा और कोरल स्नेक जैसे जहरीले सांपों की उत्पत्ति अफ्रीका में हुई थी, क्योंकि तंजानिया में इनकी प्रजाति का 3.39 करोड़ साल पुराना जीवाश्म मिला था। नए शोध ने इस धारणा को पलटते हुए बताया है कि इन सांपों की सुपर फैमिली 'एलापोइडिया' की उत्पत्ति एशिया में हुई थी।

अमरीकी प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय के वैज्ञानिकों के रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस जर्नल में छपे शोध में बताया गया कि



एलापोइडिया के सबसे पुराने वंशज करीब 4.59 करोड़ साल पहले एशिया में पैदा हुए थे। एशिया में जीवाश्म इसलिए नहीं मिले क्योंकि यहां का मौसम उष्णकटिबंधीय है। करीब 3.75 करोड़ साल पहले कोबरा, मांबा और कोरल स्नेक के पूर्वज एशिया से अफ्रीका चले गए। वहां पहुंचकर इनके वंशजों ने दुनिया में फैलना शुरू किया।

**कोलुब्रोइडिया भी एलापोइडिया की संबंधी**

**शोध** में कोबरा, मांबा और कोरल स्नेक के साथ सांपों की दूसरी प्रजातियों के डीएनए का विश्लेषण किया गया। वैज्ञानिकों ने जीवाश्मों का भी अध्ययन किया। शोध के मुख्य लेखक जेफरी वीनेल ने बताया कि एशियाई सांपों की सुपर फैमिली 'कोलुब्रोइडिया' भी एलापोइडिया की ही दूर की एक रिश्तेदार है। सांपों की दोनों प्रजातियां दक्षिण अफ्रीका चली गई थीं। बाद में वहां से लौटकर एशिया में यह अलग-अलग इलाकों में विकसित हुईं।

**3,128 जगह से जुटाए 65 के डीएनए**

**शोध** के लिए दुनियाभर के 3,128 अलग-अलग स्थानों से जहरीले सांपों की 65 प्रजातियों का डीएनए एकत्र किया गया। इस विशाल डेटाबेस से वैज्ञानिकों ने यह समझने की कोशिश की कि यह प्रजातियां एक-दूसरे से किस तरह संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर में जहरीले सांपों की 700 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं। यह अंटार्कटिका को छोड़कर हर महाद्वीप पर रहती हैं।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''